RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 259
फरीदाबाद, शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए  YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




प्रियंका चोपड़ा जोनास को मिली हॉलीवुड की फिल्म में भूमिका

फिल्मी-10

## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 44,644,423 |
| मौतें | 1,176,101 |
| ठीक | 30,115,447 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 80,70,191 |
| मौतें | 120,899 |
| ठीक | 73,47,090 |

स्रोत: www.covid19india.org

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.03°C
न्यूनतम 20.08°C

## क्विक न्यूज

**आज के मैच**
IPL राजस्थान रॉयल्स vs किंग्स इलेवन पंजाब

### कोलकाता नाइट राइडर्स के पांच विकेट पर 172 रन



**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 172 रन बनाए। नाइट राइडर्स की ओर से नितीश राणा ने 87 रन की पारी खेली। सुपरकिंग्स की तरफ से लुंगी एनगिडी ने दो विकेट चटकाए।

● विस्तृत खबर पेज-9

### असम का जेईई टॉपर और पिता गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** सितंबर में हुई जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन्स में असम के टॉपर नील नक्षत्र दास और उनके पिता डॉ. ज्योतिर्मय दास को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इन पर फर्जी कैंडिडेट बैठाकर टेस्ट दिलवाने का आरोप है। आरोपी नक्षत्र ने जेईई मेन्स में 99.8 फीसद नंबर लाकर असम में टॉप किया था। इस मामले में टेस्टिंग सेंटर के 3 कर्मचारियों- हेमेंद्र नाथ शर्मा, प्रांजल कलिता और हिरुलाल पाठक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में शामिल कुछ और लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है। पुलिस का कहना है कि यह सिर्फ एक कैंडिडेट का केस नहीं, बल्कि बड़ा घोटाला हो सकता है।

### नीस में हमलावर ने महिला का सिर कलम किया

**पेरिस।** फ्रांस में 15 दिन में दूसरी बार आतंकी हमला हुआ। नीस शहर में हमलावर ने एक महिला का सिर कलम कर दिया और चर्च के बाहर 2 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। नीस के मेयर क्रिस्टियन एट्रोसी ने इसे आतंकवादी घटना कहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 75 लाख की प्रतिबंधित तंबाकू संग हरियाणा के दो गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 75 लाख रुपये से अधिक कीमत के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं और एक वाहन से तंबाकू उत्पाद लेकर जा रहे थे। राज्य सरकार ने 2018 में गुटखे की बिक्री को गैर-जमानती अपराध बना दिया था और इसकी सजा भी छह महीने से बढ़ाकर तीन साल कर दी थी।

### तस्वीर साफ : प्रथम चरण में 55.69 फीसदी मतदान

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 55.69 फीसदी मतदान हुआ। यह जानकारी बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग ने दी। बिहार में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और कोविड-19 के दिशानिर्देशों के तहत पहले चरण में 71 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुए। 2015 के विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत अधिक है। 2015 में इन विधानसभा क्षेत्रों में 54.94 फीसदी मतदान हुआ था।

उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को सुप्रीम कोर्ट से राहत, सीबीआई जांच पर रोक

# बिना पक्षकार को सुने ऐसे कैसे आदेश दे दिया : कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश देने संबंधी नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी। यह मामला रावत के मुख्यमंत्री बनने से पहले का है। दो पत्रकारों ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2016 में झारखंड के 'गो सेवा आयोग' के अध्यक्ष पद पर एक व्यक्ति की नियुक्ति का समर्थन करने के लिए रावत के रिश्तेदारों के खातों में धन अंतरित किया गया था। उस वक्त त्रिवेंद्र सिंह भाजपा के झारखंड प्रभारी थे।



### नैनीताल हाईकोर्ट ने कहा था मामले की हो सीबीआई जांच

नैनीताल हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ आरोपों की प्रकृति पर विचार करते हुए सच को सामने लाना उचित होगा। यह राज्य के हित में होगा कि संदेह दूर हो। इसलिए मामले की जांच सीबीआई करे। हाईकोर्ट ने यह फैसला दो पत्रकारों-उमेश शर्मा और शिव प्रसाद सेमवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनाया था। इन याचिकाओं में पत्रकारों ने इस साल जुलाई में अपने खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया था।

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री को सुने बगैर ही हाईकोर्ट द्वारा इस तरह का सख्त आदेश देने से सब चकित रह गए क्योंकि पत्रकारों की याचिका में रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध भी नहीं किया गया था। रावत की ओर से अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा सुनवाई के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री का पक्ष सुने बगैर प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती और इस तरह का आदेश निर्वाचित सरकार को अस्थिर करेगा। वेणुगोपाल ने पीठ से कहा कि एक निर्वाचित सरकार को इस तरह से अस्थिर नहीं जा सकता। सवाल यह है कि पक्षकार को सुने बगैर ही क्या स्वत: ही इस तरह का आदेश दिया जा सकता है।

# गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल नहीं रहे

एजेंसी। अहमदाबाद



**दो बार सीएम बने, लेकिन टर्म पूरा नहीं कर सके**

**गुजरात** के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का 92 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। अहमदाबाद के स्टर्लिंग अस्पताल के डॉ. अक्षय किलेदार ने बताया कि हार्ट अटैक के बाद उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। सुबह 11.55 पर उनका निधन हो गया।

केशुभाई को कुछ समय पहले कोरोना भी हुआ था, लेकिन रिकवर हो गए थे। वे दो बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे। 30 सितंबर को ही सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के दोबारा अध्यक्ष चुने गए थे। केशुभाई तख्तापलट के चलते दोनों बार मुख्यमंत्री का टर्म पूरा नहीं कर पाए। 2001 में उनकी जगह नरेंद्र मोदी ने सीएम पद की शपथ ली। मोदी उन्हें अपना राजनीतिक गुरु भी मानते हैं। प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने कहा भी था कि सूबे की असल कमान केशुभाई के हाथ में ही है।

● संबंधित खबर पेज-9

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को किया सूचित

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लाए अध्यादेश

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए अध्यादेश लाई है और इसे जारी कर दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने इस अध्यादेश के बारे में जानकारी दी। पीठ ने इस पर कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वजह से हो रहे वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाए जाने के मामले में कोई निर्देश देने से पहले वह अध्यादेश देखना चाहेगी। पीठ ने कहा कि हम कोई आदेश पारित करने से पहले अध्यादेश पर गौर करना चाहेंगे। याचिकाकर्ता इसे देखना चाहेंगे। अगले शुक्रवार को इसे सूचीबद्ध किया जाए।

न्यायालय ने 26 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारक पराली जलाए जाने की रोकथाम के लिए पड़ोसी राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों की निगरानी के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति नियुक्त करने का अपना 16 अक्टूबर का आदेश सोमवार को निलंबित कर दिया था। न्यायालय ने 16 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की तेजी से बिगड़ रही स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) की एक सदस्यीय समिति नियुक्त की थी, जिसे पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की रोकथाम के लिए उठाये गए कदमों की निगरानी करनी थी।

न्यायालय ने उस दिन केंद्र, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की आपत्तियों को दरकिनार कर दिया था। न्यायालय ने पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण और दिल्ली तथा संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को लोकुर समिति का सहयोग देने का निर्देश दिया था ताकि वह स्वयं पराली जलाए जाने वाले खेतों में जाकर वस्तुस्थिति का जायजा ले सकें। इस समिति को शुरू में हर पखवाड़े अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपने का आदेश दिया गया था।



**सूचीबद्ध कर कोर्ट को दिखाया जाएगा**

**सॉलिसीटर जनरल तुषार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी जानकारी**

### लोगों का सांस लेना हो रहा है दूभर

दिल्ली एनसीआर में पिछले एक सप्ताह से हवा इतनी जहरीली हो गई है कि लोगों का सांस लेना दूभर हो चला है। उच्चतम न्यायालय को ऐसा बताया गया था कि पराली जलाए जाने के कारण हवा जहरीली हो रही है। इसे लेकर गठित समिति जो भी जांच कर रही हो लेकिन दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, सोनीपत, गाजियाबाद इत्यादि में इन दिनों हवा में स्मोग काफी हावी है।

### खाद्यान्न की पैकिंग जूट के बैग में करना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। जावड़ेकर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा इथेनॉल की खरीद के लिए तंत्र को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जूट सामग्री में अनिवार्य पैकेजिंग के लिए मानदंडों के विस्तार को मंजूरी दी है। ऐसा जूट के बैग को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि अब खाद्यान्न की 100 फीसदी और चीनी की 20 फीसदी पैकिंग जूट के बैग में होगी। इन बैगों की कीमतों का निर्धारण समिति करेगी।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए अध्यादेश के जरिए नया कानून लागू

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गहराती समस्या के बीच केंद्र ने अध्यादेश के जरिए नया कानून लागू किया है। इसके तहत विभिन्न अधिकारों से लैस एक निकाय का गठन होगा और प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पांच साल तक जेल की सजा या एक करोड़ का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी अध्यादेश के तहत पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण को भंग किया गया है और इसके स्थान पर 20 से ज्यादा सदस्यों वाले एक आयोग का गठन किया है। इसमें कहा गया, अध्यादेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इससे जुड़े क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग अध्यादेश 2020 कहा जा सकता है।

### एमएसपी प्रणाली खत्म होने पर राजनीति छोड़ दूंगा : मुख्यमंत्री खट्टर

**सोनीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि नए कृषि कानूनों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खत्म होने की बात कर कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। बड़ौदा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी रहेगा और इन कानूनों से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे। इस क्षेत्र में तीन नवंबर को उपचुनाव होने हैं। खट्टर ने विभिन्न गांवों में कई जनसभाओं को संबोधित किया और किसानों के कल्याण के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को भी रेखांकित किया। खट्टर ने कहा कि कांग्रेस किसानों को यह कहकर गुमराह कर रही है कि नए कानून उन्हें बर्बाद कर देंगे।

# निकिता के हत्यारों को चौराहे पर फांसी देनी चाहिए : बाबा रामदेव

एजेंसी। हरिद्वार

**बल्लभगढ़** में लव जिहाद में बी-कॉम की छात्रा निकिता तोमर की हत्या को लेकर इंसाफ की मांग और मजबूत हो गई है। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि फरीदाबाद की बेटी निकिता के हत्यारों को चौराहे पर सरेआम फांसी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की हत्याएं बेहद शर्मनाक और दरिंदगी की पराकाष्ठा है। देश में कठोर कानून बनना चाहिए, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी मां-बेटी की तरफ आंख उठाने की हिम्मत नहीं कर सकें।

भूपतवाला स्थित हरिहर कन्हैया कृपा धाम आश्रम के लोकार्पण समारोह में पहुंचे बाबा रामदेव ने कहा कि इस तरह की घटनाओं के विरोध में मौलवी, मौलानाओं और जिम्मेदार लोगों को आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की घटना शर्मनाक और भारत माता के माथे पर कलंक है।



उधर, गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने निकिता को बलिदानी और बहादुर बताया है, वहीं करणी सेना के भी कई पदाधिकारी निकिता के घरवालों से मिलने उनका दुख बांटने उनके घर पहुंचे। इस दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने कहा कि निकिता तोमर ने अपने धर्म को बचाने के लिए जो बलिदान दिया है, कुर्बानी दी है ये कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। इस परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए अपना धर्म बचाने के लिए मेरे जैसे 20-21 शहीद भी हो जाएं तो फिक्र की कोई बात नहीं है। आज के बाद हिंदुस्तान में लव जिहाद नहीं होगा। हम खून का बदला खून से लेंगे।

**रनौत ने बहादुरी पुरस्कार की मांग की**

**अम्मू ने खून के बदले खून की बात कही**

# मुंगेर में बवाल: रचना नई डीएम, एमएस ढिल्लों नए एसपी

एजेंसी। मुंगेर

**बिहार** के मुंगेर में बवाल के बाद चुनाव आयोग ने जिला कलेक्टर राजेश मीणा और पुलिस अधीक्षक लिपि सिंह को हटा दिया था। अब यहां नए डीएम और एसपी की तैनाती कर दी गई है। रचना सिंह को मुंगेर का नया डीएम और मानवजीत सिंह ढिल्लों को नया एसपी नियुक्त किया गया है।

बता दें कि रचना पाटिल अभी तक पटना में सहकारिता विभाग में सहयोग समितियों के निबंधक पद पर सेवा दे रही थीं। इस संबंध में जारी एक अधिसूचना के मुताबिक उन्हें मुंगेर का जिला दंडाधिकारी भी नियुक्त किया गया है। पाटिल अगले आदेश तक बंदोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। बता दें कि बिहार के मुंगेर जिले में सोमवार रात देवी दुर्गा की मूर्ति विसर्जन को लेकर झड़प हो गई थी। इस दौरान कथित तौर पर हुई पुलिस गोलीबारी में एक युवक की मौत को लेकर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित शहर में अन्य स्थानों पर तोड़फोड़ की गई और वाहनों को आग लगा दी गई थी।

● विस्तृत खबर पेज-9



### मथुरा में पीएफआई सदस्यों की जमानत पर सुनवाई चार को

**मथुरा।** हाथरस जनपद में बीते माह दलित युवती के साथ कथित गैंगरेप एवं बाद में उसकी मौत के बाद हिंसा फैलाने की साजिश के आरोप में पकड़े गए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के चार सदस्यों में से दो सदस्यों की जमानत के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दशम) की अदालत में लगाई गई अर्जी पर सुनवाई चार नवंबर को होगी। उसी दिन दोनों की जमानत का फैसला होगा।

## प्याज के बीज के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गुरुवार को प्याज के बीज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि यह यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

बता दें कि देश में प्याज की कीमतें आसमान छू रही हैं और विपक्षी दल इसे लेकर केंद्र सरकार पर लगातार हमलावर हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्याज के निर्यात पर भारत सरकार पहले ही प्रतिबंध लगा चुकी है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार रात को कहा था कि प्याज की बढ़ती महंगाई से ग्राहकों को निजात दिलाने के लिए सरकार एक लाख टन का बफर स्टॉक जारी करने के साथ अलग-अलग कदम उठा रही है। तोमर ने कहा था कि प्याज के दाम बढ़ने का मामला सरकार के संज्ञान में है। हमने समय से पहले ही देश से प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी है, जबकि इसके आयात के रास्ते खोल दिए गए हैं।

### विश्व पाकिस्तान की भूमिका के बारे में सच्चाई जानता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरा विश्व आतंकवाद का समर्थन करने में पाकिस्तान की भूमिका के बारे में सच्चाई को जानता है। भारत-अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान और सीमा पार आतंक का जिक्र किए जाने पर पाक की आपत्ति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि जो देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, अधिकतम आतंकियों को पनाह देता है।

## बगैर एनओसी रजिस्ट्री करने पर दो तहसीलदार निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार के प्रयासों के बावजूद तहसीलों में बगैर एनओसी के रजिस्ट्री किए जाने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हरियाणा सरकार ने एनओसी के बगैर रजिस्ट्री करने वाले गुरुग्राम जिला के दो तहसीलदारों को निलंबित किया है। लॉकडाउन के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जिसके चलते सरकार द्वारा करीब एक माह तक रजिस्ट्रियों पर रोक लगाते हुए सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया था। वर्तमान में भी सरकार तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार के खेल को समाप्त करने के लिए कई योजनाएं बनाने में जुटी हुई है।

इस बीच हरियाणा नगर एवं आयोजना विभाग से एनओसी लिए बगैर रजिस्ट्री करने वाले दो तहसीलदारों पर गाज गिरी है। विभाग ने दोनों तहसीलदारों को सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजीव कौशल ने दोनों तहसीलदारों को निलंबित करने के आदेश जारी किया है। हरियाणा राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की तरफ से जारी आदेशों को मुताबिक धारा-7ए की उल्लंघन के मामले में गुरुग्राम के तहसीलदार जिवेंद्र और वजीराबाद तहसील के तहसीलदार मनीष कुमार को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया है।

# पंजाब में रेल रोको आंदोलन छह नवंबर तक बढ़ा

एजेंसी। चंडीगढ़/फिरोजपुर

**किसान** मजदूर संघर्ष कमेटी ने रेल रोको आंदोलन छह नवंबर तक बढ़ा दिया है। कमेटी की गुरुवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री कैप्टन की ओर से विधानसभा में पेश प्रस्ताव को रद्द करने का फैसला लिया है। साथ ही पांच नवंबर को भारत बंद को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने दी।

पंधेर ने कहा कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की ओर से विधानसभा में पेश किए प्रस्ताव को नहीं कमेटी नहीं मानती है। ये प्रस्ताव केंद्र सरकार के कृषि कानून को रद्द नहीं करता बल्कि पंजाब के किसानों के उलट है। कृषि कानून को रद्द करने के लिए आंदोलन कई साल चल सकता है, इसके लिए पंजाब के किसानों को कमर कस लेनी चाहिए।

पंधेर ने कहा कि पंजाब में ब्लैकआउट की बात कह कर किसानों के आंदोलन को बदनाम किया जा रहा है, जबकि मालगाड़ियां केंद्र ने रुकवाई हैं। किसानों ने मालगाड़ियां के लिए रेल ट्रैक से धरना उठाया है। अब कैप्टन सरकार को ट्रेनें चलाने की क्लीयरेंस देनी चाहिए। कैप्टन सरकार किसानों के साथ क्या कर रही है, ये बातें पंजाब के बच्चे-बच्चे तक पहुंचाई जाएगी। विधानसभा में कैप्टन ने प्रस्ताव कृषि कानूनों को रद्द करने को नहीं बल्कि लागू करने के लिए पेश किया है। पंजाब में जो भी घटना घट रही है, उसका जिम्मेदार किसानों को ठहराया जा रहा है लेकिन किसान अपना आंदोलन प्रभावित होने नहीं देंगे।



रेलवे लाइन पर प्रदर्शन करते किसान। ● फाइल फोटो।

**पांच नवंबर को भारत बंद को सफल बनाने पर विचार-विमर्श होगा**

**पंजाब सीएम की ओर से विस में पेश प्रस्ताव को नहीं मानती कमेटी**

**पंजाब में ब्लैक आउट की बात कर बदनाम किया जा रहा आंदोलन**

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## डर और लापरवाही का त्याग कर दे सकते हैं कोरोना को मात : डॉ. दुआ

कोरोना एक वायरस है, ऐसे में वह हमें कैसे हरा सकता है। कोरोना हमारी लापरवाही के कारण ही फैलता जा रहा है। यदि हर व्यक्ति अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का पालन करें तो कोरोना वायरस की चेन जल्दी ही टूट जाएगी और यह खत्म हो जाएगा। इसलिए हमें कोरोना का डर और लापरवाही का त्याग कर देना चाहिए। यदि हम एहतियात बरतते हुए अपने जरूरी काम करेंगे तो वायरस से बचे रहेंगे। यह कहना है कि क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पीटल के डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट, न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी डॉ. विक्रम दुआ का। ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. विक्रम दुआ की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| नाम | : डॉ. विक्रम दुआ |
| जन्म | : 31 अक्टूबर |
| पिता | : श्याम सुंदर दुआ |
| माता | : सावित्री दुआ |
| पत्नी | : डॉ. सीमा मनुजा |
| परिवार | : बेटे समन्वय व बिहान |
| स्कूल | :12 वी,डीएवी कॉलेज, जालंधर |
| उच्चशिक्षा | :एमबीबीएस,एमएस, एमसीएच |
| रूचि | : रीडिंग व म्युजिक सुनना |

**सवाल : आपने डाक्टर का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**

**जवाब :** मेरा रूझान सेना की तरफ ज्यादा था। किसी कारणवश एनडीए की परीक्षा नहीं दे पाया। माता-पिता टीचर हैं, इसलिए पढ़ाई में काफी अच्छा था तो मेडिकल में दाखिला ले लिया। परीक्षाएं पास करता रहा और आगे बढ़ता गया।

**सवाल : पढ़ाई के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** मैं फुटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस और अन्य खेलों में हिस्सा लेता था। मैं कॉलेज की क्रिकेट टीम में भी शामिल था।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 2001 में दिल्ली के जीबी पंत मेडिकल कॉलेज से एमसीएच करने के बाद अनुभव लेने के लिए वहीं करीब एक साल काम किया। वर्ष 2002 में मैंने एस्कॉर्टस अस्पताल, फरीदाबाद ज्वाइन कर लिया। इसके साथ ही मैंने बतरा अस्पताल में दो साल और मैक्स सिटी अस्पताल में एक साल काम किया था। वर्ष 2017 में मैंने एस्कॉर्टस फोर्टिज छोड़कर क्यूआरजी हेल्थ सिटी हॉस्पीटल ज्वाइन कर लिया।

**सवाल : न्यूरो एंड स्पाइन में किस तरह की सर्जरी की जाती है।**

**जवाब :** इसमें नसों, दिमाग और स्पाइन की बेहद बारीक सर्जरी की जाती है। दुर्घटना के दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने, ब्रेन हैमब्रेज, ब्रेन ट्यूमर और अन्य कई तरह के गंभीर ऑपरेशन किए जाते हैं।

**सवाल : क्या आपने किसी ऐसे मरीज का ऑपरेशन किया है, जिसके बचने की उम्मीद न हो।**

**जवाब :** वैसे तो हमने काफी गंभीर मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उनकी जान बचाई है। दुर्घटना में सिर की गंभीर चोट के कई ऐसे मरीज आते हैं, जिनके बचने की उम्मीद कम होती है, लेकिन हम उन्हें बचाने का हर सम्भव प्रयास करते हैं। ठीक होने पर मरीज काफी सम्मान और खुशी देते हैं।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने मरीजों का कैसे इलाज किया।**

**जवाब :** शुरूआत में मरीज अस्पताल आने से काफी डर रहे थे। ऐसे में पुराने मरीजों का वीडियो कंसल्टेंसी के माध्यम से इलाज कर रहे थे। नए मरीजों को अस्पताल बुलाना पड़ता था।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने कैसे जरूरतमंदों की मदद की।**

**जवाब :** हमने रोटरी क्लब के साथ मिलकर जरूरतमंदों की हरसम्भव मदद की। उस दौरान हमने अपने निजी स्टाफ को पूरा वेतन दिया और अन्य कई तरह से मदद की।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** कोरोना सिर्फ हमारी लापरवाही की वजह से ही फैल रहा है। यदि सभी एक जुट होकर मिलकर प्रयास करें तो यह जल्दी ही खत्म हो जाएगा। मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन करते हुए हमें अपने जरूरी काम करने होंगे।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** अपने लिए नहीं तो कम से कम अपने परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करें।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** उस दो महीने के दौरान हमने कोरोना से निपटने की जो तैयारी की है, उसी वजह से आज सभी सुरक्षित हैं।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 31.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सर्व समाज का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके में कोरोना जांच और सामान्य रोग ओपीडी: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

### फंड कंपनी की सुविधाएं

**हममें** से अधिकांश ही, खुद के निवेश के प्रबंधन के ख्याल मात्र से ही घबरा जाते हैं। व्यवसायिक फंड प्रबंधक कंपनी के साथ ये सुविधा है कि वे शिक्षा, अनुभव और कौशल के आधार पर विविध क्रियाओं को अंजाम देने के उचित व्यक्तियों को कार्यभार सौंपा देते है। एक निवेशक की हैसियत से, आप खुद अपनी पूंजी निवेश कर सकते हैं या किसी व्यावसायिक फर्म की मदद ले सकते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### 31 को भी खुलेंगे कराधान विभाग के कार्यालय

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के निर्णय के तहत छूट के साथ संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि होने के कारण फरीदाबाद नगर निगम के तीनों जोनों के कराधान विभाग के कार्यालय 31 अक्टूबर को खुले रहेंगे। निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि सभी संयुक्त आयुक्तों, सभी क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारियों को अपने-अपने जोनों में संपत्ति कर लेने के लिए समुचित संख्या में कैश काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे करदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने करदाताओं से यह भी अपील की है कि करदाता कोविड-19 के दृष्टिगत अपना संपत्ति कर ऑनलाईन जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन संपत्ति कर जमा करने के लिए करदाता इस लिंक https://online.ulb-haryana.gov.in/eforms/PropertyTax.aspx पर जाकर आवश्यक कॉलम को भरें।

**क्विक न्यूज**

### वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी अजय निवासी कैलाश नगर, पलवल, हाल पता धीरज नगर थाना पल्ला फरीदाबाद को सुत्रों से एतमातपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अजय नशे का आदी है। क्राईम ब्रांच 85 ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से थाना पल्ला के एक मुकदमे में एक मोटरसाईकिल व थाना एनआईटी के एक मुकदमे मे एक आटो बरामद किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया है।

# नगर निगम का जादू : सील इमारतों में निर्माण कार्य जारी

सिटी इश्यू



राजेश दास। फरीदाबाद

**नगर** निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण नियोजित तरीके से बसाए गए फरीदाबाद शहर की हालत दिन पर दिन नारकीय होती जा रही है। शहर में निगम अधिकारियों की मिलभगत से होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण के कारण आम लोगों को हर रोज मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। अदालत का आदेश या सरकार के पास शिकायत पहुंचने के बाद ही नगर निगम की तरफ अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। वह भी सिर्फ दिखावे के लिए ही होती है।

नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते की तरफ अवैध निर्माणों को तोड़ने की बजाए मालिकों को अभयदान देने के लिए सील किया जाता है। सीलिंग के कुछ दिनों बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से सील खुल जाती है। जिसके बाद फिर धड़ल्ले के साथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाता है। हाल ही में निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने एनएच पांच स्थित एक अवैध निर्माण के तीन पिलर तोड़ कर सील किया था। पर्दे की आड़ में फिलहाल इस इमारत का निर्माण कार्य पूरा हो चुकी है। इस तरह के सैंकड़ों उदाहरण शहर में मौजूद हैं।

### कई बार हुई सील

**नगर** निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से शहर में सील भवनों में निर्माण कार्य करने की यह कोई पहली घटना नहीं हैं। नगर निगम द्वारा शिकायत के बाद दर्जनों निर्माणाधीन इमारतों को सील किया जा चुका है, लेकिन संबंधित आला अधिकारी के तबादले अथवा कुछ दिन गुजरने के बाद जादुई तरीके से इमारतों की सील खुल जाती है। एनएच तीन के ई-ब्लॉक में मस्जिद के पास स्थित एक इमारत को निर्माण के दौरान नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कई बार सील किया जा चुका है। तत्कालीन नगर निगम की संयुक्त आयुक्त आशिमा सांगवान ने रिहायशी जमीन पर बनाए जा रही इस व्यवसायिक इमारत को सील किया था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही सील खोल कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। जिसके बाद तत्कालीन निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन के आदेश पर ही इस इमारत को सील किया गया था। लेकिन इस बार भी वहीं स्थिति रही। जिसका नतीजा यह है कि यह इमारत अब करीब करीब पूरी बन कर तैयार हो चुकी है। इसे लेकर शहर के सामाजिक कार्यकर्ता निगम से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन निगम अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।

### जादुई तरीके से निर्माण

**नगर** निगम के पूर्व सलाहकार कृष्णलाल गेरा ने कुछ साल पहले शहर में धड़ल्ले के साथ हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ पंजाब एवं हरियाण हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नगर निगम को एनआईटी क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों को तोड़ने के आदेश दिए थे। इन आदेशों पर कार्रवाई करने के नाम पर नगर निगम की तरफ से सिर्फ खानापूर्ति कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया गया था। जिसे देखते हुए कृष्णलाल गेरा ने हाईकोर्ट में अवमानना का मामला दायर किया था। जिसके बाद नगर निगम ने पिछले दिनों दिखावटी तोड़फोड़ अभियान शुरू किया था। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने पिछले दिनों अन्य कई अवैध निर्माणों के साथ एनएच पांच में गुरूद्वारा गुजरात ट्रेड के पास स्थित एक तीन मंजिला इमारत के तीन पिलर तोड़कर इसे सील कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद निगम ने उस तरफ कभी झांकने का प्रयास तक नहीं किया। ऐसे में प्लॉट मालिक ने इमारत के चारों तरफ पर्दे लगाकर फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस भवन का निर्माण फिलहाल करीब करीब पूरा हो चुका है।

### आयुक्त से शिकायत



**आरटीआई** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि निगम अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण ही सील खोल का इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने निगमायुक्त को सील खोलने के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ईमेल के माध्यम से शिकायत की है।

### सरकार को नुकसान



**नगर** निगम के पूर्व सलाहकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णलाल गेरा का कहना है कि उन्होंने अवैध निर्माणों को लेकर विभाग को नोटिस जारी किया है। साथ ही पूरे तत्थों के से हाईकोर्ट याचिका नंबर 13508 दायर की है। जिस पर आगामी 2 फरवरी को सुनवाई होनी है।

### राजस्व का नुकसान

**कांग्रेस** शासनकाल के दौरान सरकार ने रिहायशी जमीन पर बने व्यवसायिक इमारतों को नियमित करने के लिए पॉलिसी लागू की थी। लेकिन इस पॉलिसी के खिलाफ निगम के पूर्व सलाहकार कृष्णलाल गेरा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार की इस पॉलिसी को रद्द कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद शहर भर में रिहायशी प्लॉट पर अवैध रूप से व्यवसायिक इमारतों को निर्माण धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। बिना सीएलयू और कॉमर्शियल इमारत का नक्शा करवाए बिना इमारते बनाई जा रही है। जिससे नगर निगम को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। वहीं नगर निगम की इस लापरवाही के कारण शहर के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिहायशी प्लॉट का व्यवसायिक इस्तेमाल किए जाने की वजह से इनमें आने वाले लोग वाहनों को सड़क पर खड़ा करते हैं। जिसकी वजह से शहरभर में जाम लगने की समस्या उत्पन्न होती है। वहीं इससे लोगों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं में कटौती हो रही है।



फोटो: राजेश पुंजानी

# जटिल ऑपरेशन कर दिया मासूम बच्चे को नया जीवन

## खेलने के दौरान बच्चे ने निगला दादा की दिल की दवाई का रैपर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कहीं** आप भी तो अपने छोटे बच्चे को खेलने के लिए कुछ ऐसी चीज नहीं दे रहे, जो उसके गले में फंसकर उसकी जान खतरे में डाल दे। अगर ऐसा है, तो सावधान हो जाइये क्योंकि कुछ ऐसा ही एक साल 10 महीने के एक मासूम बच्चे अद्विक के साथ हुआ। जिसकी पीड़ा क्यूआरजी सेंट्रल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों ने दूर की है।



### यह है पूरा मामला

**सेक्टर**-77 निवासी राहुल सिंह के 1 साल 10 महीने के पुत्र अद्विक के तालू में खेलने के दौरान दवाई का रैपर फंस गया। बच्चे के मुंह से तेज सड़न आने व गले में दर्द बढ़ने पर, परिवार के लोगों ने बच्चे को शहर में कई स्थानीय चिकित्सकों को दिखाया लेकिन मूल समस्या का जल्द पता न चलने के कारण इस मासूम को मुंह के अन्दर इन्फेक्शन होने से दो महीने तक मुंह में सड़न और गले में असहनीय दर्द झेलना पड़ा। काफी दौड़-धूप के बाद आराम न मिलने पर, परिवार जन पीड़ित बच्चे को क्यूआरजी सेंटल अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में ईएनटी के विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. प्रशांत भारद्वाज के पास लेकर पहुंचे। डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने सबसे पहले बच्चे की जांच कर मूल समस्या का पता लगाया और फिर जटिल ऑपरेशन करके बच्चे के तालू से चिपके दवाई रैपर को निकाल उसे मुंह की सड़न और गले में असहनीय पीड़ा से बड़ी राहत प्रदान की।

### ऐसी थी बच्चे की हालत

**डॉ. प्रशांत** भारद्वाज ने बताया कि जब बच्चे को अस्पताल में लाया गया तो उसे सांस लेने में भी थोड़ी तकलीफ और नाक एवं गले के तालू में दर्द भी था। बच्चे के मुंह से तेज सड़न वाली बदबू आ रही थी। परिवार के लोगों से बात करने पर पता चला कि बच्चे ने शायद एक बार अपने दादा की दिल की दवाई का रैपर मुंह में ले लिया था और उसके बाद बच्चे के मुंह से खून भी निकला था। इस घटना के मद्देनज़र बच्चे का तुरंत ही सी.टी. स्कैन किया गया जिसमें बच्चे के तालू के ऊपरी हिस्से में, जिसे तकनीकी भाषा में नासोफैरिंक्स कहा जाता है, वहां कुछ सॉलिड वस्तु फंसी हुई दिखाई दी। इस भाग में कुछ फंसना और इतने वक्त से फंसा रहना कोई आम बात नहीं थी। इसे जल्द ऑपरेशन से बाहर निकालना जरूरी था।

### ऐसे निकला रैपर

**बच्चे** के माता-पिता के आग्रह से यह जटिल ऑपरेशन किया गया, जो लगभग डेढ़ घंटे चला। इस दौरान दूरबीन द्वारा बच्चे के तालू में फंसा हुआ सॉलिड वस्तु को निकाला गया। यह सॉलिड वस्तु और कुछ नहीं बल्कि बच्चे के दादा की दिल की दवाई का 5 सेंटीमीटर का एक बड़ा रैपर ही था जो बच्चे के तालू से चिपक गया था।

### बेहतर कार्य के लिए मिले सर्टिफिकेट

**फरीदाबाद।** ईएमएस ऑनलाइन कोर्स ऑन इम्प्रुविंग स्ट्रोक केयर के सर्टिफिकेट बृहस्पतिवार को 108 एम्बुलेंस कोरोना योद्धाओं को दिए गए। यह सर्टिफिकेट उन्हें बीके अस्पताल परिसर में मौजूद जिला सिविल सर्जन कार्यालय में उपलब्ध करवाये गए। सर्टीफिकेट पाने वाले 108 एम्बुलेंस सेवा के लीड मैनेजर हरकेश डागर ने बताया कि वर्ल्ड स्ट्रोक दिवस के मौके पर उन्हें और उनकी टीम के 5 ईएमटी सदस्यों को सर्टिफिकेट मिले हैं। यह सर्टिफिकेट उन्हें जिला सिविल सर्जन डॉ. रणदीप सिंह पूनिया, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश और नरेन्द्र कौर ने दिए। उन्होंने बताया कि जिला सिविल सर्जन कार्यालय में वर्ल्ड स्ट्रोक दिवस के उपलक्ष में यह सर्टिफिकेट उपलब्ध किए गए हैं। जिसमें हरकेश डागर जिला फिलिट मैनेजर, ईएमटी अनिल, ईएमटी राम कुमार, ईएमटी सुंदर, ईएमटी राजू और ईएमटी महेन्द्र को सर्टिफिकेट मिले है।

## संक्षिप्त समाचार

### मानवीय अधिकारों का संरक्षण ही सभ्य समाज की नींव: गुलिया



**फरीदाबाद।** संयुक्त राष्ट्र दिवस पखवाड़ा के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए की राजनैतिक विज्ञान विभाग, इबीएसबी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मानवीय अधिकारों के संरक्षण विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय इंदिरा गांधी पुरस्कार विजेता प्रो. रणवीर सिंह गुलिया ने छात्राओं को मानवीय अधिकारों से अवगत कराया। संपूर्ण विश्व में मानव अधिकारों का संरक्षण करने वाली संस्था संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मानवीय अधिकारों के संरक्षण से ही सभ्य समाज की कल्पना की जा सकती है। जिस समाज में मानवीय अधिकारों की पालना नहीं होगी, वहां पर शांति संभव नही है। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या रीतिका गुप्ता ने छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र दिवस की बधाई दी तथा हमेशा मानवीय अधिकारों का पालन करने एवं लोगों को उनके प्रति जागरूक करने की अपील की। राजनीतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष एवं वेबिनार आयोजक अमिता कुमारी ने इसमें शामिल होने वाले सभी स्टॉफ सदस्यों एवं मुख्य वक्ता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी है। वेबिनार का आयोजन एनएसएस इंचार्ज डा. रचना सैनी द्वारा किया गया। जिसमें अर्चना वर्मा, शलिनी खुराना सहित सभी स्टॉफ सदस्यों, एनएसएस स्वयं सेवकों एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### रविन्द्र फागना ने सात विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) ने अयाज़ क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। अयाज क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 43.3 ओवर में 10 विकेट पर 236 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए इम्तियाज सैफी ने 107 रन, ईशान अलवी ने 51 रन और राघव भाटिया ने 26 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए करन डेढा ने 4 विकेट, हर्ष फागना ने 3 विकेट, अनिक गौर ने 2 विकेट और अंनु भड़ाना ने 1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने 34.5 ओवर में 3 विकेट में 239 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अंकित फागना ने 112 रन ओर प्रबल शर्मा ने 108 रन ओर कृष्णा भड़ाना ओर रिजवान खान ने 3-3 विकेट बनाए। अयाज क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए निशांत तनवर, रिजवान सैफी और इम्तियाज सैफी ने 1-1 विकेट लिया। लाखन एंपायर (रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा अंकित फागना को मैन आफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### साढ़े चार साल से लापता बच्चे को मिला परिवार



**फरीदाबाद।** मिसिंग पर्सन सेल में तैनात एएसआई सुरेंद्र की टीम ने 4 साल 4 महीने से लापता 16 वर्षीय बच्चे को तलाश करने में कामयाबी हासिल की है। यह बच्चा 31 मई 2016 को करीब 4 साल 4 महीने पहले नंगला एनक्लेव पार्ट 2 फरीदाबाद से लापता हो गया था। परिजनों की शिकायत पर थाना सारन में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसआई सुरेंद्र की टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से 14 वर्षीय बच्चे सोनू को दीप आश्रम नजदीक माता मंदिर गुरुग्राम से बरामद किया है। उन्होंने बताया कि बच्चे के माता पिता मकान नंबर 790 नजदीक लाला जनरल स्टोर नंगला एनक्लेव पार्ट 2 में रहते हैं। एएसआई सुरेंद्र ने दी जानकारी में बताया कि बच्चे को गुरुग्राम सीडब्ल्यूसी के माध्यम से उसके परिवार वालों को सौंपा गया है।

### डीएवी में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2020


**फरीदाबाद।** डीएवी प्रबंधन संस्थान में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के दौरान हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन सभी हितधारकों को सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में भाग लेने और भ्रष्टाचार के खिलाफ सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है। 2020 में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2020 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत है। यह जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस उपलक्ष में डीएवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद ने प्रमुख निदेशक डॉ. संजीव शर्मा और रजिस्ट्रार, डॉ. रितु गांधी अरोड़ा के मार्गदर्शन में डॉ. रश्मि भार्गव (समग्र विकास विभाग) और डॉ. पारुल नेगी (अतिरिक्त पाठ्यक्रम विभाग) की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया था। जिसने विजेताओं को इनाम के रूप में काफी धन दिया। इस आयोजन के निर्णायक डॉ. मीरा वाधवा, डॉ. अंजलि आहूजा और प्रीति बाली रही। प्रथम पुरस्कार 2500 रुपये का गीतांशु वर्मा (बीबीई, 5वें सेमेस्टर) द्वारा प्राप्त किया गया। दूसरा पुरस्कार 2000 रुपये और तीसरा पुरस्कार 1500 रुपये का क्रमश: निशा कुशवाहा (एमबीए, थर्ड सेमेस्टर) और दिव्यांक जोशी (बीएस ऑनर्स, थर्ड सेमेस्टर) द्वारा एकत्र किए गए। जबकि, सांत्वना पुरस्कार 1000 रुपये का गीता रानी (एमसीए, फिफ्थ सेमेस्टर), श्वेता बघेल (बीबीई फिफ्थ सेमेस्टर) और प्रशांत कुमार (बीएससी थर्ड सेमेस्टर) को दिया गया।

### बुजुर्ग को आश्रम ने दिया सहारा



**फरीदाबाद।** बेटों द्वारा मारपीट कर घर से निकाले गए वृद्ध पिता को नवजन मोर्चा समिति (रजि) ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने सहारा देकर नेक काम किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को राह में चलने वाले तिपहिया चालक ने सूचना दी कि बीके अस्पताल के मेन गेट के पास एक वृद्ध लावारिस हालत में बैठा हुआ है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के सदस्य सत्यपाल चौहान के साथ मौके पर पहुंचे और वृद्ध को अपने साथ आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम पूरन सिंह पुत्र जागीर सिंह और उम्र 75 वर्ष बताया। उसने बताया कि उसके 3 लड़के और 1 लड़की है और लड़कों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है। किशन लाल बजाज ने वृद्ध को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उपरोक्त मुकद्दमा जो साकिर पुत्र श्री ईसमाईल निवासी गांव-हिरवाड़ी थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूंह मेवात ने हाजिर चौकी आकर अपनी बहन जाफरान व उम्र 22 वर्ष का मुकदमा न.-492 दिनांक- 21-10-2020 धारा 346 आईपीसी थाना से. 58 फरीदाबाद में दर्ज रजिस्ट्रर किया गया है अगर किसी को मिले तो पुलिस चौकी सिकरोना व थाना से.-58 फरीदाबाद को सूचित करें। **हुलिया**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, हस्ट-पुस्ट शरीर, सीधे पैर में छ: ऊंगली, कद 4 फीट 5 इंच। **पहनावा**-लाल रंग का सूट सलवार, पैरो में हवाई चप्पल पहन रखी हैं।

**एसएचओ, पीएस, सेक्टर 58- 9582200129, आई/सी पीपी सिकरोना- 9582200159, जांच अधिकारी - 8287060068,**

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार 30 अक्टूबर, 2020



# लापरवाही : पॉजिटिव मरीज मिलने पर नहीं हुआ गाइडलाइंस का पालन

कविता। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में तीन दिन से भर्ती एक मरीज पॉजिटिव आ गया। प्रबंधन ने आनन फानन में उसे ईएसआई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर करके अपना पल्ला झाड़ लिया।

वहीं इस दौरान यहां भर्ती अन्य मरीजों को एक अन्य कक्ष में शिफ्ट कर दिया, लेकिन यहां आए नए मरीजों को उस समय परेशानी हुई जब उन्हें कहा गया कि कक्ष को सेनिटाइज करने बाद उन्हें दाखिल किया जाएगा। इस दौरान न तो अपातकालीन कक्ष को गाइडलाइन



कोरोना पॉजिटिव की बात सुनकर वापस लौटती बीमार बुजुर्ग।

के मुताबिक बंद किया गया और न ही किसी तरह की रोक लगाई गई। ऐसे में कोरोना की चपेट में आने के डर से मरीज यहां से स्वयं ही लौट गए।

## दाखिल पॉजिटिव

**आजाद** नगर निवासी 48 वर्षीय एक व्यक्ति को पेट में पिछले करीब दस दिनों से दर्द था। जिस कारण वह 21 अक्टूबर से बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के चक्कर काट रहा था। तेज दर्द में वह दवा व इंजेक्शन लेकर लौट जाता था। पहले उसकी कोरोना जांच कराई तो नेगेटिव थी।

28 अक्टूबर को उसे अधिक दर्द होना शुरू हो गया। जिस पर चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए अपातकालीन कक्ष में भर्ती कर दिया। जहां उसका कोविड-19 प्रयोगशाला में आरटीपीसी जांच हुई, जिसकी रिपोर्ट बृहस्पतिवार को आई, तो वह पॉजिटिव पाया गया। इसकी सूचना स्टाफ को मिली तो आनन फानन में उन्होंने चिकित्सकों को सूचना दे दी।

## रेफर कर झाड़ा पल्ला

**अपातकालीन** कक्ष में मरीज पॉजिटिव आने की सूचना पर चिकित्सकों व कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। जिस पर एक वरिष्ठ चिकित्सक ने आकर उसके कागज तैयार किए और उसे ईएसआई के लिए रेफर कर दिया। वहां दाखिल मरीजों में भी इस सूचना के बाद हड़कंप मच गया। जिस पर उन्हें रेडजोन वाले कक्ष में शिफ्ट करके पॉजिटिव वाले रूम को सैनिटाइज करने के लिए छोड़ दिया गया।

## डर के मारे लौटे मरीज

**अपातकालीन** कक्ष में आए मरीजों को बिस्तर खाली न होने पर यहां इंतजार करने को कहा जाने लगा। ऐसे में पॉजिटिव आने की खबर सूनकर यहां आए कुछ मरीज वापस लौट गए। जिनमें एक बुजुर्ग भी शामिल थी। बुजुर्ग महिला ने जब यह बात सुनी तो उसने परिवार की महिलाओं से घर लौटने की जिद्द कर डाली। उनका कहना था कि यहां पॉजिटिव होने से अच्छा है कि घर पर रहकर इलाज कराए।

# निकिता मर्डर केस: विभिन्न दलों के नेताओं व छात्रों ने की न्याय की मांग





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** अग्रवाल कॉलेज के सामने हुए निकिता हत्याकांड में आरोपियों को कड़ी सजा देने की आवाज शहर में लगातार बुलंद होती जा रही है। जहां एक तरफ एबीवीपी के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के गेट पर धरना दिया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ विभिन्न दलों के राजनेता निकिता के परिवार को संत्वना देने पहुंच रहे हैं।

बृहस्पतिवार को निकिता के हत्यारों को सजा दिलवाने की मांगे उठती नजर आई। वहीं पुलिस ने निकिता के हत्यारे व उसके साथी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी का मेडिकल के बाद पुलिस द्वारा उससे पूछाताछ की जा रही है।

**उखाड़ दिया टैंट :** एबीवीपी संगठन के छात्र-छात्राओं के द्वारा अग्रवाल कॉलेज के बाहर बुधवार को धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था। जो रातभर जारी था। छात्र-छात्राओं द्वारा बीती रात टेंट लगाकर धरना दिया जा रहा था। जिसमें 5-6 छात्राएं भी शामिल थीं। धरने पर बैठे छात्रों ने बताया कि रात को करीब डेढ़-दो बजे कुछ पुलिस कर्मी धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने छात्रों को उठाने का प्रयास किया।

आरोप है कि उस दौरान उनके साथ महिला पुलिस नहीं थी। उनके न उठने पर वहां लगे टेंट को उखाड़ कर पुलिस अपने साथ ले गए। इसके बाद भी छात्र संगठन ने अपना धरना जारी रखा। बृहस्पतिवार को धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि उनकी मांगों को लिखित में न मानने तक विरोध जारी रहेगा।

## निकिता के घर पहुंचे ये राजनेता

**निकिता** के घर परिजनों को सांत्वना देने के लिए भाजपा नेता सूरजपाल अम्बू, राजेश नागर, पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील गुप्ता, धर्मवीर भड़ाना के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, विवेक बंसल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पहुंचे। जहां सभी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी तथा दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निकिता पूरे देश की बेटी है और निकिता के हत्यारों की बख्शा नहीं जायेगा। सभी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए न्यायपालिका पर भरोसा रखने और हर समय पीड़ित परिवार के साथ हर सुख दुख में खड़े रहने का आश्वासन दिया।

## आरोपी भेजे जेल

**पुलिस** ने कड़ी मशक्कत के बाद जहां एक तरफ तौसीफ और रेहान को दो दिन के रिमांड के बाद बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। वहीं तौसीफ को हथियार उपलब्ध करवाने वाले अजरू को नूंह से विभिन्न स्थानों पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार करके बीके सिविल अस्पताल में दोपहर को 12 बजे मेडिकल करवाया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# निकिता को न्याय दिलाने के लिए हल्ला बोल रैली



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## वूमेन पावर ने निकिता को इंसाफ दिलाने को आवाज उठाई

**वूमेंस** पॉवर संस्था द्वारा बल्लभगढ़ चौक से अग्रवाल कॉलेज तक वूमेन पावर के लाडो प्रोजेक्ट के तहत बेटी निकिता को इंसाफ दिलाने के लिए आवाज उठाई गई। वूमेंस पावर के प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है कि ऐसा करने वालों का सीधा एनकाउंटर होना चाहिए। ताकि आगे चलकर ऐसा न हो।

हमारे देश में कानून कारवाई होने में बहुत लंबा समय लग जाता है। जैसे निर्भया कांड में 7 साल लग गए। इन सात सालों में न जाने कितनी निर्भया पैदा हो गई। जिन्हें वह सब देखना पड़ा। उनकी सरकार से हाथ जोड़कर विनती है एनकाउंटर का आदेश दिया जाए। ताकि ऐसा देखने के लिए कोई निकिता पैदा न हो। जहां निकिता बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए के सभी मेंबर मौजूद रहे। सचिव शगुन तोमर, सरिता साजवान, डोली कपूर, लीना भाटिया, सैयद महविश, परवीन, अपर्णा तोमर, निशा शाह, प्रियंका और अन्य साथी सामाजिक संस्थाएं आ गई। जागृति मंच से अंबिका शर्मा, सेवा भाव से गजना काली रमन, समाज सेविका संगीता नेगी, समाजसेवी संजय पाल सिंह ने इस हल्ला बोल रैली में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना डबुआ पुलिस ने 11 वर्षीय बच्ची के साथ गलत काम करने के जुर्म में आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 26 अक्टूबर की है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। बच्ची के माता-पिता ने पुलिस को सूचना दी कि वह घटना वाले दिन काम पर चले गए थे। दोपहर करीब एक बजे उनके एरिया में रहने वाले रवि नाम के व्यक्ति ने 26 अक्टूबर 2020 को उनकी बच्ची के साथ घर में घुसकर जबरदस्ती गलत काम (रेप) किया था। घटना के बाद बच्ची आरोपी की धमकी के कारण सहम गई थी। जो कि उसने यह बात 28 अक्टूबर 2020 को परिजनों को बताई। जिस पर थाना डबुआ पुलिस द्वारा तुरंत पोक्सो एक्ट के अनुसार मामला दर्ज कर बच्ची का मेडिकल कराया गया। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक एवं अपने सूत्रों के माध्यम से आरोपी रवि को डबुआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी की उम्र 32 वर्ष है। एसएचओ डबुआ ने बताया कि सीडब्ल्यूसी के माध्यम से बच्ची की काउंसलिंग कराई जा रही है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## कबड्डी लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**फरीदाबाद।** जय भारत खेल कबड्डी लीग का आयोजन 25 अक्तूबर से 28 अक्टूबर तक जुलाना तहसील के गांव ब्राह्मणवास जींद जिले में किया गया। संघर्ष ट्रस्ट के राष्ट्रीय खेल निदेशक सत्यवीर धनखड ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस कबड्डी प्रतियोगिता में हैलो हरियाणा ने 27 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त कर 21000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। दिल्ली डायमंड की टीम ने 24 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त कर 15000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। सत्यवीर धनखड ने बताया कि दिल्ली डायमंड की टीम में इंडरी गांव के चार खिलाडियों का चयन हुआ था। टीम के साथ गये वरिष्ठ खिलाडी अंकुर ने बताया कि पंकज, जीनू, सुमित और कर्ण चुन्नू ने बहुत अच्छा प्रदर्शन कर टीम को प्रतियोगिता में दूसरा स्थान दिलाया। दिल्ली डायमंड टीम की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करने पर पंकज और जीनू ने एलईडी इनाम में जीता। वरिष्ठ खिलाडी अंकुर अपने अभ्यास के साथ इंडरी गांव के युवाओं में भी खेल भावना दे रहे हैं और अपने प्रशिक्षण में युवाओं की प्रतिभा को निखार रहे हैं।

## गले में सरिया लगने से युवक की मौत

**फरीदाबाद।** संजय कालोनी निवासी एक युवक के गले में सरिया घुसने से मौत हो गई। हादसे के वक्त युवक रात की ड्यूटी करके सुबह बाइक पर सवार होकर घर को लौट रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक अमन संजय कालोनी में किराये पर रहता था। 20 वर्षीय अमन एक कम्पनी में काम करता था। बुधवार की रात को अमन कम्पनी बाइक के जरिये गया था। सुबह करीब आठ बजे तब वह घर बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। उसी समय सेक्टर-24 के निकट सरिया लगने से वह घायल हो गया और बाइक समेत सड़क पर गिर गया। जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में दो भाईयों की हुई मौत

**फरीदाबाद।** बीती रात गांव करनेरा के निकट बाइक पर सवार होकर घर लौट दो नाबालिग भाईयों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना धौज के अंतर्गत आने वाले सिरोही गांव में रहने वाले आयुब के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा छह लड़के और 5 लड़कियां है। गत बुधवार की रात को साढ़े 8 बजे उसके दो बेटे 16 वर्षीय अहसान और 10 वर्षीय अनस बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान दोनों का एक्सीडेंट हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया।

## डॉक्टर से फिरौती मांगने वाला जिम ट्रेनर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फोन पर जान से मारने की धमकी देकर एक डाक्टर से पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने मात्र दस घंटे में गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पुलकित एनआईटी इलाके का निवासी है। ये जानकारी एसीपी मुख्यालय आदर्शदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को एनआईटी एरिया में रहने वाले बीएएमएस डॉक्टर सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रैक्टिस करता है। एच ब्लॉक एनआईटी एरिया में उनका नागपाल के नाम से क्लीनिक है। जिसपर वह 4/5 घण्टे काम करते है। किसी अंजान नम्बर से फोन आया और 5 लाख रुपये फिरौती की मांग की।

# ग्रेप के तहत निगम ने काटे डेढ़ लाख रुपये के चालान



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निगमायुक्त** डा. यश गर्ग के निर्देशानुसार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) स्थिति से निपटने के लिए फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन लगातार युद्ध स्तर पर काम कर रहा है और प्रदूषण फैलाने, कूड़ा फेंकने और अवैध मैटेरियल खुले में रखने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की और चालान काटे। निगम के अधीक्षण अभियंता विजय ढाका ने बताया कि निग्मायुक्त डा. यश गर्ग के निर्देशानुसार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) को ध्यान में रखते निगम प्रशासन ने पूरे दिन पेट्रोलिंग जारी रखी और प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की और चालान काटे। उन्होंने बताया कि निगम के जेई व एई द्वारा खुले में बिल्डिंग निर्माण साम्रगी/मलबा इत्यादि पाये जाने पर 27 चालान कर 1,35,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सफाई विभाग द्वारा पॉलिथिन का प्रयोग करने वालों के 4 चालान काटे जिसके तहत 7000 रुपये जुर्माना लगाकर वसूल किया गया और कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ तीन चालान किए और उनके विरुद्ध कार्यवाही करके 1500 रुपये जुर्माना लगाकर वसूल किया गया।

अधीक्षण अभियंता विजय ढाका ने बताया कि वार्ड नंबर 23, 24, 25, 22, 27, 15, 11, 37, 18, 19, आईपी कालोनी, स्प्रिंग फिल्ड कालानी, पल्ला पावर हाउस, डीएलएफ फेस-1, सेक्टर-28, प्याली चौक से शिव मन्दिर, लैज़र वैली पार्क के आस-पास, जैन मन्दिर, भोजपूरी चौक, मंण्डी रोड़, प्याली से डबुआ, एयर फोर्स रोड, आरके हास्पीटल से ऑडिटोरियम, बीके हास्पीटल से दयानन्द कालेज, दशहरा ग्राउड, मेहता चौक से पटेल चौक, 3 नंबर पुलिया से 17 नंबर चुंगी, 17 नंबर चुंगी से डबुआ गांव, डबुआ गांव से गाजिपुर गांव, गाजिपुर से नंगला गांव, सेक्टर-3, 35, 17, भगत सिंह चौक से नीलम चौक, नीलम चौक से बीके चौक, बीके चौक से केसी रोड, नीलम चौक से बाटा फ्लाइओवर, बाटा फ्लाइओवर से हाडवेयर चौक, हाडवेयर चौक से बीके चौक, सैनिक कालोनी, पंचायत भवन, सेक्टर-11, 15, 16-ए, 35 के मुख्य-मुख्य सड़कों, रास्तों, मोहल्लों में पानी के टैंकरों, फायर बिग्रेड की गाड़ियों से से छिड़काव करवाया व पेड़ों पर जमीं हुई धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ियों से छिड़काव का कार्य भी किया गया है। इसके अलावा वार्ड नं0 7, 1, 9, 39, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 35, 17, 15, 16, 4 निर्माण सामग्री को भी निगम कर्मचारियों ने ढकवाया और स्वीपिंग मशीन के द्वारा सड़क की सफाई की गई है। अतिरिक्त निगमायुक्त इन्द्रजीत कुल्हारिया ने शहरवासियों से पुनः अपील की है कि वे वायु प्रदूषण की स्थिति से निपटने के लिए निगम प्रशासन का सहयोग करे और प्रदूषण फैलाने, कूड़ा फेंकने और खुले में अवैध बिल्डिंग सामग्री रखने वाले लोगों की सूचना वीडियो व फोटो सहित निगम प्रशासन को व्हटसप नंबर 9599780888 पर अवश्य भेजें जिससे कि निगम प्रशासन ऐसे तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर सकें।

# कोरोना विस्फोट: 246 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 24743

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में सर्दियां शुरू होते ही कोरोना के मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़नी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को कोरोना के पिछले कुछ समय के मुकाबले 246 सर्वाधिक मामले सामने आए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 24,743 पर पहुंच गया। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 152 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में कोरोना का रिकवरी रेट 95 से घटकर 94.6 प्रतिशत पर पहुंच गया। क्योंकि बृहस्पतिवार को पॉजिटिव मरीजों की संख्या अधिक थी।



## यहां से मिले पॉजिटिव

**246** पॉजिटिव में भाटिया कालोनी, सेक्टर-10, 37, 88, 29, 55, 85, 84, 65, 8, 86, 37, 82, 18, 10, 65, खेड़ी कला, पदम नगर, शिव कालोनी, तिलपत, त्रिखा कालोनी, हरी बिहार, तिगांव, ग्रीन फिल्ड कालोनी, इंदिरा कॉम्पलेक्स, अमरनगर, धीरज नगर, ग्रीनफिल्ड, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, भूड कालोनी, जवाहर कालोनी, चार्मवुड, ओल्ड बल्लभगढ़, फतेहपुर, पुरी प्रणायाम, पर्वतीया कालोनी, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, पल्ला, सराय से 2-2 मरीज है। अशोका इंक्लेव, जीवन नगर, सेक्टर-16, 3, 55, 29, 7, 30, 21, 65, 2, 80, 91, 20, 15, छायंसा, प्रिंसेस पार्क, हाउसिंग बोर्डका लोनी, विष्णु कालोनी, एसजीएम नगर, गांधी कालोनी, इंदिरा कॉम्प्लेस, सैनिक कालोनी से 3-3 मरीज है। सुभाष नगर, आईपी कालोनी से 1-1 मरीज है। मुजेसर, एनएचपीसी कालोनी से 4-4 मरीज है। सेक्टर-46, एनएच-5 से 5-5 मरीज है। डबुआ से 6 और अन्य एरियों से 45 मरीज है।

## यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | - 244811 |
| नेगेटिव आए कुल | -219739 |
| रिपोर्ट आनी शेष | - 329 |
| अब तक पॉजिटिव | - 24743 |
| अब तक डिस्चार्ज | - 23415 |
| अब तक मौतें | - 245 |
| गंभीर हालत में | - 44 |
| आईसीयू में भर्ती | - 11 |

# शहर में लगेगी सरदार बल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145वीं जयंती पर लगाई जाएगी 31 फुट की प्रतिमा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अखंड** भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आगामी 31 अक्टूबर को फरीदाबाद पटेल सभा की तरफ से राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सरदार पटेल के 145वीं जयंती पर सोहना रोड गौंच्छी स्थित सेक्टर-23 पुलिस चौकी के पास सरदार वल्लभ भाई पटेल की 31 फुट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद्र शर्मा, नगर निगम कमिश्नर यश गर्ग, नगर निगम मेयर सुमन बाला और वार्ड नंबर-3 के पार्षद जसवीर खटाना होंगे।

पटेल सभा के अध्यक्ष विनोद कुमार पटेल और महासचिव एसएन सिंह ने बताया कि इस बार सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि लौह पुरुष सरदार



वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय अखंडता दिवस पर लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। पटेल सभा के पदाधिकारी मनोज कुमार, उद्योगपति संजय कटियार, अशोक सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनोद बिहारी ने बताया कि भारत की एकता के सूत्रधार कहे जाने वाले और भारत के लौह-पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत के राजनीतिक इतिहास में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छह सौ छोटी-बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। इसलिए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। सनील कुमार सिंह ने बताया कि पटेल नवीन भारत के निर्माता थे। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया, उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। उन्होंने बताया कि वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे। जिस अदम्य उत्साह असीम शक्ति से उन्होंने नवजात गणराज्य की प्रारंभिक कठिनाइयों का समाधान किया, उसके कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने अमिट स्थान बना लिया।

भारत की स्वतंत्रता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छह सौ छोटी-बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। स्वतंत्र भारत के पहले तीन साल सरदार पटेल देश के उप-प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। इसलिए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## प्लाज्मा डोनर को मिला सशक्त सीमा बल से सम्मान



**फरीदाबाद।** एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रिय एकता दिवस कार्यक्रम सेक्टर-12 टाउन पार्क मे सांय 6 से 7 बजे तक राष्ट्रीय ध्वज के स्थान पर आयोजित हुआ। 28 अक्टूबर के कार्यक्रम को फरीदाबाद मे प्लाज्मा बैंक मे अपना प्लाज्मा देने वाले डोनर के सम्मान में समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में कोविड 19 के तहत जारी की गई गाईडलाईन का पूरा पालन करते हुए प्लाज्मा डोनर्स को सशक्त सीमा बल के ब्रास बेन्ड और पाइप बेन्ड के द्वारा विशेष सलामी और धुनों के द्वारा सम्मानित कर राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ सभी का धन्यवाद किया गया। इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से असिस्टेंट कमांडर सशक्त सीमा बल कनिष्क चौधरी ने सभी प्लाज्मा डोनर के साथ साथ अब तक सबसे ज्यादा 7 बार प्लाज्मा देने वाले सुनिल मस्ता और अमित रतरा को विशेष रूप से प्रोत्साहन करते हुए बेन्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के रूप मे सम्मान दिया।


## चुनाव सूचना

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा (रजि0) बल्लबगढ़, पंजीकरण संख्या HR/019/2014/01115 के कॉलेजियम (Collegium) के सदस्यों के लिए चुनाव दिनांक 22–11–2020 दिन रविवार, समय प्रातः 9:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक अग्रवाल कॉलेज (मिल्क प्लांट रोड, सैक्टर–2) बल्लबगढ़ के भवन में होगा। चुनाव कार्यक्रम निम्नलिखित है।

1. आजीवन सदस्य (मतदाता) सूची एवम् निर्वाचक मंडल संख्या 1 से 108 की सूची का अग्रवाल कॉलेज सूचना बोर्ड पर प्रकाशन : दिनांक 31–10–2020 दिन शनिवार।
2. अनुपूरक (Supplementary) सूची (यदि कोई है) का प्रकाशन : दिनांक 07–11–2020 दिन शनिवार ।
3. **नामांकनः** दिनांक 08–11–2020 से 10–11–2020 प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक अग्रवाल कॉलेज (मिल्क प्लांट रोड, सैक्टर–2) बल्लबगढ़ के कार्यलय में स्वीकार किये जायेंगे, जो निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख सभा के संविधान अनुसार भरे जायेंगे ।
4. **जाँच :** दिनांक 11–11–2020 दिन बुधवार, प्रातः 11:00 बजे।
5. **नाम वापसी :** दिनांक 12–11–2020 दिन वीरवार, प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक ।
6. **चुनाव चिह्न आबंटन :** दिनांक 13–11–2020 दिन शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक ।
7. वोट डालने की तिथि 22–11–2020 दिन रविवार, समय प्रातः 9:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक अग्रवाल कॉलेज (मिल्क प्लांट रोड, सैक्टर–2) बल्लबगढ़ के भवन में रहेगा। तत्पश्चात मतगणना आरम्भ की जायेगी एवम् उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किये जायेंगे।

निर्वाचक मण्डल संख्या 1 से 108 तक की सूची, सदस्य सूची, संविधान की प्रति प्रत्येक रू. 100/– के हिसाब से तथा नामांकन फार्म रू. 100/– में अग्रवाल कॉलेज के कार्यालय (मिल्क प्लांट रोड, सैक्टर–2) से प्राप्त कर सकते हैं ।

**नोटः–** कृपया मतदान के समय अपना परिचय पत्र अवश्य साथ लायें तथा चुनाव से पहले जिन सदस्यों के पास परिचय–पत्र नहीं है वे अपना परिचय–पत्र चुनाव कार्यालय से बनवा लें। इसके लिए 2 फोटो साथ लाऐं ।

डॉ0 कृष्णकान्त
निर्वाचन अधिकारी

# धुआं और धमाका मुक्त दीवाली मनाएं : ऊर्जा समिति

### ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ऊर्जा** समिति ने आगामी दीवाली के पावन त्योहार की सभी को बधाई देते हुए, पर परा एवं पर्यावरण में संतुलन बनाते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित दीवाली मनाने एवं बिजली बचाने की अपील की है।

ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने विश्व भर में फैली कोरोना महामारी में लोग पर्यावरण संतुलन के लिए बमों व पटाखों से मुक्त, धुआं व धमाका मुक्त दीवाली मनाएं। बिजली की बचत के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करें। ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि बमों व पटाखों से त्योहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं हैं। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व मिट्टी के दीयों के साथ, दूसरों में खुशियां व प्यार बांटकर कर सकते हैं।

त्यौहार का सही आनंद तो पर परा और पर्यावरण में संतुलन रखते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर हमें मिल-जुलकर ही हर जीव के स्वास्थ्य हित में कार्य करना है। कोरोना में तो यह ओर भी जरुरी हो गया है। उन्होंने बताया कि लोग अपने घरों को दीयों से सजाएं और 100, 200 व 500 वाट के बल्बों व फोकस लाइटों के स्थान पर 3, 6, 9, 12, व 18 वॉट की एलईडी व स्लिम लाइटों का इस्तेमाल करें। इससे बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संतुलित होगा।

ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है इसीलिए बचत को साधन बना कर ऊर्जा की मांग व आपूर्ति में समन्वय स्थापित किया जा सकता है। ऊर्जा समिति के महासचिव ने सतर्क किया कि धुएं से दमा, ब्रोंकाईटिस, चरम रोग और दिल का दौरा पड़ने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है।



ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ।

# गुरुग्राम खंड में 20 से अधिक क्षेत्र बने कंटेनमेंट जोन

**गुरुग्राम।** कोरोना की रोकथाम के लिए जिलाधीश अमित खत्री द्वारा गुरुवार को संशोधित कंटेनमेंट जोन के आदेश जारी किए गए हैं। कंटेनमेंट जोन में कोरोना के संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग, टेस्टिंग, क्वारनटीन व आइसोलेशन में रखने, सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य जन स्वास्थ्य संबंधी उपायों के लिए कार्य योजना बनाई गई है।

जिला आपदा प्रबंधन समिति तथा कंटेनमेंट पुनरीक्षण समिति की संस्तुति पर जिलाधीश अमित खत्री ने कंटेनमेंट के जो नए आदेश जारी किए हैं, उसमें सबसे ज्यादा 20 कंटेनमेंट जोन गुरुग्राम ब्लॉक में बनाए गए हैं। एक जोन सोहना ब्लॉक में बनाया गया है। आदेशों में कहा गया है कि यदि इन जोनों में कोई भी नया पॉजिटिव केस नहीं आता है तो 14 दिन की अवधि के बाद कंटेनमेंट जोन स्वतः ही उस श्रेणी से बाहर माना जाएगा।

**कंटेनमेंट जोन क्षेत्र में होगी डोर टू डोर स्क्रीनिंग** : इन कंटेनमेंट जोन क्षेत्रों में सिविल सर्जन द्वारा डोर टू डोर स्क्रीनिंग अथवा थर्मल स्कैनिंग के लिए पर्याप्त संख्या में टीमें लगाई जाएंगी। ये टीमें सिविल सर्जन की देख-रेख में काम करेंगी।

# खेतों में 100 एकड़ की इकट्ठी बाजरे की फसल जलकर राख

### आग लगने के कारणों का नहीं चल पाया है पता

### घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



फर्रूखनगर के गांव खंडेवला के खेतों में बाजरे की फसल में लगी आग।

**जिले** के गांव खंडेवला में बुधवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में 100 एकड़ में रखी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी भयंकर थी कि खेतों में दूर-दूर तक आग ही आग नजर आ रही थी।

घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समाचार लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया था। जानकारी के अनुसार जिले के खंड फर्रूखनगर के गांव खंडेवला में किसानों ने अपने खेतों में बाजरे की फसल की ढेरियां लगा रखी थी। फसल को निकालने की तैयारी ही चल रही थी। इससे पहले कि किसान अपनी खून-पसीने की मेहनत से तैयार की गई फसल को निकालकर घर ले जाते, एक हादसे ने उसकी फसल को तबाह कर दिया। बुधवार की देर रात खेतों में रखी बाजरे की फसल में संदिगध परिस्थितियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग करीब 100 एकड़ जमीन से एकत्रित की गई बाजरे की पूलियां में लग गई और फसल को राख कर दिया।

सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। गाड़ियों व ग्रामीणों के भरसक प्रयास के घंटों बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस ने मौका मुआयना के बाद जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आगजनी के कारणों का पता नहीं चल पाया था।

# पीड़ित महिलाओं के लिए देवदूत बना वन स्टॉप सेंटर

**तावडू।** अब हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय, उपचार, मनोचिकित्सक व कानूनी परामर्श को लेकर दर-दर की ठोकरें खानी की जरूरत नहीं है। वन स्टॉप सेंटर (सखी) के जरिए हिंसा से पीड़ित महिलाओं को ये तीनों एक ही छत के नीचे मिल रही हैं। महिला आयोग की मानें तो ये सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए बेहद कारगर साबित हो रहा है।

नूंह मुख्यालय पर मार्च 2019 में शुरू हुए वन स्टॉप सेंटर में न्याय को लेकर 132 महिलाएं आ चुकी हैं। जिनमें से 120 महिलाओं के घरेलू हिंसा के मामले सुलझ चुके हैं। वर्ष 2015 में केंद्र सरकार इस तरह के सेंटर बनाने की योजना लाई थी। 2018 में हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए हर जिले में वन स्टॉप सेंटर स्थापित करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इसमें पीड़िता को एक ही छत के नीचे पुलिस, डॉक्टर, मनोचिकित्सक और कानूनी परामर्श के साथ उनके रहने की व्यवस्था की गई है। इसमें पीड़ित महिलाओं के लिए वालंटियर भी नियुक्त किए गए हैं जोकि जरूरत अनुरूप मदद करेंगे। इस योजना को निर्भया फंड के माध्यम से वित्त पोषित किया गया है व राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 से जोड़ा गया है। हरियाणा महिला आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति भारद्वाज दलाल का कहना है कि वन स्टॉप सेंटर में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न के अलावा कई अन्य तरह पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा, काउंसलिंग की सुविधा व पांच दिन के लिए अस्थाई आश्रय की सुविधा दी जाती है।



प्रीति भारद्वाज दलाल।

# सोशल मीडिया पर हो सरकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार

**गुरुग्राम।** बदलते परिवेश में सरकार की योजनाओं तथा नीतियों का प्रचार-प्रसार प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया तथा पारंपरिक लोकशैली से करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म के प्रयोग को बढाएं ताकि इन योजनाओं व नीतियों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके। ये आदेश सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक पीसी मीणा ने यहां लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित जिला सूचना व जन संपर्क अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस बैठक में प्रदेश के एनसीआर के जिलों के जन संपर्क अधिकारियों ने भाग लिया।

पीसी मीणा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में हर व्यक्ति स्मार्ट फोन का प्रयोग करता है और वह किसी न किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे ट्वीटर, फेसबुक व इंस्टाग्राम से जुड़ा हुआ है। ऐसे में सरकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से करने के लिए जन संपर्क विभाग को भी नए तौर तरीके अपनाने होंगे।

# किसान फसल की ढेरियां आम रास्ते में लगाने को मजबूर



सोहना की अनाज मंडी के आम रास्ता में लगी बाजरे की ढेरी।

**सोहना।** अनाज मंडी में सरकारी बाजरे का उठान धीमा होने के कारण किसान अपनी फसल उत्पाद का आम रास्तों में ढेरियां लगाने के लिए मजबूर हो रहा है। अनाज मंडी परिसर में 8 से 10 हजार क्विंटल बाजरा खुले आसमान के नीचे फ ड़ों पर पड़ा है।

सोहना अनाज मंडी में अभी तक करीब 55 हजार बाजरे की आवक हुई है। जिसमें से लगभग 38 हजार क्विंटल बाजर को उठान हो गया है। अभी भी स्थानीय मंडी में 15 से 17 हजार क्विंटल बाजरा पड़ा हुआ है। जिसमें से 8 से 10 हजार क्विंटल बाजरा खुले आसमान के नीचे है। जो बेमौसम बरसात होने पर भीग सकता है। जिसके बचाव के लिए विशेष प्रबंध भी नहीं है। सरकार के खाते में खरीदा गया बाजरा का उठाव धीमा होने के कारण किसानों को अपनी फसल की ढेर लगाने के लिए खाली स्थान तक नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसान मंडी के आम रास्तों पर ही ढेरियां लगा रहा है।

### अवैध पार्किंग से स्थान का अभाव

**अनाज** मंडी छोटी होने के कारण हर बार फसल खरीदारी के दौरान किसानों को परेशानियां तो होती है, लेकिन इसके अलावा मंडी परिसर में अलग-अलग स्थानों पर बनी अवैध पार्किंग से किसानों को फसल की ढेरियां लगाने की जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में किसान आम रास्तों फसल की ढेरी लगा रहे हैं।

**बाजरे की आवक से परेशानी** : हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के सैल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जब से मंडी में 90 से 150 किसानों का बाजरा एक दिन में लाने की अनुमति दी गई है। उस दिन से परेशानी अधिक हो गई है। क्योंकि मंडी परिसर छोटा होने के कारण लदान करने का अवसर रात को ही मिल रहा है। दशहरा से एक दिन पहले और एक दिन बाद में लदान कम होने के कारण परेशानी बढ़ गई है।

### हत्या का आरोपी और पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

**पलवल।** डिटेक्टिव स्टाफ पलवल की टीम ने वर्ष 2014 के हत्या के एक मामले मे वांछित एवं पांच हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले करीब छह वर्षों से अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर है। जिसें पुलिस रिमांड समाप्त होने पर अदालत में शुक्रवार को पेश करेगी। पुलिस अधीक्षक दीपक गहलावत ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ पलवल की टीम प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव को मंगलवार को सूचना मिली कि 13 फरवरी वर्ष 2014 को होडल थाना क्षेत्र मे बाबा राईस मिल के पास गाडी में एक लाश मिली थी।

# बरोदा में होगी सीएम की ईमानदारी और विकास की जीत : खुर्शीद

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**मेवात** विकास एजेंसी के पूर्व चेयरमैन एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद राजाका ने बरोदा उपचुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार योगेश्वर दत्त के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा कि बरोदा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदारी और विकास की जीत होगी। यहां के लोग विकास के नाम पर मतदान करेंगे। उक्त बातें खुर्शीद राजाका ने गांव माहरा, रूखी, महमुदनगर, धनाना और बुटाना आदि गांव में जनसंपर्क करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जैसा ईमानदार मुख्यमंत्री और योगेश्वर दत्त जैसा शरीफ उम्मीदवार बरोदा को केवल भाजपा ही दे सकती है। इसलिए बरोदा के मतदाता जाति धर्म से ऊपर उठकर हरियाणा की नई पहचान के लिए और बरोदा के विकास के लिए बीजेपी को वोट दें, क्योंकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस और लोकदल सरकारों द्वारा पैदा करे गये भरष्टाचार को खत्म करके किसान, गरीब मजदूर और बेरोजगार नोजवानों की भलाई के अनेकों काम किये हैं। कांग्रेस द्वारा नौकरी भर्ती और ट्रांसफर में स्थापित रिश्वतखोरी को रोककर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनहित में ऐतिहासिक काम किया है। खुर्शीद राजाका ने कहा कि आज गरीब मजदूर परिवार के बेरोजगार लड़का व लड़की भी बड़ी से बड़ी नौकरी अपने योग्यता के दम पर हासिल कर रहे हैं जबकि कांग्रेस व लोकदल सरकारों में नौकरियां बोली लगाकर रिश्वत और सिफारिश से मिलती थी। जनसंपर्क कार्यक्रम में सोनीपत जिला बीजेपी के माइनोरिटी मोर्चा के अध्यक्ष इरशाद खान, मेवात से भाजपा युवामोर्चा के नदीम सलम्बा, दिल्ली के भाजपा युवानेता माज़ गुलफाम कुरेशी, इंद्रवेश खान आदि मौजूद थे।



लोगों के बीच जनसंपर्क करते खुर्शीद राजाका

# टूर्नामेंट में डिफेंस क्रिकेट अकादमी ने जीता दूसरा लीग मैच

### दूसरे लीग मैच में अंडरडॉग क्रिकेट अकादमी को दी शिकस्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-64 स्थित राइजिंग स्पोर्ट्स अरीना में चल रहे राव गंगा बिशन अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच में डिफेंस क्रिकेट अकादमी का जलवा रहा। इस टीम ने अंडरडॉग क्रिकेट अकादमी की टीम को 8 विकेट से शिकस्त दी।

टूर्नामेंट में अंडरडॉग क्रिकेट अकादमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 40 ओवरों में यह टीम 172 रन बना पाई। बल्लेबाज यश मलिक ने बेहतरीन खेलते हुए 55 रन और पुनीत ने 40 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कार तक पहुंचाया। वहीं डिफेंस अकादमी की ओर से शानदार बॉलिंग करते हुए हितेश बोरा न 8 ओवरों में मात्र 31 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए डिफेंस अकादमी के खिलाफ मैदान पर उतरे। अंडरडॉग की टीम के 173 रनों का लक्ष्य मात्र 2 विकेट खोकर डिफेंस की टीम ने हासिल कर लिया। खिलाड़ी अभिषेक दीवान ने नाबाद 90 रनों की बेहतरीन पारी खेलते हुए और हितेश बोरा ने 40 रनों का योगदान देते हुए अपनी टीम को जीत की राह पर चलाया। इस तरह से डिफेंस अकादमी की टीम ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। मैच में हितेश बोरा को मैन ऑफ द मैच, यश मलिक को फाइटर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। विजेता टीम को रवि शर्मा व रोहित त्यागी ने मुबारकबाद दी।





सेक्टर-64 में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेलने वाले खिलाड़ी को सम्मानित करते आयोजक।

# रोजगार मेले में 250 छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

### 40 छात्रों का हुआ चयन, 55 को किया शॉर्टलिस्ट


पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**आईटीआई** पलवल में बुधवार को एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसके तहत पलवल व फरीदाबाद के उद्योगों ने भाग लिया। मेले में पूजा फोर्ज लिमिटेड, डी डेवलपमेंट इंजिनियर्स लिमिटेड, विनस इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड, एचपीएल एडिक्टिव व फोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुख्य रूप से भाग लिया। जिसमें पलवल क्षेत्र व हरियाणा के आईटीआई पास व अन्य ने हिस्सा लिया।



पलवल की आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में भाग लेते छात्र

प्रबंधन द्वारा अनुदेशकों की ड्यूटी इस रोजगार मेले में लगाई गई, जिसके तहत उनको अलग-अलग काउंटर पर रजिस्ट्रेशन के लिए बैठाया गया। कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए बाहर से आए छात्रों को सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखने की लगाई गई। बाहर से आए छात्रों के लिए सैनिटाइजर व मास्क का भी प्रबंध किया गया। विभिन्न व्यवसायों के 250 छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिनमें से उद्योगों ने मौके पर ही 40 छात्रों का चयन किया। 55 छात्रों को उद्योग शॉर्टलिस्ट कर कर ले गए। उनमें से छात्रों को दूरभाष द्वारा जरूरत के अनुसार बुलाया जाएगा। मौके पर ही पूजा फोर्ज ने 4, डी डेवलपमेंट ने 8, वीनस ने 8, शिवानी लॉक ने 8, फोनिक्स ने 4 और अन्य कंपनियों ने मौके पर रोजगार दिया। मुख्य रूप से इस रोजगार मेले में फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट इत्यादि ट्रेड के बच्चों का चयन किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी लेफ्टिनेंट उदय सिंह ने छात्रों की सहायता की।



**संस्थान** ने रोजगार मेला लगाया गया था, जिसमें क्षेत्र के उद्योगों ने भाग लिया। संस्थान के आईटीआई पास हुए छात्रों को रोजगार दिलवाया गया। कई उद्योगों से सूचना प्राप्त हुई है कि वह और छात्र लेना चाहते हैं, उनको अगले महीने का समय दे दिया गया है। भविष्य में इस तरह के जॉब मेले लगते रहेंगे। जिले के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को रोजगार दिलवाया जाएगा।

**भगत सिंह, प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी, आईटीआई जिला पलवल**

# बेरोजगारी के खिलाफ सड़कों पर उतरा यूथ आर्गेनाइजेशन

### प्रदर्शन करने के बाद सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) की जिला गुरुग्राम कमेटी द्वारा बेरोजगारी के खिलाफ, सभी के लिए रोजगार की मांग पर शहर में प्रदर्शन किया। पुराने सिविल अस्पताल पर जिला भर से नौजवान इकट्ठे हुए।

प्रदर्शन से पहले एकत्रित युवाओं की सभा को प्रांतीय सलाहकार राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य व केंद्र की सरकारों की रोजगार विरोधी नीतियों के कारण रोजगार पर रोक लगी हुई है। देश में बेरोजगारी ने पिछले 45 वर्षों का रिकॉर्ड उच्चतम स्तर हासिल कर लिया है। सरकार ने नई भर्तियों पर लंबे अरसे से रोक लगा रखी है। खाली पदों पर भी नियुक्तियां नहीं की जा रही। लंबे समय से खाली पड़े पदों को खत्म किया जा रहा है। स्थाई काम को अस्थाई कर्मचारियों से करवाया जा रहा है। हर वर्ष करीब एक करोड़ 35 लाख नौजवान पढ़-लिखकर बेरोजगारों की फौज में शामिल हो रहे हैं।

एआईडीवाईओ रेवाड़ी के जिला सचिव अजय कुमार एडवोकेट ने कहा कि आज सरकारें नौजवानों को पथ भ्रष्ट करने की नीतियां अपना रही हैं। सरकार युवा आंदोलन से डरती हैं, नौजवानों की ताकत को समझती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं से रिश्वत मांगने वालों पर भी एक्शन लेगा वन स्टॉप सेंटर



**तावडू।** अगर कोई भी महिला घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार की शोषण की शिकार है तो वह वन स्टॉप सेंटर का दरवाजा खटखटा सकती है। पीड़ित महिला राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर फोन कर सहायता ले सकती है। वन स्टॉप सेंटर नूंह मुख्यालय के इंचार्ज अशफाक आलम ने तावडू सीडीपीओ कार्यालय पर आंगनवाड़ी वर्करों को संबोधित करते वक्त ये बातें कही। उन्होंने कहा कि इनके अलावा अगर गांव या शहर की किसी महिला को डिपो होल्डर राशन देने में आनाकानी करता है या बुजुर्ग महिला की पेंशन बनवाने के नाम पर कोई पैसे मांगता है तो आंगनवाड़ी वर्क इस संदर्भ में वन स्टॉप सेंटर को सूचित करें। ऐसी महिलाओं का तुरंत कार्य करवाया जाएगा व मामले की जांच कर आरोपी डिपो होल्डरों व पेंशन अधिकारियों की कार्रवाई भी होगी। सूचना देने वाली आंगनवाड़ी वर्कर का नाम गोपनीय रखा जाएगा। ये सुनते ही एक आंगनवाड़ी वर्कर ने कहा कि उनके पड़ोस की एक महिला के घर के 2-3 सदस्यों की पेंशन बनवाने को लेकर पेंशन अधिकारी 16 हजार रूपये की रिश्वत मांग रहे हैं। जिसके चलते आवेदकों की पेंशन नहीं बन पा रही है। इस अवसर पर साइको सोशियल काउंसलर फरखुंदा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सिंपी व कांता रानी व महिला पुलिसकर्मी उषा देवी उपस्थित थी।

### उपचाराधीन युवती से हुए रेप से सुरक्षा पर उठे सवाल

**गुरुग्राम।** निजी अस्पताल में उपचाराधीन युवती से अस्पताल के ही कर्मचारी ने रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से अस्पताल में भर्ती मरीजों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। साथ ही सवाल यह भी उठे हैं कि क्या मरीज को पूरी तरह से अकेला छोड़ दिया गया था। जिस कारण युवती का बलात्कार हुआ। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से महेंद्रगढ़ की रहने वाली 21 साल की युवती सांस रोग से पीड़ित थी। उसे यहां एक निजी अस्पताल में 21 अक्टूबर को उपचार को भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर देखते हुए उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। युवती के पिता के मुताबिक मंगलवार को उनकी बेटी को होश आया। इस दौरान उसने कागज पर लिखकर बताया कि उसका यहां शारीरिक शोषण हुआ है। उसने अस्पताल के कर्मचारी विकास नामक युवक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया। युवती द्वारा बताई गई आपबीती के बाद उसके पिता ने यहां सुशांत लोक पुलिस थाना में शिकायत दी। शिकायत में कहा कि 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के बीच उनकी बेटी का शारीरिक शोषण हुआ है। पुलिस उपायुक्त मकसूद अहमद के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस बाबत अस्पताल के प्रवक्ता का कहना है कि युवती को 21 अक्टूबर को यहां भर्ती कराया गया है। छह दिन तक अस्पताल में उपचाराधीन होने के बाद यवुती ने रेप की बात कही है। पुलिस जांच कर रही है। जांच में अस्पताल की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। अस्पताल के आईसीयू में युवती से रेप की घटना की सूचना के बाद से निजी अस्पतालों में भी मरीजों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। आईसीयू में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को लेकर संदेह पैदा हो रहा है। इस घटना ने एक नए विवाद और सवाल को जन्म दे दिया है।

### कर्मचारी ने पीजी में की फंदा लगाकर आत्महत्या



**गुरुग्राम।** फर्रूखनगर क्षेत्र में एक निजी कम्पनी में लोडिंग का कार्य करने वाले एक युवक ने अपने पीजी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में बंद कमरे को खोल कर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को आशंका है कि अशोक की हत्या की गई है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पुत्र रामनिवास निवासी साहुवाला जिला हिसार जो कि पिछले 20 दिनों से फर्रूखनगर के कैलाश अस्पताल के साथ बनी बंसल पीजी में रहने आया था। वह एक निजी कम्पनी में लोडिंग का कार्य करता था। उसके साथ टीन शेड के कमरे में रहने वाले देविंद्र पुत्र हरदत राय निवासी भानगढ़ जिला हनुमानगढ़ राजस्थान ने बताया कि अशोक कुमार उसके साथ पीजी में एक ही कमरे में रहता था। वह पिछले कुछ दिनों से फोन की घंटी बजने के साथ ही कमरे के बाहर जाकर किसी से काफी देर तक बात करता था। कमरे से वह घर जाने के लिए गया था। 17 अक्टूबर को वह वापस आया और वह घर ना जाकर हिसार से ही वापस लौट आया। बुधवार को अशोक की छुट्टी थी। इसलिए वह पीजी में अपने कमरे पर ही आराम कर रहा था। रात्रि करीब 11:49 पर अशोक ने अपने मोबाइल से उसके पास वॉट्सअप पर मैसेज किया कि भाई सोरी मैं जाऊं। ओके प्लीज और मेरे घर का नै कुछ नहीं कहिये, कर्ज के बारे में। भाई ओके ना। देविंद्र के मुताबिक जब वह गुरुवार सुबह करीब 6 बजे पीजी पर पहुंचा तो देखा कि अंदर से टीन शेड के बने कमरे की कुंडी लगी हुई है। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसने दरवाजे की दराज से अंदर देखा तो बैड को आगे करके अशोक रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर लटका था। उसने इस बारे में पीजी मालिक को सूचना दी।

### रूडसेट संस्थान ने मनाया सतर्कता सप्ताह



**गुरुग्राम।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार गुरुवार को रूडसेट संस्थान में भी सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत सतर्कता दिवस मनाया गया। जिसमें करीब 25 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा रूडसेट संस्थान से प्रशिक्षण महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आजीविका मिशन की डीपीएम दीप्ति ढ़ीडसा भी उपस्थित रही। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजय ढींगड़ा ने सभी उपस्थित कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों को केंद्रीय सतर्कता ब्यूरो द्वारा दिए गए शपथ पत्र के अनुसार शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने आप में भ्रष्टाचार ना करने, ना सहने की शपथ लें तो अपने आप भारत भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। जो एक उन्नत देश के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप सुधरे, जग सुधरा का सिद्धांत हम बहुत सरलता से अपना सकते हैं। इस अवसर पर दीप्ति ढींढसा ने कहा कि अपने आप में जागरूकता लायें, ताकि आप भ्रष्टाचार मुक्त कराने सहयोग दे सके।

### निकिता हत्याकांड के दोषियों को जल्द हो फांसी



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय हिंदू क्रांति दल युवा मोर्चा ने निकिता हत्याकांड के दोषियों को फांसी और मृतका के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मुआवजे की राशि दोषियों की चल-अचल संपत्ति से ही देने की मांग मुख्यमंत्री से की है। अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर को सम्बोधित एक ज्ञापन गुरुग्राम जिला उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन देने वालो में युवा मोर्चा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गौतम प्रचार मंत्री प्रमोद गाड़ोली, जिला जिला मंत्री अक्षय रोहिल्ला, विकास बघेल, सुनील यादव, मनीष प्रजापत, गजेन्द्र मास्टर आदि शामिल रहे। मुख्यमन्त्री के नाम ज्ञापन में कहा गया है कि बल्लभगढ़ में निकिता हत्याकांड के दोषियों का केस फास्ट ट्रेक अदालत में चलाकर तत्काल फांसी की सजा दी जाए। क्योंकि इस मामले में पूरे देश में हिंदू संगठनों में आक्रोष है। बल्लभगढ़ में गत सोमवार को निकिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# निकिता हत्याकांड के आरोपियों को दें फांसी की सजा

## राजपूत सभा और हिंदू समाज के लोगों ने करनाल लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



निकिता के हत्यारोपियों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते राजपूत सभा के लोग।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राजपूत सभा के लोग।

**फरीदाबाद** के बल्लभगढ़ में छात्रा निकिता हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करनाल तक पहुंच चुकी है। वीरवार को राजपूत सभा सहित अन्य हिंदू समाज के लोगों ने लघु सचिवालय में एकत्रित होकर आरोपियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एसडीएम को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सीमित समय में कड़ी कार्रवाई की मांग की।

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल देवेंद्र सिंह वीर चक्र और राजपूत सभा के करनाल अध्यक्ष मास्टर रिच्छपाल सिंह ने कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरा हिंदू समाज सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगा। कर्नल देवेंद्र सिंह वीर चक्र ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि आरोपी ने लड़की पर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाया और लड़की के मना करने पर उसे गोली मारकर हत्या कर दी। धर्म परिवर्तन कानून कई प्रदेशों में लागू है, लेकिन हरियाणा में भी यह कानून बने ताकि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। उन्होंने राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनेता हाथरस में लाठियां खाने के बावजूद पीड़ित के घर पहुंचे, क्योंकि उन्हें वहां पर वोट बैंक नजर आता था, लेकिन बल्लभगढ़ हत्याकांड में आरोपी ऐसे विपक्षी दलों के बैंक से है इसलिए अब उन्हें सांप सूंघ गया है। मृतक छात्रा के घर जाने की बजाए संवेदना के दो शब्द भी नहीं बोले। ऐसे राजनीतिक दलों की मानसिकता पहचानने की जरूरत है।

भाजपा भी हिंदू हितैषी होने का दावा करती है और हरियाणा में भाजपा की सरकार है। यदि भाजपा शासित राज्य में मुस्लिम धर्म के लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं तो अन्य राज्यों में क्या हाल होगा। यदि सरकार छात्राओं की रक्षा करने में असमर्थ है तो समाज के लोगों को खुद ही बेटियों की रक्षा करनी पड़ेगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट में यह मामला चले और तीन महीने के अंदर आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए।

राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष मास्टर रिच्छपाल सिंह ने कहा कि इस हत्याकांड से पूरे हिंदू समाज में रोष का माहौल है। सरकार आरोपी युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, यदि आरोपियों को जल्द फांसी की सजा नहीं हुई तो समाज के लोग सड़कों पर उतरेंगे और बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर डा. एनपी सिंह, जंग सिंह, तेजपाल राणा, जसबीर राणा, ईलम सिंह, मोहर सिंह, विकास राणा, लक्की राणा, गौरव राणा अरड़ाना, रिंकू राणा, विनय सिंह, गुरदीप राणा, दीपक राणा, तरसेम राणा, मानसिंह, जोनी राणा, स्पर्श राणा सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## निकिता को मिले न्याय : सर्व समाज ने निकाला कैंडल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



भिवानी में प्रदर्शन करते सर्व समाज के लोग।

**बल्लभगढ़** की छात्रा निकिता तोमर का धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने व निकिता द्वारा इनकार करने पर दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने वालों को जल्द से जल्द फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा फांसी की सजा देने की मांग को लेकर स्थानीय रोहतक गेट स्थित राजपूत धर्मशाला में सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए। उसके बाद घटना की घोर निंदा करते हुए निकिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष कुणाल जीत सिंह ने कहा कि आरोपियों को यथा शीघ्र फांसी दी जाए जिससे की इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि निकिता एक बहुत ही बहादुर छात्रा थी जिसने बहादुरी से कायर तौसीफ से टक्कर लेकर समाज की मर्यादा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि निकिता के परिवार को न्याय नहीं दिया तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करना है तो फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से निकिता के हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी दी जाए।

## क्षत्रिय समाज सभा ने की मृत्यु दंड की मांग


बैठक में भाग लेते क्षत्रिय समाज सभा के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** क्षत्रिय समाज ने बल्लभगढ़ में निकिता तोमर की हत्या पर रोष जताते हुए आरोपियों को मृत्यु दंड दिए जाने की मांग की है। ब्रह्मसरोवर के निकट क्षत्रिय राजपूत धर्मशाला में वीरवार को सभा की हुई बैठक में यह मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राजेंद्र सिंह राणा ने की। सभा से जुड़े रामभूल सिंह चौहान ने बताया कि सभा ने एकमत से केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि बल्लभगढ़ में जो जघन्य अपराध निकिता तोमर के साथ हुआ, उसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। भविष्य में अन्य बेटियों के साथ ऐसे अपराध न हो, इसके लिए सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करें। निकिता के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर मृत्यु दंड दिया जाए, ताकि हमारी बेटियों का भारतीय न्याय प्रणाली पर विश्वास कायम रह सके। बैठक में चंद्रपाल राणा, तेजपाल राणा, राजकरण राणा, हाकम राणा, करण राणा, रघुबीर सिंह, गजे सिंह, हरपाल सिंह, अजमेर सिंह, श्याम सिंह, धर्मपाल, सतबीर परमार, सुरेश राणा और राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## बेटियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : डॉ. संतोष

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**सर्वखाप** महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सन्तोष दहिया ने कहा कि बच्चियों के साथ आए दिन हो रहे दर्दनाक मामलों ने देश के आमजन को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि देश में बच्चियों के साथ हो रही बेहद दर्दनाक घटनाएं सामने आने से हर देशवासी शर्मसार हो रहा है। बेटियों के साथ हो रही घिनौनी हरकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

डॉ. संतोष दहिया गांव कालीराणा में महिलाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा है कि बल्लभगढ़ में एक मासूम लड़की का किसी के साथ जाने से इंकार करने पर उसे गोलियों से भून दिया जाना बहुत ही निंदनीय व असनीय है। विजय भारती, जसविंदर कौर,आशु, अमृता कौर, रवीना,सर्जन, नवनीत कौर, नवदीप कौर, अनीता रानी, सुनीता रानी, कविता देवी, गुलाब कौर, पूजा रानी, परविंदर कौर, बलबीर कौर, सीमा शर्मा, अंजू सैनी, पिंकी सैनी, रानी कश्यप, पूनम, इंदु शर्मा, विधु शर्मा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## पेंशन अधिकार दिवस के लिए बिजली निगम का मिला समर्थन : प्रमोद ईष्टकान

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति की जिला कार्यकारिणी द्वारा बिजली निगम के इंदिरा कालोनी दफ्तर में बैठक का आयोजन किया। जिसमें विभाग की सभी यूनियन के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष सोमदत्त, सहसचिव विनोद शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान उपस्थित थे।

प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने एक नवंबर को गोहाना में पेंशन अधिकार दिवस पर विभाग के कर्मचारियों को गोहाना पहुंचने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति पिछले कई सालों से लगातार सरकार से पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने की मांग करती आ रही है, क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा 2004 और राज्य सरकार द्वारा 2006 में लागू कई की गई नई पेंशन नीति एनपीएस पूरी तरह से शेयर बाजार पर आधारित है, जिसमें न केवल कर्मचारियों के वेतन का 10 प्रतिशत बल्कि सरकारी खजाने से भी इतनी ही रकम कर्मचारियों के पेंशन के नाम पर शेयर बाजार में लगाई जा रही है। सतीश कुमार दहिया, अनिल कौशिक, हरपाल भनवाला, सतीश, सतीश कुमार, मोहित जेई, चंद्रभान जेई, सुरज कुमार जेई, नीरज कुमार जेई, सरोज, हंसराज, अनिल, प्रवीण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## ग्रांट के अभाव में नपा के विकास कार्यों पर ब्रेक

### दो वर्ष से शहीद भगत सिंह स्टेडियम का कार्य अधूरा पड़ा हुआ

पायनियर समाचार सेवा। रादौर


रादौर नगर पालिका कार्यालय भवन।

**सरकार** की ओर से नगर पालिका रादौर को लंबे समय से ग्रांट राशि न दिये जाने से शहर में पिछले लगभग एक वर्ष से विकास कार्य ठप पड़े हुए है। शहर में नगर पालिका द्वारा लगभग चार एकड़ में बनाया जा रहा शहीद भगत सिंह स्टेडियम लगभग 2 वर्षो से ग्रांट की कमी के चलते अधूरा पड़ा हुआ है।

यहीं हाल नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड के सामने बनाये गये नये पार्क का है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अभी भी पार्क का बहुत सा कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि शहर में बनाई गई नालियों, गलियों व पार्क सहित अन्य निर्माण कार्यों का लगभग ढाई करोड़ रुपया नगर पालिका को ठेकेदारों का चुकाना है। लेकिन ठेकेदारों को चुकाने के लिए नगर पालिका के पास ग्रांट राशि नहीं है। इस प्रकार शहर की नगर पालिका की मौजूदा हालत बेहद खस्ता है। जिसका असर शहर के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। पिछले एक वर्ष के दौरान शहर में बहुत कम संख्या में विकास कार्य हुए है। जबकि आज भी शहर के वार्ड नंबर एक, दो, तीन व अन्य वार्डों में बहुत सी गलियां कच्ची है। शहर में विकास कार्य न होने से लोगों में भारी रोष है।

मौजूदा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन इस दौरान नगर पालिका रादौर को विकास कार्यों के लिए एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। जबकि पिछले निर्माण कार्यों की करोड़ों रुपये की देनदारी नगर पालिका को अलग से दरकार है। शहर के पार्षद लंबे समय से सरकार से नपा को विकास कार्यों के लिए ग्रांट राशि दिये जाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदकर बैठी हुई है। इस बारे में नपा सचिव अजय कुमार वालिया ने बताया कि लंबे समय से नगर पालिका को ग्रांट राशि नहीं मिली है। जबकि शहर में बनाये जा रहे पार्क, स्टेडियम व अन्य निर्माण कार्य का ढाई करोड़ रुपये की राशि का ठेकेदारों का भुगतान भी बकाया है। पार्षद भगवत दयाल कटारिया, दलीप सिंह रिंकू, महेंद्रपाल टीना, डॉ. प्रीतगर्ग, रोशनलाल सैनी आदि ने बताया कि नगर पालिका के विकास के लिए इस समय पांच से 10 करोड़ रुपये की ग्रांट की आवश्यकता है। जिससे शहर का विकास हो सकें।

पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने बताया कि वह नगर पालिका रादौर के विकास के लिए तीन करोड़ रुपये की ग्रांट राशि के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिले है। जल्द ही रादौर नगर पालिका को तीन करोड़ रुपये की ग्रांट राशि दिलाई जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर रहे नपा कर्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे नगर पालिका के कर्मचारी दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर बैठे। नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे इन कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। हड़ताल में शामिल नेकी राम, राजकुमार, केसा राम, राजबीर, दलविंदर, बीरू राम व समेपाल आदि ने बताया कि कर्मचारियों की मांगे लंबे समय से विचाराधीन हैं। जिनमें हैड सीवरमैन व चतुर्थ-तृतीय श्रेणी के पद भरना, वरिष्ठता के आधार पर पात्र कर्मचारियों की प्रमोशन व एसीपी स्केल का लाभ, वेतन विसंगति दूर करने, दो वर्ष के अनुभव के आधार पर दैनिक वेतन भोगी अनुबंधित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पक्का करने, जोखिम भत्ता चार हजार व कोरोना से कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सहित अनेक मांगे यूनियन द्वारा की गई है। यदि सरकार इन मांगों पर विचार नहीं करती, तो 8 नवंबर को अंबाला कैंट के इंदिरा पार्क में राज्य स्तरीय विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

### बच्चों ने ऑनलाइन कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं तक के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता बाल महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। अध्यापकों ने बच्चों को कार्ड मेकिंग की जानकारी दी। इस गतिविधि में बच्चों ने अपनी रूचि दिखाई और उन्होंने कार्ड मेकिंग का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बच्चों की कला को सराहा व उनकी सराहना की। गतिविधि इंचार्ज मनोज भसीन की देखरेख में हुई। स्कूल उपप्रधानाचार्य विरेन्द्र सिंह, उषा, रिंकी, मनप्रीत, मोनिका, ललिता, नीलम, रीतू, साहिल, किरणदीप, ममता, मीना, दिनेश, राधा, बिन्दरी, मेहूल, सतेन्द्र, विक्रम, कुलविन्द्र, राजेश, मीनाक्षी, सुखविन्द्र और सन्देश आदि मौजूद रहे।

### बीमार मां से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री रत्न लाल कटारिया

**कुरुक्षेत्र।** अपनी बीमार मां से मिलने के लिए केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री रत्न लाल कटारिया पैतृक नगर पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री की मां परवारी देवी (95 वर्षीय) काफी समय से बीमार चल रही हैं। अब उन्हें पंचकूला से लाडवा में शिफ्ट किया गया है और वे अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। रत्न लाल कटारिया ने बताया कि उनकी मां काफी समय से बीमार हैं। पहले उनकी मां को पंचकूला के एक अस्पताल में दाखिल किया था। अब उन्हें लाडवा में शिफ्ट किया गया है और पैतृक निवास स्थान रविदास नगर लाडवा में वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने परम पिता परमात्मा से अपनी माता के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### देवसर धाम के कपाट खुले



**भिवानी।** देवसर धाम के पुजारी कंवरपाल ने बताया कि आम जनता के लिए देवसर धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। आज मंदिर के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी श्रद्धालुओं के लिए देवसर धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। सरकार के आदेशानुसार सभी श्रद्धालुओं को मास्क लगाकर आना होगा व सैनिटाइजर का प्रयोग करना होगा एवं मंदिर में घंटी व अन्य सामान को छूना वर्जित है। पुजारी ने बताया कि मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं सामाजिक दूरी का विशेष ख्याल रखें।

### फर्जी सर्टिफिकेट से पॉलिटैकनिकल में एडमिशन लेने वाला काबू

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने धोखाधड़ी से सर्टिफिकेट बनवाकर पोलटैकनिकल में एडमिशन लेने की घटना में शामिल युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि 11 अगस्त को सोहनलाल पुत्र सतपाल निवासी ज्ञान नगर सोनीपत ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि धर्मेन्द्र कुमार निवासी मुलानिहार जिला आजमगढ़ यूपी हाल बाबा कालोनी शहर सोनीपत ने धोखाधड़ी से एससी का सर्टिफिकेट बनवाकर पॉलिटैकनिकल रोहतक में एडमिशन लिया है। थाना शहर सोनीपत के अंतर्गत कोर्ट कॉम्पलैक्स पुलिस चौकी टीम घटना में शामिल धर्मेन्द्र कुमार निवासी मुलानिहार जिला आजमगढ़ यूपी हाल बाबा कालोनी शहर सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के बताये अनुसार 6560 रुपये की ली गई स्कॉलरशिप की नकदी को भी बरामद कर लिया गया है। युवक को न्यायालय में पेशकर पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Birender Nath Vadehra S/o Jatinder Vadehra R/o H.No. 340, Ashoka Enclave-III, Sector-35, Faridabad have changed my name to Birender Vadhera for all purposes.

◆ खोया-पाया ◆

It is notified for the information that my Origingal Qualifying Examination Certificate of Main Secondary Examination of Year 2012 & roll No. 2150492 issued by CBSE has been actually Lost. Yogesh Yadav S/o Surender Singh, Vill-Bucholi, Disst. Mahendergarh HR-123034, Ph.- 9896558775

It is notified for the information that my original qualifying examination certificate of secondary examination of year 2014-15 and Roll No 8200411 issued by CBSE has been actually lost. Aakanksha Ghosh R/o Block-U, DLF Phase-3, Gurgaon Haryana

बेदखली सूचना

मैं, साकिर अली पुत्र श्री सदीक अहमद निवासी मकान न. डीसी-1782 वार्ड न. 9 डबुआ कालोनी फरीदाबाद अपने पुत्र अफजल को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है। उसके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

उठेंगी रोज़ आँगन से यहाँ सिसकारियाँ कब तक
वतन की बेटियाँ देंगी यहाँ कुर्बानियाँ कब तक
विदा होते हुए मासूम बेटी कह गई सबसे
सहेंगी ज़ुल्म ज़ालिम के तुम्हारी बेटियाँ कब तक

## अमेजन इंडिया ने वंचित समुदायों के छात्रों के लिए 'डिलीवरिंग स्माइल्स' प्रोग्राम शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा / रोहतक

**अमेजन** इंडिया ने वैश्विक महामारी के इस संकट में ऑनलाइन शिक्षा के लिए, कम आय और कम-सुविधा वाले छात्रों के बीच स्मार्ट डिवाइसेज के लिए तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए डिलीवरिंग स्माइल्स प्रोग्राम की घोषणा की। किसी डिवाइस को उपहार में देने की पेशकश करते हुए, यह प्रोग्राम भारत भर के कस्टमर्स के लिए इस उद्देश्य से जुड़ना संभव बना देगा, और साथ ही, प्रसिद्ध एनजीओ के माध्यम से भागीदारी करके छोटे योगदान को भी संभव बनाएगा।

जरूरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए, अमेजन सरकार और सहायता प्राप्त स्कूलों और चाइल्ड सेंटर्स के साथभागीदारी करने वाले 18 एनजीओ को सीधे 5,000 से अधिक 4जी-एनेबल्ड टैबलेट कंप्यूटर दान करते हुए डोनेशन कैम्पेन शुरू करेगा।

आकांक्षा फाउंडेशन के सीओओ राहुल गुप्ता ने कहाकि हम ऐसे हजारों बच्चों के साथ सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में काम करते हैं, जिनके कई बच्चों के मां-बाप अपनी आजीविका खो चुके हैं। भले ही दूरस्थ शिक्षा अल्पावधि वाली हो, लेकिन हाइब्रिड लर्निंग सिस्टम की तरफ होने वाला एक मौलिक बदलाव है और आकांक्षा में हम स्कूलों के फिर से खुलने के बाद, डिजिटल डिवाइसेज के माध्यम से ब्लेंडेड शिक्षण को एक दीर्घकालिक समाधान के रूप में देखते हैं। इस बदलाव से डिवाइसेज के बिना, स्कूल जाने वाले 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे छूट जायेंगे।

## वरमोरा ग्रेनिटो दो अत्याधुनिक संयंत्रों में लगभग 300 करोड़ का निवेश करेगी

### 1,200 रोजगार का सर्जन होगा

### अपनी रजत जयंती मनाते हुए - वरमोरा समूह दुनिया भर में एक प्रमुख टाइल और बाथवेयर ब्रांड बन गया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख टाइल और बाथवेयर ब्रांड में से एक वरमोरा ग्रेनिटो प्राइवेट लिमिटेड गुजरात के मोरबी में दो अत्याधुनिक उच्च तकनीकी संयंत्र स्थापित कर रहा है। कंपनी लार्ज फोर्मेट जीवीटी टाइल्स के लिए 35,000 वर्ग मीटर प्रति दिन की सुविधा में लगभग 300 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी को उम्मीद है कि अप्रैल 2021 तक संयंत्रो का पूरा तरह से वाणिज्यिक परिचालन हो जाएगा और इससे 1,200 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। 25 वर्षों के नवाचार, डिजाइन और प्रौद्योगिकी का जश्न मनाते हुए, कंपनी ने अगले 2-3 वर्षों में 1,600 करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नए संयंत्रो का वर्च्यूअल शिलारोपण विधि का कार्य गुजरात के मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी ने 27 अक्टूबर को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया था। समारोह के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव - उद्योग और खान (गुजरात), एमके दास, आईएएस भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, वरमोरा ग्रुप के चेयरमैन भावेश वरमोरा ने कहा, विश्वसनीयता, नवाचार, गुणवत्ता चेतना, डिजाइन और प्रौद्योगिकी के लिए भरोसेमंद वरमोरा ने अपने लिए एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाई है जो विश्व स्तर पर अच्छी तरह से पहचानी जाती है। अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ तालमेल रखने के लिए बाजार में लगातार नवीन और मूल्य वर्धित उत्पादों को पेश करके भारतीय सिरेमिक उद्योग में अग्रणी के रूप में पहचान मजबूत बनाना चाहता है। यह प्रस्तावित विस्तार हमें निर्यात बाजार के साथ-साथ घरेलू बाजारों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा।

वरमोरा ग्रेनिटो को भारत में शीर्ष टाइल और बाथवेयर ब्रांड के बीच स्थान दिया गया है और कंपनी दीवार और फर्श टाइल्स, स्लैब, सैनिटरीवेयर, नल और रसोई सिंक की एक विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करती है। 11 संयंत्रों के साथ, कंपनी की स्थापित उत्पादन क्षमता दैनिक 1.1 लाख वर्ग मीटर है। कंपनी के पास घरेलू बाजार में 7,000 से अधिक टच प्वॉइंट हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नम्बर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नम्बर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# वायु प्रदूषण से बढ़ेगा कोरोना

## शोध से निकला नतीजा

**शोधकर्ताओं** ने हमारी सबसे बुरी आशंका की पुष्टि की है कि प्रदूषित वाये से न केवल कोरोना के लक्षण गंभीर होते हैं, बल्कि यह वायरस को हमारे चारों ओर बांधे रखती है। इसे देखते हुए अब समय आ गया है कि हम अपने चारों ओर की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए गंभीर प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। इसके लिए कठोर राजनीतिक इच्छाशक्ति, लागू करने योग्य नीतियों, जीवनशैली में परिवर्तन तथा टिकाऊ व्यवहार जरूरी हैं तथा ऐसा न होने पर मौत का खतरा है। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों ने उस आम समझदारी पर मुहर लगाई है कि हवा में ठोस कणों का संकेंद्रण उसे जितना भारी बनाता है, उतना ही उनमें कोविड-19 वायरस के फंसे रहने का खतरा बढ़ जाता है। इससे कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता है। वायु प्रदूषण से फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है जिससे दमा, फेफड़ों की बीमारियां, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां तथा मधुमेह बढ़ते हैं और इन बीमारियों की उपस्थिति में कोविड जानलेवा हो जाता है। ऐसे में दिल्लीवासियों की चिन्ता बढ़ गई है जिनकी हर साल जाड़े में प्रदूषण झेलने से बीमारी के प्रति प्रतिरोध क्षमता घटी है। मधुमेह नियंत्रण के राष्ट्रीय केन्द्र-एनसीडीसी ने चेतावनी दी है कि इस जाड़े में श्वसन रोगों के रोज 15,000 मामले सामने आ सकते हैं जिनसे बीमारी के लक्षण और गंभीर होंगे। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन से पता चला है कि प्रति घन मीटर पीएम 2.5 की केवल एक माइक्रोग्राम वृद्धि से कोविड मृत्यु दर में आठ प्रतिशत वृद्धि हो सकती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अप्रैल में कराए एक अध्ययन से भी इंग्लैंड के अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में कोविड-19 की भयावहता पुष्ट हुई है। 2019 की विश्व



वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित 30 शहरों में से 21 थे जहां हवा की गुणवत्ता डब्लूएचओ द्वारा सुझाए मानकों से दस गुना अधिक खराब थी। पिछले सप्ताहों में दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 180-340 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था जिससे फेफड़े खराब होने व संक्रमणों से लड़ने की शारीरिक क्षमता प्रभावित होती है। इटली के अध्ययनों से पता चलता है कि ऐसे में वायरस का प्रसार बढ़ सकता है। पराली जलाने, त्योहारों पर आतिशबाजी, हवा की कम गति तथा वाहनों व उद्योगों के कारण बढ़ते प्रदूषण ने स्थिति खराब की है।

ऐसे में हमें प्रदूषण की समस्या के स्थाई समाधान की आवश्यकता है जो केवल प्रतीकवाद से संभव नहीं है। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए विभिन्न नीतियां लागू की हैं। इनमें राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम-एनसीएपी नवीनतम है। इसमें भारत के 122 शहरों में शहरों के स्तर पर वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीतियां विकसित करना शाामिल है। लेकिन यह योजना अब तक ज्यादा कारगर नहीं हो सकी है। इसके कानूनी कारण हैं क्योंकि एनसीएपी में कठोर कार्रवाई के प्राविधान नहीं हैं। क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निगरानी व निरीक्षण व्यवस्था तथा इसके लिए प्रशिक्षित कर्मियों की जरूरत है। इसका बजटीय आबंटन भी बहुत कम है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों की संख्या 38 है, जबकि उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या 25, महाराष्ट्र में 22 तथा तमिलनाडु में केवल 5 है। यह डेटा एकत्र करने के लिए बिल्कुल नाकाफी है। नीतियों के दृष्टिकोण से सरकारों को आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। हमें समझना चाहिए कि जीवन अपने आप में एक निरंतर उत्सव है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए नवीन तकनीकी समाधनों की खोज के लिए समुचित वित्तीय संसाधन जरूरी हैं। इसके लिए एक निवेश फंड बनाया जा सकता है जो पर्यावरण हितैषी उद्योगों को बढ़ावा देकर वायु प्रदूषण घटाने के प्रेरक की तरह काम करे। बिजनेसों को अपने उत्सर्जनों की सीमायें तय करने के साथ यह भी बताना चाहिए कि उनके उत्पादों का प्रदूषण फुटप्रिंट क्या है। इससे उपभोक्ताओं की पसंद ज्यादा पर्यावरण हितैषी हो सकेगी। एक अध्ययन से स्पष्ट है कि दिल्ली में लगभग 2.2 मिलियन स्कूली बच्चों के फेफड़ों को स्थाई नुकसान हो चुका है। इस समस्या से न निपटना जानलेवा हो सकता है।

# बंगाल की राजनीतिक विशिष्टता

## बंगाल राजनीतिक रूप से हिंदी पट्टी वाले राज्यों से एकदम अलग है। यहां लोग पहले बंगाली हैं, जबकि धर्म समेत बाकी चीजें बाद में आती हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल की राजनीति में 8 अक्टूबर को हुगली नदी के पश्चिमी किनारे पर पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसे टकरावों को राज्य की राजनीति का अंग नहीं बनने देना चाहिए। भाजपा पूरब के इस किले पर कब्जे का प्रयास कर रही है, पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में असामयिक दु:खद निधन के बाद भाजपा के पास कोई कद्दावर नेता नहीं है। बंगाल ने एक भी ऐसा नेता नहीं पैदा किया है जो खासकर हिंदुओं की देखभाल कर सके। इसका कारण यह है कि राज्य ने हमेशा धार्मिक पहचान पर सांस्कृतिक पहचान को वरीयता दी है।

इसके साथ ही विभाजन के बाद पूर्वी बंगाल से आने वाले हिंदू शरणार्थियों के लिए कुछ खास नहीं किया गया और इस समस्या से निपटने के लिए राज्य को अकेले छोड़ दिया गया। सहायता करने के बजाय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस बारे में मुख्यमंत्री विधान राय को कई पत्र लिखे थे। 16 अगस्त, 1948 को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा था, 'पूर्वी बंगाल से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की समस्या का कोई समाधान नहीं है। इसी कारण मुझे इसे रोकने की बहुत चिन्ता है। जो भी हो, मेरे विचार से पूर्वी बंगाल के कुछ हिंदू नेताओं का पश्चिम बंगाल आना बहुत गलत है।' 22 अगस्त को नेहरू ने एक और पत्र लिखा था जिसमें कहा गया था कि 'यदि उनका बड़े पैमाने पर पलायन जारी रहता है तो यह एक बड़ी विभीषिका होगी। मैं इससे कांप जाता हूं।' जब नेहरू ने पंजाब में ऐसा ही प्रयास किया तो बताया गया कि उनका जीवन खतरे में फंस सकता है।

विडंबना है कि विभाजन के बाद सालों तक कांग्रेस को हिंदू पार्टी समझा जाता था, पर यह समझ बंगाल की नदियों में डूब गई। बाद के दशकों में कम्युनिस्ट पार्टियों ने शरणार्थियों के वोटों का लाभ उठाया, जबकि उन्होंने सक्रिय रूप से विभाजन का समर्थन किया था। जनसंघ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस व हिंदू महासभा ने शरणार्थियों की सहायता के सारे प्रयास किए, पर उस समय बंगाल में उनके पास कार्यकर्ताओं व संसाधनों की भारी कमी थी। उनको कम्युनिस्टों ने पूरी तरह हाशिए पर धकेल दिया। विडंबना है कि एक तिहाई शरणार्थी मतदाता वाम मोर्चा का वोटबैंक बन गए। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, चार दशक पहले 1977 में बंगाल कांग्रेस का सूरज डूब गया था।

बाद के दो चुनावों में हिंदू महासभा के चार विधायक जीते, पर केवल बांकुड़ा जिले में। जनसंघ व उनके सहयोगियों को मतदाताओं का समर्थन नहीं मिला, न ही वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन के बाद कोई लोकप्रिय नेता तैयार कर सके। हालांकि, प्रोफेसर हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे मतदाताओं का आकर्षण नहीं थे। इसका सबसे बड़ा कारण बंगाली बुद्धिजीवी तथा उनका कोमल हृदय है। भाजपा को भी इसे समझने की जरूरत है। चाहे ईसाई हो, मुसलमान या हिंदू, इस राज्य के निवासी पहले बंगाली हैं तथा धर्म समेत बाकी सारी चीजें बाद में आती हैं। उदाहरण के लिए, बांग्लादेश का राष्ट्रगान गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित है। आज रवीन्द्र संगीत की सर्वाधिक लोकप्रिय गायक ढाका की रिज़वाना चौधरी बानिया हैं जो साड़ी पहनती हैं और टीका लगाती हैं। बांग्लादेश की अनेक मुस्लिम महिलाओं की तरह धर्म उनके इस काम में बाधा नहीं डालता है।

किसी अन्य चीज के मुकाबले बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन का मूल कारण भाषा थी। फरवरी, 1948 में कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना पहली बार ढाका गए तथा उन्होंने विश्वविद्यालय छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने जोर दिया कि पाकिस्तान की एक राष्ट्रीय भाषा उर्दू होगी। स्रोताओं ने पूछा कि 'बांग्ला का क्या होगा? हम पाकिस्तान में बहुसंख्यक हैं।' इस पर जिन्ना गुस्सा हो गए। उन्होंने पूछा कि क्या पूर्वी पाकिस्तान के बंगालियों की कोई खास उपलब्धि है। इसकी प्रतिक्रिया में ढाका की सड़कों पर पहला आंदोलन हुआ। कुछ समय बाद ही बांग्लादेश के राष्ट्रपिता व वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान ने मुस्लिम लीग से इस्तीफा दे दिया तथा अवामी लीग की स्थापना की। उन्होंने पूर्वी बंगाल के अधिकारों के लिए आंदोलन किया और अंतत: उसे अलीगढ़ में सपना देखने वालों से अलग किया जो एक मुस्लिम देश को नया मदीना समझ रहे थे।

तुर्की के महान आधुनिकतावादी मुस्तफा कमाल पाशा द्वारा 1924 में खलीफ़त को समाप्त करना सुन्नी इस्लाम के मोमिनों के लिए भारी धक्का था। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विद्वान चाहते थे कि पाकिस्तान एक नया खलीफ़ तैयार करे। लेकिन पूर्वी बंगाल के लोग इस सपने में शामिल नहीं थे। वास्तव में 1946-47 में कुछ समय पूर्वी पाकिस्तान के मुख्यमंत्री रह चुके फजलुर रहमान एक लोकप्रिय किसान नेता थे। अब्दुल रहीम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरद चंद्र बोस से स्वतंत्रता के तीसरे आयाम के रूप में एकीकृत बंगाल के बारे में बात कर रहे थे, जबकि अन्य दो आयाम पाकिस्तान और हिंदुस्तान थे। बांग्लादेश के अधिकांश मुसलमानों का धर्मांतरण मौलवियों ने कराया था जो कई पीढ़ियों से चटगांव में बस गए थे।

अरब व्यापारियों के साथ मुस्लिम धर्मगुरु ग्यारहवीं शताब्दी में यहां पहुंचे थे। औपचारिक रूप से मुसलमान होने के बावजूद तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के निवासी सांस्कृतिक रूप से बंगाली बने रहे। उनमें से अनेक धोती पहनते थे और महिलायें अधिकांशत: साड़ी पहनती थीं। संयोग से उस समय कोलकाता में हिंदू भी घर पर लुंगी पहनते थे।

इन साथी मुसलमानों को संबोधित करते हुए बंगाली भद्रलोक अक्सर उनको 'बेचारा मुसलमान' कहते थे। इसकी व्याख्या यह है कि अमीर हिंदुओं ने खासकर गांवों में मुसलमानों का शोषण किया था तथा उनके साथ सामाजिक भेदभाव का व्यवहार किया था। एक सीमा तक उनको हिंदू विवाहों में भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता था, पर उनको अक्सर अपनी थाली स्वयं लगानी व साफ करनी पड़ती थी। नौकर केवल हिंदू अतिथियों की सेवा करते थे। वैसे भी हिंदू जमींदार पूर्वी बंगाल के अधिकांश मुसलमानों से अपने गुलामों जैसा व्यवहार करते थे। अपने बारे में बात करते हुए वे कभी हिंदुओं को काफिर कहने की हिम्मत नहीं कर सकते थे। विभाजन के समय हिंदू लड़कियों का अपहरण करने या हिंदू संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उनको भगाने के अधिकांश अपराधी बाहर से आकर बंगाल में बसने वाले लोग थे।

आज भी स्थानीय लोगों तथा एक समय बाहरी रहे लोगों के बीच अंतर करना कठिन है। उदाहरण के लिए पाकिस्तान के दूसरे प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन बसने वाले परिवार से थे, जबकि शेख मुजीबुर रहमान और उनकी बेटी स्थानीय बंगाली नस्ल के थे। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया स्पष्ट रूप से बसने वाली परिवार की लगती थीं। हालांकि, उपरोक्त बातों के बावजूद हिंदू-मुस्लिम भिन्नताओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

'हिंदुत्व' शब्द का सबसे पहले प्रयोग श्री अरविंद के ममेरे बाबा राज नारायण बोस ने अपने लेखन में वर्ष 1863 में किया था। बंगाल प्रांत में अनुशीलन समिति के गठन के साथ हिंदू मेलों का आयोजन शुरू हुआ था। इसी प्रकार जब कोई मुसलमान बंगाली हिंदू तथा उसकी सामाजिक-आर्थिक श्रेष्ठता की बात सोचता है तो उसका विरोध करता है। वह सामान्य की तुलना में स्वयं को अधिक मुसलमान दिखा कर अपना विरोध प्रदर्शित करता है, जबकि सामान्य स्थिति में वह एक साथी हिंदू बंगाली जैसा ही दिखता है। इस प्रकार वह आकाश पाताल व आसमान जमीन के बीच झूलता रहता है जिसकी अभिव्यक्ति बांग्लादेशी मीडिया में दिखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल हिंदी पट्टी वाले राज्यों से राजनीतिक रूप से एकदम अलग है।

# बदले परिवेश में तमिलनाडु की राजनीति

> एक बात तो निश्चित है कि तमिलनाडु के चुनावों में शशिकला और रजनीकांत का प्रभाव अवश्य ही देखने को मिलेगा।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



तमिलनाडु में सत्ताधारी अन्नाद्रमुक खामोशी से अगले वर्ष के पूर्वार्द्ध में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अब जबकि चुनाव होने में कुछ ही महीने शेष हैं, पार्टी अपने वर्तमान मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी को मुख्यमंत्री के प्रत्याशी के तौर पर पेश कर तथा अन्य दावेदार ओ पनीरसेल्लवम को दरकिनार करके अपनी आंतरिक समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। महत्वपूर्ण रूप से, 2021 के चुनाव दो बड़ी प्रतिमूर्तियों, जयललिता व करुणानिधि, के बगैर होंगे, तथा अन्नाद्रमुक एवं द्रमुक नेतृत्व की परीक्षा भी होगी। असलियत में, दोनों में से एक भी दल के पास करिश्माई नेतृत्व नहीं है और ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक कोई भी दल लगातार तीन बार सत्ता में नहीं रहा है।

यद्यपि लड़ाई दो प्रमुख द्रविड़ दलों के बीच है, वहां पर दो अन्य कारक भी हैं। पहला कारक है शशिकला नटराजन, जो कई वर्षों तक जयललिता की विश्वासपात्र तथा जोड़ीदार रही हैं। आय से अधिक संपत्तियों के आरोप में चार वर्ष का कारावास भोगने के बाद वो फरवरी 2021 में जेल से बाहर आएंगी। उनके पास पर्याप्त धन और राजनीतिक कौशल है जिसके बल पर वो अन्नाद्रमुक अथवा अपने भतीजे टीटीवी दिनाकरन के साथ हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने 'अम्मा मक्कल मुनेत्र कजगम' नामक एक दल बनाया था जिसकी अध्यक्ष शशिकला हैं। अभी तक शशिकला ने अपने पत्ते खोले नहीं हैं। चिनम्मा, जिस नाम से उन्हें उनके अनुयायी पुकारते हैं, शशिकला के अन्नाद्रमुक के भीतर बहुत से वफादार भी हैं, क्योंकि वो अम्मा के समय एक बड़ी ताकत हुआ करती थीं।

तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में शशिकला का ऐसे समय पर पुन: प्रवेश कई लोगों के पंख कटने का सबब बन सकता है। एकमात्र सांत्वना यह है कि कानून के मुताबिक वो अगले छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। जयललिता के निधन के पश्चात पार्टी ने शशिकला का समर्थन किया, मगर उनके जेल जाने के बाद, वो पलानीस्वामी के नेतृत्व में एकजुट हो गई। मुख्यमंत्री का मानना है कि उनकी सरकार ने कई मोर्चों पर काम किए हैं, जिनमें कोरोना संकट का प्रबंधन शामिल है, और उन्होंने पार्टी तथा सरकार के भीतर स्वयं को मजबूत किया है। दूसरे, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या चिनम्मा प्रभावशाली थेवर समुदाय के भीतर उतनी ही प्रभावीयता रखती हैं, जिसे उन्होंने पूर्व में सशक्त बनाया था। तीसरे, शशिकला अन्नाद्रमुक को तोड़कर पार्टी के असंतुष्ट तत्वों को अपने निकट ला सकती हैं।

चौथे, पार्टी के समक्ष सत्ता विरोधी भावना, आतंरिक अस्थिरता, किसी करियमाई नेता का न होना, तथा द्रमुक के आक्रमण समेत कई चुनौतियां है, जो पलानी सरकार को कमजोर तथा प्रधानमंत्री मोदी के हाथों की कठपुतली बताती रही है। यह आश्चर्य की बात नहीं क्योंकि भाजपा ने अभी तक दिल्ली से अन्नाद्रमुक सरकार को नियंत्रित किया है क्योंकि पलानीस्वामी के केंद्र से समीकरण अच्छे हैं। भाजपा ने पार्टी को राज्य में एकजुट बनाए रखने में भी भूमिका अदा की है। उसे शशिकला अथवा उनके भतीजे के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है तथा पिछले महीने शशिकला की पोएस गार्डन स्थित संपत्ति पर छापेमारी से पार्टी की रणनीति उजागर होती है। शशिकला की योजना अपने उस महल जैसे आवास में जाने की है जिसका निर्माण वो वर्तमान समय में पोएस गार्डन स्थित जयललिता के आवास के सामने करा रही हैं। उनकी लगभग 64 संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं।

दूसरा अनजान कारक है तमिल सुपरस्टार राजनीकांत। यद्यपि वो अपने प्रशंसकों के क्लबों पर निर्भर है, यह ज्ञात नहीं है कि क्या उनके पास अपनी प्रस्तावित पार्टी को संगठित करने एवं चलाने का कौशल है भी या नहीं। यद्यपि उन्हें समान रूप से कांग्रेस तथा भाजपा ने लुभाने का प्रयास किया है, मगर 2017 में रजनीकांत ने दो दशकों से चले आ रहे सस्पेंस को खत्म करते हुए एक राजनीतिक दल गठित करने के इरादों की घोषणा की थी। मार्च में उन्होंने घोषणा की थी कि उनकी प्रस्तावित पार्टी विधानसभा चुनावों में सभी 234 सीटों पर लड़ेगी। रजनीकांत अब 'रजनी मक्कल मंद्राम्स' को मजबूत करने में लगे हुए हैं जो उनके प्रशंसक क्लबों का एक राजनीतिक प्रतिरूप है।

उन्होंने यह भी कहा था कि 'मक्काल निधि मैआम' नामक दल का पिछले वर्ष गठन कर चुके साथी सुपरस्टार कमल हासन के साथ गठबंधन की स्थिति में सत्ता साझीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा चुनावों से पहले होगी। साथ मिलकर, दोनों सुपरस्टार निश्चित रूप से भारी भीड़ जुटा लेंगे लेकिन उनकी वोट खींचने की क्षमता का अभी पता नहीं है। कोरोना के चलते रजनीकांत आम जनता से दूर रहे हैं जबकि कमल हासन की पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनावों में मात्र 2 प्रतिशत वोट मिले थे और कोई सीट जीत नहीं पाए थे। रजनीकांत, जयललिता व करुणानिधि द्वारा छोड़े गए एक बड़े राजनीतिक शून्य को भरना चाहते हैं। उन्होंने कुछ समय पूर्व कहा था कि, ''दो द्रविड़ हस्तियों को बाहर का रास्ता दिखाने का यह सही समय है। यदि अभी नहीं तो कभी नहीं होगा।'' सुपरस्टार ने एक बार घोषणा की थी कि वो स्वयं को मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी के तौर पर पेश नहीं करेंगे और 2021 में इस पद के लिए किसी युवा को नामित करना पसंद करेंगे। इससे पता चलता है कि वो कठपुतली बिठाना चाहते हैं। हालांकि, रजनीकांत के बहुत से प्रशंसकों का मानना है कि मुथुथु नामक फिल्म का उनका प्रसिद्ध संवाद, '' कोई नहीं जानता कि मैं कब आऊंगा, कैसे आऊंगा, लेकिन समय आने पर मैं मौजूद रहूंगा।''

अगले कुछ सप्ताहों में राजनीतिक संवेग तथा पार्टियों का पुनर्समूहन तेजी पकड़ेगा। अभी तक, काडर आधारित द्रविड़ियन पार्टियों से मुकाबला रजनीकांत के लिए बड़ी चुनौती होगी। दक्षिणपंथ के प्रति उनके झुकाव के चलते वो भाजपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं। तमिलनाडु में आगामी चुनावों से जाहिर होगा कि खिलाड़ियों का गणित व केमेस्ट्री जीतती है या नहीं। एक चीज को निश्चित है, शशिकला व रजनीकांत का प्रभाव देखने को मिलेगा।

## आप की बात

### बिगड़े बोल पर लगाम जरूरी

**चुनावी** दौर में नेतागण अपनी मर्यादाओं को लांघकर आपत्तिजनक ओर अनर्गल टीका टिप्पणी व एक दूसरे को आरोप प्रत्यारोप लगाने की प्रतियोगिता की मैराथन में शामिल है। आचार्य प्रमोद कृष्णम शिवराज जी को कंस, शकुनि, और मारीच से तुलना कर रहे है। एक आचार्य होकर इस तरह की मानसिकता... ? ऐसे ही कही नेता आपसी अनर्गल बयान बाजी एक दूसरे पर करने से चूक नही रहे। ऐसा लगता है कि चुनाव नही आ रहे, जैसे नाग पंचमी पर पहलवानों की तरह कुश्ती ,ओर दांवपेच की तैयारी कर रहे है। इन बिगड़ैल बोल के समाज और जनता जनार्दन पर क्या असर होता है। इन सफेदपोश नेताओ को कोई भान नही। चुनाव आयोग द्वारा इन पर सख्ती लगाना चाहिए। जनता के चुने ये प्रतिनिधि अगर इस तरह से माहौल निर्मित करेंगे। तो विकास की गंगा कितनी बहेगी अंदाजा लगाया जस्य सकता है। किसी भी दल के नेता मंत्री हो ।अगर अपनी वाक वटुता पर नियंत्रण नही कर सकते तो वो पद के लायक ही नही। क्योंकि अनुशासन तो इन नेताओं को पहले आत्मसात करना चाहिये। तभी जनता जनार्दन में शान्ति भाईचारे का संदेश दे सकते है। क्या इन बिगड़ैल बोलो पर समय रहते लगाम लगेगी ?

**- योगेश जोशी**

### स्वस्थ, सतर्क और जागरूक

**कोरोना** महामारी पद और जब से आया तो हमने देखा कि कई देशों में लॉकडाउन लगा, उसके बाद चरणबद्ध तरीके से लॉकडाउन को बढ़ाया गया और हम लॉकडाउन से अनलॉक की ओर बढ़े। और अब हम अनलॉक 5 में प्रवेश करने वाले हैं। कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए हाल ही में गृह मंत्रालय ने अनलॉक 5 की गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें ज्यादा कुछ बदलाव तो हुआ नहीं है परंतु कंटेनमेंट जोन में लॉकडाउन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। महामारी का प्रकोप पिछले साल सर्दियों में ही शुरू हुआ था और अब हम दोबारा सर्दियों के मौसम में प्रवेश कर चुके हैं यानी अब हमें और सतर्क होने की जरूरत है। वायरस ना फैले इसके लिए जो नियम बनाए गए हैं जैसे मास्क जरूरी है इसे पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और 2 गज की दूरी का भी पालन करना आदि।वर्तमान में हम देख रहे हैं कि बहुत सारे लोग लापरवाह हो चुके हैं। वो कोरोनावायरस को अब हल्के में ले रहे हैं परंतु हमें इसे हल्के में नहीं लेना है। पीएम मोदी ने भी कहा है कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं। ज्यादा सतर्कता और जागरूकता लाने के साथ-साथ हमें और लोगों को भी जागरूक करना होगा।

**- सुदर्शन सोराड़ी**

### शक्ति संपन्न भारत

**नए** परीक्षणों से देश की ताकत में इजाफा होता जा रहा है। पिछले डेढ़ माह में भारत ने 12 मिसाइलों का परीक्षण करके अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दिया है। लगातार हासिल हो रही सफलता से दुनिया को भारत की अहमियत समझ लेना चाहिए। भारत की बढ़ती शक्ति से दुनिया का चकित होना स्वभाविक ही है। आधुनिक तकनीकी और सैन्य क्षमताओं की वृद्धि में हमारे प्रयास लगातार सफल हो रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिकों ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस सहित 12 मिसाइलों का पिछले डेढ़ माह में सफल परीक्षण किया। ओडिशा के बालासोर स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण केंद्र से हुए इस नए वर्जन की मारक क्षमता 400 किलोमीटर दूर तक की है। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी मिसाइलों में लगने वाली सामग्रियां ज्यादातर भारत में बनी हुई है जो हमारी लगातार बढ़ रही वैज्ञानिक उपलब्धि का उदाहरण है। उन्नत हो रही हमारी क्षमताओं से दुनिया के देशों को समझ लेना चाहिए कि भारत भी एक बड़ी शक्ति है और उसकी हैसियत की उपेक्षा भारी पड़ सकती है।

**- अमृतलाल मारू**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





**मुझे** उम्मीद है कि दक्षिण, उत्तर व अंतरराष्ट्रीय समुदाय वार्ता और विश्वास के माध्यम से बाधाएं दूर करेंगे व शांति का दायरा बढ़ाएंगे।

**- मून जे इन**
दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति

**केरल** सरकार व माकपा विविध एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

**- वी मुरलीधरन**
केंद्रीय मंत्री





**आजादी** के बाद से भारतीय सेना इस देश की सुरक्षा व संप्रभुता के समक्ष आई कई चुनौतियों से पार पाने में सफल रही है।

**- राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

# निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों का हल्ला बोल

## हरियाणा के बिजली कर्मियों की दो टूक फेस्टीवल लोन नहीं समय पर दें वेतन

## फ्रीज किया डीए और बंद किया एलटीसी तुरंत खोले सरकार



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्र** व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों का निजीकरण किए जाने के विरोध में हरियाणा के कर्मचारियों संगठनों ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में शक्ति प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए संघर्ष को तेज करने और नवंबर माह के दौरान प्रदेश के सभी सांसदों को ज्ञापन देने का ऐलान किया है।

इलेक्ट्रीकल/पावर कोआर्डिनेशन कमेटी ज्वांइट इंप्लाइज के बैनर तले शुक्रवार को हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व चंडीगढ़ के सैकड़ों कर्मचारी चंडीगढ़ में जुटे। बिजली कर्मचारी यूनियन हरियाणा के प्रधान सुरेश राठी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा बिजली का काम निजी हाथों में देने का प्रयास किया जा रहा है। उधर ऐसी ही स्थिति हरियाणा सरकार की भी है। हरियाणा में भी बिजली का काफी काम निजी हाथों में है, जिसका विस्तार किया जा रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान सुभाष लांबा ने कहा कि सभी ट्रेड यूनियनों ने 26 नवंबर को कामकाज ठप करके हड़ताल करने का फैसला किया है। इससे पहले हरियाणा व अन्य राज्यों में सभी सांसदों को निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दिए जाएंगे। लांबा ने कहा कि अगर राज्य सरकारों ने बिजली विभाग का निजीकरण बंद नहीं किया तो जनवरी माह के दौरान दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। इस बीच पांच नवंबर को हरियाणा सरकार को हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत में सुभाष लांबा ने कहा कि एक तरफ सरकार कर्मचारियों को फेस्टीवल लोन दे रही है दूसरी तरफ समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने फ्रीज किए हुए डीए तथा बंद पड़े एलटीसी को दोबारा चालू करने की मांग करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी की जा रही है।

### 8 नवंबर को अनिल विज के निवास पर करेंगे प्रदर्शन

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी 24 घंटे की भूख हड़ताल की अध्यक्षता ब्लॉक कैशियर जगदीश कुमार व संचालन राज्य उप महासचिव शिवचरण ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री अनिल विज ने 25 अप्रैल व 17 अगस्त को नपा कर्मचारी संघ के साथ समझौता करके शीघ्र ही सभी मांगों के परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया था। मांगें न मानी गईं तो 8 नवंबर को अम्बाला कैंट स्थित स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। शमशेर सिंह व सुरेंद्र सिंह, ईशम सिंह, नफे सिंह, मीनू आदि मौजूद थे।

### पर्यटन कर्मियों को पांच माह से वेतन नहीं

**कर्मचारी** कन्वेंशन के दौरान सुभाष लांबा ने कहा कि हरियाणा में पर्यटन विभाग के कर्मचारियों को पांच माह से वेतन नहीं मिला है। सरकार द्वारा पक्के कर्मचारी भर्ती करके वर्षों से आउटसोर्सिंग पर लगे कच्चे कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सभी कर्मचारियों ने सरकार को 108 करोड़ रुपये एकत्र करके दिए थे। इसके बावजूद आशा वर्कर, सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं।

# छह साल में नहीं लगा एक भी बड़ा प्रोजेक्ट, फिर भी 3 गुना बढ़ा कर्ज

## बरोदा की जनता को पता है कि पूरे प्रदेश की निगाह उप चुनाव पर हैं



पीएल वर्मा। कैथल

**पूर्व** वित्त मंत्री स्वर्गीय लाला चरणदास शोरेवाला के सुपुत्र अनिल शोरेवाला ने कहा कि बरोदा उपचुनाव प्रदेश को कर्ज, बेरोजगारी, अपराध और बदहाली की दलदल में डुबोने वाली सरकार से बदला लेने का मौका है। अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों के धक्के खा रहे किसान, रोजगार खो चुके मजदूर, कारोबार में घाटा खा रहे दुकानदार और व्यापारी इस चुनाव में बीजेपी को रिकॉर्ड मतों से मात देंगे। बरोदा की जनता को पता है कि पूरे प्रदेश की निगाह इस चुनाव पर है। ये उपचुनाव सिर्फ एक विधायक बनाने का नहीं बल्कि प्रदेश में परिवर्तन का चुनाव है।

प्रचार करने के बाद बातचीत में शोरेवाला ने कहा कि हुड्डा राज में हरियाणा प्रति व्यक्ति आय और निवेश में देशभर में पहले नंम्बर पर था, लेकिन आज अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और नशे में पहले नम्बर पर हो गया है। हमारी सरकार में हरियाणा दूसरे राज्यों के युवाओं को भी रोजगार देता था, लेकिन भाजपा-जजपा सरकार के दौरान प्रदेश में बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी हो गई है। क्योंकि सरकार रोजगार देने की बजाए छीनने में लगी है। शोरेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को कर्ज की दलदल में डुबो दिया है। आज प्रदेश का हर बच्चा अपने सिर पर 80 हजार का कर्ज लेकर पैदा होता है। उन्होंने कहा कि 1966 में हरियाणा बनने से लेकर 2014 में हुड्डा की सरकार जाने तक तमाम राज्य सरकारों ने करीब 60 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। इस दौरान हरियाणा ने तरक्की के कई पायदान चढ़े। 2005 में हुड्डा सरकार बनने के बाद प्रदेश में दर्जनों विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, एम्स, पावर प्लांट बड़ी-बड़ी परियोजाएं स्थापित हुईं थी।

### अवैध हथियार समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार दूसरा फरार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने एक व्यक्ति को देसी पिस्तौल 315 बोर, कारतूस, 4 मोबाइल, 14 सिम व लोहे के पाईप समेत काबू किया है। हालांकि इसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बाबैन थाना के एएसआई जसबीर सिंह, जसमेर ड्क्षसह, एचसी नरेश कुमार व सिपाही रामकुमार की टीम शाहाबाद रोड पर गांव नारायणगढ़ के पास नियमित गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने एक फोर्ड फिस्टा गाड़ी को आते देख उसे रुकने का ईशारा किया। पुलिस को देखकर कार के चालक ने कार को भगाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोक लिया। जब तक पुलिस कार के पास पहुंचती कार का चालक कार छोड़ कर पास खड़े गन्ने के खेत में भाग गया।

# हरियाणा में एक साल में 73 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश

## मुख्य सचिव ने चंडीगढ़ से शंघाई सहयोग संगठन की कॉन्फ्रेंस में लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार राज्य में प्रगतिशील कारोबारी माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राज्य सरकार ने निवेश एवं व्यवसाय प्रोत्साहन नीति तैयार की है। सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2019-2020 के दौरान हरियाणा ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तौर पर 73 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। हरियाणा की अर्थव्यवस्था भारत में 5वीं सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्था है।

यह जानकारी आज यहां हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के क्षेत्र प्रमुखों के मंच (फोरम) की पहली बैठक में दी। विजय वर्धन इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। बैठक की मेजबानी रूस ने की थी। विजय वर्धन ने कहा कि उनके लिए यह यह गर्व की बात है कि वे आज भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह एससीओ द्वारा सदस्य देशों के क्षेत्र प्रमुखों के मध्य इस बातचीत का आयोजन करने की पहल का स्वागत करते हैं। यह फोरम सदस्य देशों और क्षेत्रों के बीच बेहतर सहयोग और समन्वय स्थापित करने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा भौगोलिक दृष्टि से भारत का केवल दो प्रतिशत है और इसकी जनसंख्या लगभग 2.5 करोड़ है, फिर भी यह कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी





प्रदेश है। यह तीन तरफ से देश की राजधानी नई दिल्ली को घेरे हुए है और औद्योगिक रूप से विकसित चार शहर गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 70 किलोमीटर के भीतर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हिसार जिले में तेज गति से एक नया हवाई अड्डा विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, राज्य में 1700 किलोमीटर से अधिक का रेल नेटवर्क है और भारत सरकार द्वारा सितंबर में नए हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद अब राज्य में परिवहन नेटवर्क और सुदृढ़ होगा। प्रदेश में 30 से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग, 11 एक्सप्रेस-वे और राज्य राजमार्ग सहित एक बहुत बढ़िया सड़क नेटवर्क है।

विजय वर्धन ने कहा कि हरियाणा भारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल हब में से एक है और देश में दो तिहाई यात्री कारों, 50 प्रतिशत ट्रैक्टर और 60 प्रतिशत मोटरसाइकिलों का निर्माण हरियाणा में होता है। हरियाणा राज्य ऑटो कंपनियों और ऑटो-घटक निर्माताओं के लिए एक पसंदीदा स्थान है। साथ ही, राज्य ने आईटी और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है। हरियाणा सॉफ्टवेयर निर्यात करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है और यह आईटी/आईटीईएस सुविधाओं के लिए पसंदीदा स्थान है।

मुख्य सचिव ने कहा कि गुरुग्राम जिला उत्तर भारत में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में 400 से अधिक कंपनियों के साथ आईटी उद्योग के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में उभरा है। विजय वर्धन ने कहा कि हरियाणा अनुसंधान और विकास के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक है और दुनिया की शीर्ष कंपनियों जैसे इंटेल, एप्पल, सैमसंग, अमेजॉन और गूगल ने राज्य में निवेश किया है। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं व्यवसाय, ऑटो विनिर्माण, कौशल विकास, आईटी और आईटीईएस, कृषि और कृषि-आधारित उद्योग जैसे खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य व पशु विज्ञान के क्षेत्र में हरियाणा और एससीओ सदस्य देशों के मध्य सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

# विजिलेंस ने करनाल, जींद और रेवाड़ी में भ्रष्टाचारियों पर कसा शिकंजा

## विजिलेंस ने कार्रवाई की सिफारिश कर सरकार को भेजी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** विजिलेंस ब्यूरो ने प्रदेश के रेवाड़ी, जींद व करनाल के अलग-अलग विभागों में भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसा है। विजिलेंस ब्यूरो ने लाखों रुपये के फर्जीवाड़े में जांच रिपोर्ट में दोषी मानते हुए कार्रवाई की सिफारिश के साथ रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी है।

हरियाणा विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता के अनुसार रेवाडी नगर परिषद की कुल 10150 वर्ग गज भूमि पर अवैध कब्जा व निर्माण से संबंधित मामले की जांच में दो कार्यकारी अधिकारियों, दो निगम अभियंताओं तथा चार कनिष्ठ अभियंताओं की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ अवैध कब्जा व निर्माण को हटवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी प्रकार जिला करनाल में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के पात्रों के चयन में अनियमितता से संबंधित है। सरकार के संज्ञान में आया था कि वर्ष 2012 से 2014 तक जिला करनाल में गलत पात्रों को पैंशन स्वीकृत कर दी गई है। राज्य चौकसी ब्यूरो की जांच से पाया गया कि कुल 29029 मामलों में गलत पात्रों को पैंशन स्वीकृत की गई थी जिस सम्बंध में थाना सिविल लाईन करनाल में पहले से ही तीन केस दर्ज किए जा चुके हैं और इन लाभपात्रों से वसूली की प्रक्रिया शुरु की जा चुकी है। 69 मामले ऐसे पाए गए थे जिनमें पैंशनधारकों/लाभपात्रों से वसूली की जानी बकाया थी, जिस सम्बंध में अब सरकार द्वारा वसूली करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

ब्यूरो के अनुसार दूसरा केस चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री इस्तेमाल करने से संबंधित था। जिसमें दिल्ली के मैसर्ज प्रभु दयाल बिल्डर (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड से तीन लाख 21 हजार 650 रुपये की वसूली व संबंधित सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

# छह बाल मजदूरों को मुक्त कराया

## जिला टास्क फोर्स ने गन्नौर गांव में दुकानों पर मारा छापा

रणबीर सिंह। सोनीपत



गन्नौर में एक दुकान के बाहर छापामार टीम।

**जिला** टास्क फोर्स ने गन्नौर गांव में विभिन्न दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए बाल मजदूरी करने वाले छह बच्चों को छुड़वाया है। सभी बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया गया, जिन्हें बाद में बाल देखभाल केंद्र सपना बाल कुंज में भेज दिया गया।

चाइल्ड हैल्पलाईन 1098 पर गन्नौर गांव के किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि गन्नौर गांव में दुकानों पर बाल मजदूरी करवाई जा रही है। चाइल्ड लाइन ने इस संदर्भ में जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तुरंत बाद डीसीपीओ डा. रितु गिल ने जिला टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को इस संदर्भ में सूचित किया। तुरंत प्रभाव से संबंधित विभागों के साथ मिलकर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गन्नौर गांव में समोसे तथा परचून की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। इन दुकानों पर टीम ने छह बच्चों को बाल मजदूरी करते हुए पाया, जिनकी सभी की आयु 15 वर्ष से कम थी। सभी बच्चों को आगामी कार्रवाई के लिए छुड़ाकर चाइल्ड वैल्फेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीडब्ल्यूसी ने फिलहाल सभी छह बच्चों को बाल देखभाल केंद्र में भेज दिया है। इस मौके पर डीसीपीओ डा. रितु व सीपीओ आरती ने लोगों से अपील की कि वे बाल मजदूरी को रोकने में सहयोग करें। यदि कहीं भी बाल मजदूर दिखाई दे तो सूचना चाइल्ड हैल्पलाईन-1098 पर दें।

### मनी एक्सचेंजर कारोबारियों से 89 हजार रुपये की ठगी

**पिहोवा।** वेस्टर्न मनी एक्सचेंजर कारोबारियों से कुछ युवकों द्वारा हाथ की सफाई दिखाते हुए ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस में दी शिकायत में मनी एक्सचेंजर सुखदेव सिंह, सुरेंद्र और राकेश छाबड़ा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कई अज्ञात युवक मनी एक्सचेंजर कारोबारियों के साथ ठगी कर रहे हैं। ये युवक पैसे का लेनदेन करते समय हाथ की सफाई दिखाते हुए पैसा कम ज्यादा कर देते हैं। सुखदेव के साथ 12 हजार, सुरेंद्र के साथ 29 हजार और राकेश छाबड़ा के साथ 48 हजार की ठगी की। तीनों कारोबारियों के साथ 89 हजार रुपये की ठगी इन लोगों द्वारा की गई। मनी एक्सचेंजर इनके बारे में ज्यादा नहीं जान पाए, लेकिन इनका कहना है कि सामने आने पर वह इन युवकों को पहचान सकते हैं।

### कन्या भ्रूण हत्या रोकने को अभियान में तेजी लाई जाए

**भिवानी।** उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे कन्या भ्रूण हत्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिए जिला में संदिग्ध अल्ट्रासाऊंड सेंटरों व अन्य जगहों पर छापामारी अभियान में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भी लिंग जांच की सूचना देने वालों को एक लाख रुपए का ईनाम दिया जाता है। ऐसे में अपने सूत्रों को बढाया जाए, जिससे कि इस प्रकार की गतिविधियों का पता चलता रहे।

उपायुक्त आज वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर तथा महिला सुरक्षा बारे संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि लिंग जांच की सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, बशर्ते की उस सूचना में केस दर्ज होना चाहिए।

# स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक करें : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**उपायुक्त** की अध्यक्षता में शुक्रवार वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में शिक्षा एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने जिला में सक्षम के तहत स्कूलों में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि नवंबर माह में स्कूल खुलने के दौरान विद्यार्थियों को कोविड महामारी संक्रमण से बचाव की जानकारी दी जाए ताकि बच्चे संक्रमित न हो। बच्चों के लिए मास्क लगाना व दो गज की दूरी रखना अनिवार्य करें। बच्चों के बताएं कि आपस में हाथ न मिलाएं। उपायुक्त श्री आर्य ने निर्देश देते हुए सक्षम योजना के तहत निष्ठा कार्यक्रम की समीक्षा, जिसमें प्रत्येक माह छठी से आठवीं और नौवीं से 12 वीं कक्षा के बच्चों के बीच प्रश्नोतरी आयोजित करवाई जाती है। इसी प्रकार से उपायुक्त ने अवसर एप के बारे में भी जरूरी निर्देश दिए, जिसमें बच्चों के लिए ऑन लाइन सामग्री आती है, जिससे बच्चे तैयारी करते हैं।

उपायुक्त ने समीक्षा एप के बारे में निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में आने वाले बच्चों का टैंप्रेचर और हाजिरी नियमित रूप से भेजी जाए। इसी प्रकार से उपायुक्त ने कहा कि सीसीटी कार्यक्रम के तहत बच्चों को क्रियात्मक आलोचनात्मक शिक्षा के बारे में जागरूक करें ताकि वे किसी भी चीज को रटने की बजाय समझकर अध्ययन करें। बैठक के दौरान सीएमजीजीए आयुष सिंघल ने जिला में सक्षम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण ने बताया कि सीसीटी कार्यक्रम के तहत सक्षम हो चुके ब्लॉक कैरू व बहल में कक्षा सातवीं, आठवीं व नौंवी के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसके लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर उपमंडल स्तर पर शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित करें और स्कूलों का निरीक्षण भी करें।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
कोई गोली, कोई रेप, तो कोई तेजाब का शिकार हुई,
जरा सोचना कि कौन जीता और किसकी हार हुई,
ये कैसा प्यार है जो प्रेमियों को सलामत नहीं रखता,
प्रेम से मरी है बेटी या नफरत का शिकार हुई।

## संक्षिप्त-समाचार

### दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाएं विकास मंच



**शाहाबाद मारकंडा।** सामान्य वर्ग के निर्धन व मैधावी बच्चों को शिक्षा में आर्थिक सहायता करने वाली शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था शाहाबाद विकास मंच ने कोरोना महामारी काल मे लोगों से अपील की है कि दीपावली पर मिट्टी के बने दीपक ही जलाए और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं। मंच ने अब मिट्टी के बर्तन व अन्य समान बनाने वाले परिवारों को दीपावली पर खुशियां देने के लिए मिट्टी के दीये जलाने का आह्वान किया है। मंच के अध्यक्ष राजेश सिडाना ने कहा कि मिट्टी के दीपकों को जलाकर ही दीपावली का वास्तविक महत्व होता है। मिट्टी के दीपकों का प्रयोग करने से उन सभी गरीब लोगों को मजदूरी मिल सकेगी, जिन्होंने अपने हाथों से तैयार किया है। मंच की प्रकल्प प्रमुख शम्मी आनंद ने कहा कि मिट्टी एक प्राकृतिक पदार्थ है जिससे हमारे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। मगर चाइनीज दीयों व लड़ियों ने त्योहार की महत्ता को आधा कर दिया है। चेयरमैन अशोक खुराना ने कहा कि दीपवली पर किसी जरूरतमंद गरीब, असहाय बच्चों को खिलोने व मिठ्ठाइयां देकर उनके साथ अपनी खुशियां बांटेगे, तो उस खुशी का अंदाजा अलग ही होगा। विकास मंच परिवार के सदस्यों ने शिक्षा के एक मंदिर में 501 मिट्टी के दीये जला कर लोगों से अपील की कि अपनी संस्कृति को अपनाते हुए दीपावली पर मिट्टी के दीये जलायें और इस रोजगार से जुड़े लोगों को भी दीपावली की खुशियों में शामिल करें। इस अवसर पर सुषमा आहुजा, दीपिका, लव्या, डोली, अंशु, हर्षिका, नैंसी व हरसिमरन सिंह मौजूद रहे।

### अवैध हथियारों का जखीरा सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने गैंगस्टरों का अवैध हथियारों का जखीरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ असामाजिक तत्वों की खोज में खंदराई रोड़ महमूदपुर की सीमा में मौजूद था कि इन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में कट्टे सहित घुमते काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान नवीन उर्फ पटवारी निवासी महमूदपुर के रूप में दी। तलाशी लेने पर कट्टे के अंदर पिटठू बैग से 9 अवैध देशी पिस्तौल व 14 कारतूस मिले। युवक के विरुद्ध थाना सदर गोहाना में मामला दर्ज किया गया। युवक ने बताया कि ये अवैध हथियारों का जखीरा सिंधवी खेड़ा जिला जींद निवासी सोमबीर व बब्बल निवासी कैथल के गैंगस्टरों का है। जिन्होंने ये उसके पास रखकर खराब हुए असले को ठीक कराने के लिये गये थे। गैंगस्टरों द्वारा लूट, हत्या व डकैती की लगभग 16-17 घटनाओं में कैथल, जींद, भिवानी, झज्जर व सोनीपत में शामिल रहे है। युवक को न्यायालय में पेशकर पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

### वन स्टाप सेंटर पर पीड़ित महिलाओं को मिलेगा आश्रय : नीतू



**कुरुक्षेत्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग कुरुक्षेत्र की जिला कार्यक्रम अधिकारी नीतू रानी ने कहा कि वन स्टाप सेंटर पर पीड़ित महिलाओं को आश्रय दिया जाएगा और नियमानुसार तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। सरकार द्वारा पीड़ित महिला की सुविधा के लिए वन स्टाप सेंटर स्थापित किया गया है। वे वीरवार को जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित जागरुकता शिविरों का अवलोकन करने के उपरांत जानकारी दे रही थी। इससे पहले थानेसर आजाद नगर आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाओं को वन स्टाप सेंटर (ओएससी) के बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। पीओ नीतू रानी ने कहा कि उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ के नेतृत्व व सीएमजीजीए आशिमा टक्कर की के मार्गदर्शन में इन जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने विचार सांझा किए। नीतू रानी ने द्वारा विभाग द्वारा वर्तमान में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में महिलाओं के विकास के लिए इंटरनल कम्पलेंट कमेटी, लोकल कम्पलेट कमेटी बनाने, एनजीओ व उनके सहयोग बारे विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ केन्द्र प्रबंधिका द्वारा वन स्टाप सेंटर पर चल रही सुविधाओं, प्रचार-प्रसार व जरुरतमंद महिलाओं को इसका लाभ उठाने बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ डेमोस्टिक वायलैंस, पोक्सो एक्ट, जिले में बच्चों व महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं, महिलाओं को बुरे व अच्छे स्पर्श/व्यवहार, आंगनवाड़ी केन्द्रों में चल रही योजनाओं व रिकार्ड मैनटेन करने, सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आपकी बेटी-हमारी बेटी जैसी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

### 6 माह बाद भी मनरेगा मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती गांव टाटका में मनरेगा के तहत मजदूरी करने वाले लोगों को काम करने के 6 माह बाद भी मजदूरी नहीं मिली है। मजदूरी का भुगतान न होने से मजदूरों में रोष पनप रहा है। जानकारी के अनुसार मजदूरों ने मनरेगा स्कीम के तहत गांव में जोहड़ की खुदाई कर मिट्टी को गांव के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचाया था, जिनकी उन्हें आज तक मजदूरी नहीं मिली है। गांव के फूल चन्द, लक्ष्मी देवी, कमलेश, सुभाष चन्द, सुरेश, रण ड्क्षसह, राजपाल, रमेश, महिन्द्र ड्क्षसह सहित अनेक मजदूरों का कहना है कि एक और तो सरकार मनरेगा योजना के तहत लोगों को रोजगार देने की बात करती है, दूसरी ओर वह काम कर चुके मजदूरों को मजदूरी नहीं दे रही है। लोगों को कहना है कि वे मजदूर है और प्रति दिन मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे है। उनका कहना है कि यदि मजदूरी करके 6 माह बाद भी मजदूरी नहीं मिलेगी, तो वे अपने परिवार का गुजारा कैसे चलाएंगे। खंड कार्यालय बाबैन में कार्यरत्त मनरेगा योजना के एबीपीओ संदीप शर्मा का कहना है कि गांव टाटका में मनरेगा योजना के तहत कार्य करने वाले अधिकांश मजदूरों को मजदूरी मिल गई है। जिन मजदूरों ने मिट्टी डलाई का कार्य किया था, उनकी मजदूरी अभी आई नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन मजदूरों की मजदूरी रुकी हुई है, उनके खातों में भी जल्दी ही मजदूरी के पैसे आ जाएंगे।

### मांगों को लेकर यूनियन पदाधिकारी मिले जीएम से

**कुरुक्षेत्र।** लंबित मांगों को लेकर ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कस यूनियन सब डिपो के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रोडवेज जीएम से मिला। कार्यकारिणी प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगें जीएम के समक्ष रखी। यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव सिंह मामू माजरा ने बताया कि बैठक में पिहोवा बस स्टैंड में बरसात के पानी से फैलने वाली गंदगी की रोकथाम, 2012 में लगे कर्मचारियों के एसीपी बारे, कर्मचारियों की बकाया एलटीसी, कर्मचारियों के लंबित पड़े केसों को निपटाने बारे, रात्रि ठहराव बहाल करने बारे आदि मांगों पर विचार किया। अधिकारियों की तरफ से आश्वासन दिया गया कि बकाया एलटीसी को 15 दिन में लगा दिया जाएगा। मौके पर सचिव रामफल सिकरवार, कैशियर शेर सिंह, आडिटर दिलजीत सिंह, संगठन सचिव बलदेव नलवी मौजूद रहे।

# कुरैशी ने जब भारत के संभावित हमले की बात कही तब पाक सेना प्रमुख के पैर कांप रहे थे : सादिक

सज्जाद हुसैन। इस्लामाबाद

## पाकिस्तान नेता ने इमरान खान सरकार द्वारा दी गई प्रतिक्रिया के लिए उनकी आलोचना की





**पाकिस्तान** के एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा है कि एक बैठक में विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा था कि यदि भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को नहीं छोड़ा जाता को भारत रात नौ बजे पाकिस्तान पर हमला कर देगा।

विपक्षी नेता के अनुसार जब कुरैशी यह कह रहे थे तब पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के पसीने छूट रहे थे और उनके पैर कांप रहे थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी ठिकानों पर 26 फरवरी को बम गिराने के बाद इस्लामाबाद में पैदा हुए तनाव को याद करते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के नेता सरदार अयाज सादिक ने इमरान खान सरकार द्वारा दी गई प्रतिक्रिया के लिए उनकी आलोचना की।

दुनिया न्यूज पर बुधवार को आई खबर के अनुसार सादिक ने कहा कि विपक्ष ने सरकार का कश्मीर और वर्धमान समेत हर मुद्दे पर समर्थन किया है, लेकिन अब वह सरकार का समर्थन नहीं करेगा। सादिक, पीएमएल-एन सरकार के समय नेशनल असेंबली के अध्यक्ष थे। उन्होंने संसद में बुधवार को ऐसा ही बयान दिया था कि विदेश मंत्री कुरैशी ने एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा था कि यदि वर्धमान को नहीं छोड़ा जाता तो भारत उस रात नौ बजे पाकिस्तान पर हमला कर देता। सादिक के अनुसार कुरैशी ने कहा था कि अल्लाह के वास्ते हमें उसे छोड़ देना चाहिए। भारतीय वायु सेना के 37 वर्षीय अधिकारी को 27 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था जब पाकिस्तानी विमानों के साथ हुई हवाई जंग में वर्धमान के मिग-21 बाइसन विमान को मार गिराया गया था।

भारतीय वायु सेना के विमानों ने 26 फरवरी 2019 को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र के बालाकोट में स्थित जैश ए मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। वर्धमान का विमान गिरने से पहले उन्होंने पाकिस्तान के एक एफ-16 विमान को मार गिराया था। पाकिस्तान ने उन्हें एक मार्च को भारत को सौंपा था। खबर के अनुसार, सादिक ने कहा कि जिस बैठक में विदेश मंत्री ने यह कहा, उसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पीएमएल-एन के संसदीय नेता समेत जनरल बाजवा भी शामिल थे और सेना प्रमुख के पैर कांप रहे थे तथा उनके पसीने छूट रहे थे। हालांकि, विपक्षी नेता ने यह नहीं बताया कि बैठक कब हुई थी। सादिक ने कहा कि वह व्यक्तिगत आलोचना नहीं करना चाहते लेकिन जब सत्ता में बैठे लोग उन्हें मोदी का यार कहकर बुलाते हैं तो उन्हें भी जवाब देना होगा।

# टू प्लस टू वार्ता भारत-अमेरिका के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आया : अमेरिकी सांसद

## दोनों देशों ने सुरक्षा संबंधा मजबूत करने का संकल्प लिया पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए

ललित के झा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के दो प्रतिष्ठित सांसदों ने हाल में भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता के परिणामों का स्वागत करते हुए कहा कि यह बातचीत दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आया है।

दिल्ली में भारत-अमेरिका के बीच मंगलवार को संपन्न हुई टू प्लस टू वार्ता में दोनों देशों ने अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया और कुल पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिनमें बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) प्रमुख है। इस करार के तहत अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, उपग्रह के गोपनीय डाटा और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अहम सूचना साझा करने की अनुमति होगी। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा, पृथ्वी विज्ञान और आयुर्वेद के क्षेत्रों में सहयोग के लिए भी समझौते हुए।

इस पर टू प्लस टू वार्ता के तीसरे संस्करण में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा अमेरिका की तरफ से वहां के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने हिस्सा लिया। कांग्रेस के सदस्य एवं सदन की विदेश मामलों की समिति में रिपब्लिकन नेता माइकल टी मैककॉल ने कहा, अमेरिका-भारत के बीच हुई टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आया है। यह वार्ता हमारे व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर लेकर गई है।

उन्होंने कहा कि बीईसीए भू-स्थानिक सहयोग समझौता समेत टू प्लस टू की उपलब्धियां एक कामयाब महीने में शुमार हुई हैं, जिसमें दोनों देशों ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड रूपरेखा को गहरा किया है और चार पक्षीय समुद्री अभ्यास मालाबार में ऑस्ट्रेलिया का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने एक अहम कदम उठाते हुए, अमेरिका और जापान के साथ आगामी मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया के भाग लेने की 19 अक्टूबर को घोषणा की थी। इस प्रकार यह क्वाड के चार देशों के बीच पहला सैन्य-स्तर का अभ्यास बन गया है।

मैककॉल ने कहा कि अमेरिका, हिंद- प्रशांत की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा और बाहरी आक्रामकता से भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में उसके साथ रहेगा। हिंद-प्रशांत में चीन द्वारा अपने सैन्य प्रभाव को बढ़ाने की पृष्ठभूमि में भारत, अमेरिका और दुनिया की अन्य शक्तियां क्षेत्र की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रही हैं। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने गठबंधन के तहत सहयोग को और बढ़ाने के लिए छह अक्टूबर को वार्ता की थी।

कांग्रेस के सदस्य ब्राड शेरमन ने एक ट्वीट में टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता के सफल परिणामों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका ने दोनों देशों के रिश्तों को और विस्तार देने के लिए एक और टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता को सफलतापूर्वक संपन्न किया। उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि उन्होंने पिछले साल दिसंबर में भारत कॉकस के अपने सह-अध्यक्ष के साथ जिस अमेरिका-भारत संसदीय आदान प्रदान की स्थापना की थी, उसका उल्लेख किया गया। शेरमन ने कहा कि वह नवंबर में संसदीय आदान प्रदान कार्यक्रम की डिजिटल माध्यम से मेजबानी करने को लेकर उत्सुक हैं।

# विदेश नीति के मामले में ट्रंप की तुलना में बाइडेन ज्यादा प्रभावी राष्ट्रपति साबित होंगे : सर्वेक्षण

एजेंसी। न्यूयॉर्क



**अंतरराष्ट्रीय** संबंधों के विशेषज्ञों के एक सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन 2020 का चुनाव जीतते हैं तो विदेशी सरकारें डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अमेरिका के साथ सहयोग करने को अधिक इच्छुक होंगी। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव हैं, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और बाइडेन आमने-सामने हैं।

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के 708 विद्वानों के शिक्षण, शोध एवं अंतरराष्ट्रीय नीति (टीआरआईपी) सर्वेक्षण में पाया गया कि इन विशेषज्ञों के राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप की तुलना में बाइडेन का समर्थन करने की अधिक संभावना है। साथ ही वे इस बात से भी सहमत हैं कि बाइडेन अपनी विदेश नीति के एजेंडे को प्राप्त करने में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

सर्वेक्षण में पाया गया कि खुद को रिपब्लिकन और स्वतंत्र बताने वाले विशेषज्ञ विदेश नीति को लेकर ट्रंप के दृष्टिकोण पर अधिक संदेह करते हैं। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वालों ने कहा विदेशी सरकारें ट्रंप के मुकाबले बाइडेन के चुनाव जीतने पर अमेरिका के साथ सहयोग करने को अधिक इच्छुक होंगी। उनमें से 92 फीसदी ने इस मामले में बाइडेन का समर्थन किया जबकि सिर्फ दो प्रतिशत लोगों ने ट्रंप का समर्थन किया। वहीं, 95 प्रतिशत विशेषज्ञ इस बात पर सहमत दिखे कि बाइडेन विदेश नीति के मामले में ज्यादा प्रभावी राष्ट्रपति होंगे।

वहीं, केवल पांच प्रतिशत लोगों ने ही ट्रंप को इसके लिए सक्षम माना। सर्वेक्षण में कहा गया है, चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताओं के बावजूद ज्यादातर विद्वानों को भरोसा है कि रूस, ईरान और चीन चुनाव के परिणाम को ज्यादा प्रभावित नहीं करेंगे। सर्वेक्षण के अनुसार, हालांकि, उनका मानना है कि विदेशी हस्तक्षेप की कोशिशों से अमेरिकी नागरिकों का चुनाव के परिणामों को लेकर भरोसा जरूर डिगेगा।

# बैंक आफ बड़ौदा को दूसरी तिमाही में 1,679 करोड़ रुपये का मुनाफा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आफ बड़ौदा को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर1,679 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। फंसे कर्ज के लिए प्रावधान कम होने से बैंक बेहतर मुनाफा हासिल करने में सफल रहा है।

बैंक ने दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2020) के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकल मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। वहीं बैंक को इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 864 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ा था। एकीकृत आधार पर दूसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा1,771 करोड़ रुपये रहा है। बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजीव चढ्ढा ने संवाददाताओं से कहा कि दूसरी तिमाही के परिणाम से स्पष्ट है कि पहली तिमाही के लॉकडाउन के बाद स्थिति में तेज सुधार आया है। यह सुधार फीस से होने वाली आय के कुछ प्रमुख मानदंडों में दिखाई देता है।

उन्होंने कहा, बैंक की फीस से होने वाली आय पहली तिमाही में काफी गिर गई थी लेकिन दूसरी तिमाही में इसमें तीव्र वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले भी इसमें तार्किक सुधार दर्ज किया गया है। यह हमारे ग्राहकों की गतिविधियों में बेहतरी को दर्शाता है। बैंक पहली तिमाही के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति में पहुंचा है। बैंक कई मानदंडों के मामले में सामान्य दायरे के करीब पहुंच चुका है। आलोच्य अवधि के दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय 6.83 प्रतिशत बढ़कर 7,508 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 7,028 करोड़ रुपए रही थी। बैंक का घरेलू स्तर पर शुद्ध ब्याज मार्जिन सुधरकर 2.96 प्रतिशत हो गया वहीं वैश्विक मार्जिन 2.86 प्रतिशत रहा। बैंक की फीस आधारित आय साल दर साल आधार पर 3.9 प्रतिशत बढ़।

## भविष्य पर संशय के बीच सैमसंग ने दर्ज की रिकॉर्ड बिक्री

**सोल।** स्मार्टफोन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली कंपनी सैमसंग ने बृहस्पतिवार को कहा कि सितंबर तिमाही में उसका लाभ 59 प्रतिशत बढ़कर दो साल के उच्च स्तर 12,350 अरब वॉन यानी 10.89 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

कंपनी का लाभ कंप्यूटर मेमोरी चिप, स्मार्टफोन और उपकरणों की बिक्री के दम पर बढ़ा है। इस दौरान कंपनी का राजस्व आठ प्रतिशत बढ़कर 66,960 अरब वॉन यानी 59 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सैमसंग का किसी भी तिमाही का सबसे अधिक राजस्व है। कंपनी ने एक बयान में कहा, दुनिया भर में भले ही कोविड-19 महामारी का प्रकोप जारी है, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के खुलने से उपभोक्ता मांग में महत्वपूर्ण तेजी आई है। कंपनी ने कहा कि कंप्यूटर चिप की मांग में कमी आई है और स्मार्टफोन तथा उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज हुई है। इसके कारण उसे चालू तिमाही में लाभ कम होने की आशंका है।

# संक्रमण मुक्त हुए मरीजों में बनी एंटीबॉडी मजबूत, यह जल्द नहीं घटती : अध्ययन

## अनुसंधानकर्ताओं ने 30,082 नमूनों की जांच करने के बाद पाया कि अधिकतर लोगों में एंटीबॉडी मध्यम से उच्च स्तर पर मौजूद है

एजेंसी। न्यूयॉर्क



**कोविड-19** के हल्के और मध्यम लक्षणों वाले ज्यादातर मरीजों के इस रोग से उबरने के साथ उनके शरीर में मजबूत एंटीबॉडी के रूप में एक रक्षा कवच बन जाता है, जो कम से कम पांच महीने तक कायम रहता है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है।

अध्ययन के मुताबिक शरीर की इस प्रतिरोधक प्रतिक्रिया से कोरोना वायरस से दोबारा संक्रमित होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। जर्नल ऑफ साइंस में प्रकाशित एक अनुसंधान पत्र के मुताबिक एंटीबॉडी की प्रतिक्रिया का सबंध शरीर द्वारा सार्स-सीओवी-2 वायरस को निष्प्रभावी करने से है, जिससे संक्रमण होता है। अमेरिका स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल में कार्यरत और अनुसंधान पत्र के वरिष्ठ लेखक फ्लोरियन क्रेम्मर ने कहा, हालांकि, कुछ खबरें आई थी कि वायरस से संक्रमण की प्रतिक्रिया में विकसित एंटीबॉडी जल्द समाप्त हो जाती है, लेकिन हमने अपने अध्ययन में इसके ठीक उलट पाया। हमने पाया कि हल्के या मध्यम दर्जे के लक्षण वाले 90 प्रतिशत कोविड-19 मरीजों में बनी एंटीबॉडी महीनों तक वायरस को निष्प्रभावी रखने में मजबूती से काम करती है।

इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों ने संक्रमण से ठीक हुए लोगों की इंजाइम लिंक्ड इम्युनोसोब्रेंट एस्से (एलिसा) नामक एंटीबॉडी जांच की, ताकि पता लगाया जा सके कि कोशिका पर वायरस का आक्रमण होने पर बनने वाले इस प्रोटीन का स्तर क्या है। अनुसंधानकर्ताओं ने 30,082 नमूनों की जांच करने के बाद पाया कि अधिकतर लोगों में एंटीबॉडी मध्यम से उच्च स्तर पर मौजूद है, जो वायरस को निष्प्रभावी कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि पहली जांच के मुकाबले दूसरी जांच के दौरान एंटीबॉडी के स्तर में हल्की सी कमी आई और तीसरी तथा आखिरी जांच में इसमें और कमी आई। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि यह संकेत करता है कि एंटीबॉडी कम से कम पांच महीने तक बनी रहती है।

# कोविड-19 से प्रभावित हुई भारत की सोने की खरीद, तीसरी तिमाही में मांग 30 प्रतिशत गिरी

एजेंसी। मुंबई

## पिछले साल की सितंबर तिमाही में सोने की कुल मांग 123.9 टन रही थी



**कोरोना** वायरस महामारी से जुड़े व्यवधानों तथा ऊंची कीमतों के कारण सितंबर तिमाही में भारत में सोने की मांग साल भर पहले की तुलना में 30 प्रतिशत कम होकर 86.6 टन पर आ गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने एक रिपोर्ट में यह कहा है।

विश्व स्वर्ण परिषद की तीसरी तिमाही सोना मांग ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल की सितंबर तिमाही में सोने की कुल मांग 123.9 टन रही थी। मूल्य के आधार पर, इस दौरान सोने की मांग पिछले साल के 41,300 करोड़ रुपये की तुलना में चार प्रतिशत कम होकर 39,510 करोड़ रुपये पर आ गई। विश्व स्वर्ण परिषद के प्रबंध निदेशक (भारत) सोमसुंदरम पीआर ने कहा कि कोविड-19 से जुड़े व्यवधानों, कमजोर उपभोक्ता धारणा, ऊंची कीमतें और उथल-पुथल के कारण 2020 की तीसरी तिमाही में सोने की मांग 30 प्रतिशत घटकर 86.6 टन रह गई। हालांकि यह दूसरी तिमाही से अधिक है। दूसरी तिमाही में सोने की मांग साल भर पहले की तुलना में 70 प्रतिशत कम होकर 64 टन पर आ गई थी। तिमाही आधार पर मांग में सुधार का कारण लॉकडाउन की पाबंदियों में ढील मिलना तथा अगस्त में कुछ समय के लिए कीमतों का कम होना है। उन्होंने कहा कि अगस्त में कुछ समय कीमतें कम होने से कुछ दिलचस्प लोगों को खरीदारी करने का मौका मिला। इस दौरान भारत की कुल आभूषण मांग साल भर पहले के 101.6 टन से 48 प्रतिशत कम होकर 52.8 टन पर आ गई। मूल्य के संदर्भ में आभूषणों की मांग साल भर पहले के 33,850 करोड़ रुपये से 29 प्रतिशत गिरकर 24,100 करोड़ रुपये पर आ गई। इस दौरान कुल निवेश मांग साल भर पहले के 22.3 टन से 52 प्रतिशत बढ़कर 33.8 टन पर पहुंच गई। सोमसुंदरम ने कहा, तीसरी तिमाही में मांग आम तौर पर मॉनसून जैसे मौसमी कारकों और पितृ-पक्ष और अधिक मास जैसी अशुभ अवधियों के कारण कम होती है। आभूषणों की मांग में 48 प्रतिशत की गिरावट आई है, क्योंकि आभूषणों की खरीदारी में त्योहारों या शादियों का कोई समर्थन नहीं था। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि देश में आभूषण खरीदना एक अनुभव है और सामाजिक सुरक्षित दूरी तथा मास्क पहनने जैसी पाबंदियों ने खुदरा स्टोरों में उपभोक्ता स्तर को कम रखा है। उन्होंने कहा कि तीसरी तिमाही में भारत में 41.5 टन सोने का पुनर्चक्रण हुआ। यह साल भर पहले की समान तिमाही के 36.5 टन से 14 प्रतिशत अधिक है। सोमसुंदरम ने कहा, उंची कीमतों के कारण पुनर्चक्रण 14 प्रतिशत बढ़कर 41.5 टन पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि त्योहारी मांग की उम्मीद तथा आपूर्ति श्रृंखला संबंणी बाधाओं के दूर होने से आयात में सुधाार हुआ है। यह पिछली तिमाही में महज नौ टन था, जो अब बढ़कर 90.5 टन हो गया है।

# मुझे गर्व है कि मैं एक देशभक्त अमेरिकी नागरिक हूं : कमला हैरिस

**न्यूयार्क।** डेमोक्रेट पार्टी से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि उन्हें गर्व है कि वह एक देशभक्त अमेरिकी नागरिक हैं, जो अपने देश से प्रेम करती है।

हैरिस ने रिपब्लिकन पार्टी के उस आरोप को खारिज किया जिसमें उन्हें समाजवादी एजेंडा प्रचारित करने वाला बताया गया था। उन्होंने कहा कि उनके मूल्य अमेरिका के मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं।

द न्यूयार्क टाइम्स अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार बुधवार को एरिजोना में अंतिम चुनाव प्रचार अभियान के दौरान टक्सन में आयोजित एक रैली में हैरिस ने कहा कि सब कुछ दांव पर लगा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने भाषण में ट्रंप प्रशासन द्वारा कोविड-19 की स्थिति के प्रबंधन की भी आलोचना की। कैलिफोर्निया से सीनेटर हैरिस ने समाजवादी एजेंडा प्रचारित करने के रिपब्लिकन पार्टी के आरोपों का भी खंडन किया। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, मेरे मूल्यों के बारे में बात की जा रही है। मुझे एक देशभक्त अमेरिकी होने पर गर्व है। मैं अपने देश से प्रेम करती हूं और हमारे मूल्य अमेरिका के मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं।

अपने और ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान की तुलना करते हुए हैरिस ने कहा कि जहां ट्रंप की जनसभाओं में सभी लोग मास्क नहीं लगाते और सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते, वहीं डेमोक्रेट पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन और वह (हैरिस) शुरू से ही इस बारे में स्पष्ट हैं कि वह मतदाताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ताक पर रखकर उन्हें संबोधित नहीं करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## आईबीएम, इंडियन ऑयल ने किया गठजोड़

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी आईबीएम ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ उक गठजोड़ किया है। इसके तहत आईबीएम आईओसी के डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाएगी। एक बयान में कहा गया कि आईबीएम सर्विसेज ने इंडियन ऑयल वन मोबाइल ऐप और पोर्टल तैयार किया है। अब करीब 13 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान कर रहे 12,400 आईओसी वितरक ऐप और पोर्टल का इस्तेमाल कर सकेंगे। यह ऐप और पोर्टल इंडियन ऑयल की एपिक परियोजना का हिस्सा है। एपिक परियोजना वितरण प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) और उपभोक्ता संबंध प्रबंधन (सीआरएम) का एकीकृत मंच है। यह मंच भंडार, ऑर्डर और इनवॉयसेज की रियल टाइम जानकारी प्रदान करता है। इससे ऑर्डर को पूरा करने में लगने वाला समय कम हो जाता है।

## डॉ रेड्डीज ने टीके के नैदानिक परीक्षण के लिए करार किया

**नई दिल्ली।** दवा बनाने वाली कंपनी डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने रूस में कोरोना वायरस महामारी के लिए विकसित टीके स्पूतनिक वी का भारत में नैदानिक परीक्षण करने के लिए जैव प्रौद्योगिकी विभाग के साथ करार किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। कंपनी टीके के नैदानिक परीक्षण में परामर्श प्रदान करेगी। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बिराक) का गठन किया है। डॉ. रेड्डीज ने शेयर बाजारों को बताया, यह भागीदारी डॉ रेड्डीज को टीके के नैदानिक परीक्षण के लिए बिराक के कुछ परीक्षण केंद्रों की पहचान करने और उनका इस्तेमाल करने की सहूलियत देगी। डॉ. रेड्डीज ने इस महीने की शुरुआत में रूस प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के साथ मिलकर भारत में स्पूतनिक वी टीके के नैदानिक परीक्षण के लिए भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) से मंजूरी प्राप्त की थी।

## नीलामी में मनोहारी गोल्ड चाय पत्ती 75 हजार किलो बिकी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र (जीटीएसी) ने कोरोना वायरस महामारी के बीच हुई एक नीलामी में चाय पत्ती की विशेष किस्म मनोहारी गोल्ड की बिक्री 75 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की दर से की है। केंद्र के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह रिकॉर्ड दर इस साल मिली अब तक की सबसे ऊंची कीमत है। उन्होंने कहा कि एक साल के अंतराल के बाद जीटीएसी को मनोहारी गोल्ड चाय पत्ती 75 हजार रुपये किलो बेचने का अवसर मिला। गुवाहाटी चाय नीलामी खरीदार संगठन के सचिव दिनेश बिहानी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह बिक्री कंटेपररी ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड ने की और इसे गुवाहाटी स्थित चाय कारोबारी विष्णु टी कंपनी ने खरीदा। विष्णु टी कंपनी अपनी डिजिटल ई-वाणिज्य वेबसाइट नाइनएएमटी डॉट कॉम के माध्यम से इस चाय पत्ती दुनिया भर में बिक्री करेगी। बिहानी ने कहा, जब पूरी दुनिया महामारी से प्रभावित है, यह एक बड़ी उपलब्धि है। मनोहारी टी एस्टेट ने सितंबर महीने में इस विशेष किस्म के उत्पादन के लिए कड़ी मेहनत की है और उसे बिक्री के लिए जीटीएसी के पास भेजा।

## सीडीएसएल की शाखा को विदेशी डिपॉजिटरी की मान्यता मिली

**नई दिल्ली।** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) ने बृहस्पतिवार को बताया कि गुजरात के गिफ्ट सिटी के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में स्थित उसकी शाखा को विदेशी डिपॉजिटरी के रूप में मान्यता मिल गई है। सीडीएसएल ने एक बयान में कहा कि उसे यह मान्यता अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से मिली है। उसने कहा कि उसकी यह शाखा सीडीएसएल आईएफएससी गिफ्ट सिटी के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में स्वीकृत सभी पात्र प्रतिभूतियों के होल्डिंग व हस्तांतरण का कार्य करेगी। इस शाखा का उद्देश्य आईएफएससी को वैश्विक निवेशकों के लिए अग्रणी वित्त केंद्रों में तरजीही गंतव्य बनाना है। सीडीएसएल ने कहा कि इस शाखा को मंजूरी बुधवार को मिली। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नेहल वोरा ने कहा, मुझे यकीन है कि यह कदम वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में योगदान देगा। सीडीएसएल के प्रमुख शेयरधारकों में बीएसई, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलआईसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक शामिल हैं।

## ताइवान में वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**ताइपे।** ताइवान का एक एफ-5ई लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार सुबह एक प्रशिक्षण अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन इससे वायुसेना के पुराने होते बेड़े की संभावित समस्या रेखांकित होती है। बता दें कि ताइवान इस समय चीन के बढ़ते खतरे का सामना कर रहा है। मंत्रालय ने बताया कि विमान ताइतुंग के पूर्वी काउंटी के चिहंग हवाई ठिकाने से उड़ान भरने के दो मिनट के भीतर प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के मुताबिक पायलट, कैप्टन चू कुआन-मेंग को समुद्र में से निकाल तो लिया गया, लेकिन तट पर मौजूद अस्पताल ले जाए जाने के करीब एक घंटे बाद उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वर्ष 1970 के दशक की शुरुआत में बने एफ-5ई लडाकू विमान को अबतक कई बार अपडेट किया गया है।


## वियतनाम में भूस्खलन में आठ की मौत, 42 लापता

**हनोई।** वियतनाम में मोलावे चक्रवात के कारण आए भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य लापता हो गए। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक वियतनाम सरकारी एजेंसी की खबर के अनुसार क्वांग नाम प्रांत में दक्षिण मध्य त्रा वान क्षेत्र के गांव में आए भूस्खलन से कई मकान तबाह हो गए और बचावकर्मियों ने आठ शव बाहर निकाले हैं। त्रा वान से कई किलोमीटर दूर स्थित त्रा लेंग गांव में आए एक अन्य भूस्खलन में कई मकान जमीदोज हो गए जिनमें लगभग 45 लोग रहते थे। इस हादसे में चार लोग बच गए। बचावकर्मियों ने तीन शव निकाल लिए हैं और अन्य को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वियतनाम के अधिकारियों का मानना है कि पिछले 20 साल में ऐसी तबाही नहीं हुई जैसी इस चक्रवात के कारण हुई है।

## धनिया वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में मजबूती के रुख को देखते हुए सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को धनिया की कीमत दो रुपये की तेजी के साथ 6,808 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के नवंबर महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत दो रुपये अथवा 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,808 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 3,330 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में मजबूती के रुख और उत्पादक क्षेत्रों से सीमित आपूर्ति के कारण मुख्य रूप से यहां धनिया वायदा कीमतों में तेजी आई। धनिया के दिसंबर महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 40 रुपये अथवा 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 565 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट




**नई दिल्ली।** कमजोर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा बाजार में कच्चा तेल बृहस्पतिवार को 0.47 प्रतिशत की हानि के साथ 2,759 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में नवंबर महीने की डिलिवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध की कीमत 13 रुपये यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,759 रुपये प्रति बैरल रह गई। इसमें 3,589 लॉट के लिए कारोबार हुआ। हालांकि, कच्चातेल के दिसंबर माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत छह रुपये यानी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,816 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 98 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38.86 डॉलर प्रति बैरल चल रहा था और ब्रेंट क्रूड का भाव 1.43 प्रतिशत की हानि दर्शाता 38.56 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था।

मुंगेर में हिंसा: गुस्साई भीड़ का पुलिस चौकी और एसपी ऑफिस पर हमला

# चुनाव आयोग ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को हटाया

एजेंसी। पटना/मुंगेर



**गुस्साई भीड़ ने मुफस्सिल थाने में छह गाड़ियां फूंकी**

**26 अक्टूबर को हुई फायरिंग में एक की हो गई थी मौत**

**बिहार** के मुंगेर में भड़की हिंसा गुरुवार को फिर जोर पकड़ रही है। गुस्साई भीड़ ने बासुदेवपुर पुलिस चौकी में आग लगा दी है। एसपी ऑफिस पर भी हमला हुआ। मुफस्सिल थाने में 6 गाड़ियां फूंकी गई हैं। इसके बाद चुनाव आयोग ने डीएम-एसपी को हटा दिया है।

दरअसल, मूर्ति विसर्जन के दौरान फायरिंग में 26 अक्टूबर (बीते सोमवार) की रात एक की मौत हुई थी। जुलूस पर पुलिस ने बेरहमी से लाठीचार्ज किया था। इसका 28 अक्टूबर को वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद हिंसा भड़की। लोगों का यह गुस्सा पुलिस अधीक्षक लिपि सिंह को लेकर था, इसलिए स्थिति को काबू करने के लिए चुनाव आयोग ने मुंगेर पुलिस अधीक्षक के साथ जिलाधिकारी राजेश मीणा को भी हटा दिया। स्थिति को संभालने के लिए डीआईजी मनु महाराज खुद भारी संख्या में पुलिस बल के साथ उतर आए। शाम में मानवजीत सिंह ढिल्लों को एसपी और रचना पाटिल को मुंगेर डीएम के रूप में नियुक्त कर दिया गया।

मुंगेर में बुधवार को वोटिंग थी इसलिए सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त थी, लेकिन गुरुवार को सुरक्षा बलों के जाते ही लोग जमा होने लगे। एसपी आफिस के पास करीब 25-30 हजार लोग जमा हो गए। पुलिस ने बल प्रयोग करने की तैयारी की तो लोगों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने एसपी ऑफिस पर पथराव कर दिया। एक वाहन के शीशे तोड़ दिए। सराय मांडी में सड़क पर आगजनी की गई। वहां तोड़फोड़ की गई। खबर है कि भीड़ ने वहां एक जज के बंगले पर भी पथराव किया है।

सूत्रों के मुताबिक ऐसी खबर आ रही है कि विसर्जन की रात हुई हिंसा में जो लोग घायल हुए थे, उनमें एक बच्चे की मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलने के बाद लोगों का हुजूम निकल पड़ा। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भीड़ में शामिल लोगों ने पथराव और आगजनी की। सूत्रों का यह भी कहना है कि मुस्लिम-यादव समीकरण इस मामले में हावी हो गया है। मुंगेर कांड के जरिए विधानसभा के बाकी बचे दोनों फेज के चुनाव को प्रभावित करने की प्लानिंग है। इस वजह से लोगों को भड़काया जा रहा है।

### गोलीकांड की जांच कराई जा रही

मुंगेर में हुई हिंसा के बारे में एडीजी पुलिस मुख्यालय, जितेंद्र कुमार का कहना है कि गोलीकांड की जांच सीनियर पुलिस ऑफिसर्स से कराई जा रही है। एडीजी के मुताबिक मूर्ति विसर्जन के दौरान हालात बिगड़े थे। इसके बाद पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी, लेकिन हालात क्यों बिगड़े, इसका पता लगाया जा रहा है। जल्द ही जांच पूरी हो जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है मामला?**

दरअसल, शहर के दीनदयाल उपाध्याय चौक पर सोमवार देर रात प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस बल पर भीड़ की ओर से फायरिंग और पथराव की खबर आई थी। इसमें एक थानेदार का सिर फट गया था और 20 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वहीं, अनुराग पोद्दार नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी। सात लोग घायल हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो गोली चलने के पहले का है या इसके बाद का इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

# सात बागी विधायकों को मायावती ने किया निलंबित

एजेंसी। नई दिल्ली



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी के सात बागी विधायकों को निलंबित कर दिया। इन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी रामजी गौतम के नामांकन का विरोध किया था।

मायावती ने अपने कुछ विधायकों के पाला बदलने की अटकलों के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधा और कहा कि भविष्य में विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव में सपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए उनकी पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी तथा जरूरत पड़ी तो भाजपा या किसी अन्य पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देगी। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही बागी विधायक किसी भी अन्य पार्टी में शामिल होते हैं तो बसपा उनके खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को सूचित किया गया है कि निलंबित विधायकों को पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाना चाहिए। मायावती ने एक बयान में कहा कि भविष्य में सपा उम्मीदवारों को हराने के लिए बसपा पूरी ताकत लगाएगी और जरूरत पड़ी तो भाजपा या किसी अन्य पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देगी। बसपा को बुधवार को उस समय झटका लगा था जब पार्टी के छह विधायकों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी और इसके बाद उन्होंने संकेत दिए थे कि वे पार्टी बदल सकते हैं। इसके साथ ही इनमें से चार विधायकों ने हलफनामा दायर कर कहा कि बसपा के राज्यसभा उम्मीदवार रामजी गौतम की उम्मीदवारी के प्रस्तावक के तौर पर उनके हस्ताक्षर फर्जी है।

# बसपा सुप्रीमो ने खुद अपनी पोल खोली: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियों को हराने के लिए भाजपा तक का समर्थन करने के बसपा प्रमुख मायावती के बयान पर तंज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इससे साबित हो गया कि मायावती की भाजपा से पहले से ही सांठगांठ है।

सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मायावती का बयान इस बात की स्वीकारोक्ति है कि उनकी भाजपा से पहले ही सांठगांठ थी। उन्होंने कहा कि भाजपा से इसी अंदरूनी समझौते की वजह से मायावती ने विधानसभा में पर्याप्त संख्या बल न होने के बावजूद अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा और अब यह कहकर कि राज्यसभा चुनाव में सपा को हराने के लिए वह भाजपा तक का समर्थन कर सकती हैं, बसपा प्रमुख ने अपनी पोल खुद ही खोल दी है। चौधरी ने कहा कि मात्र 18 विधायकों वाली बसपा के पास अब विधानसभा में केवल 10-11 विधायक ही हैं, जबकि राज्यसभा के एक प्रत्याशी को जिताने के लिए 38 विधायकों का समर्थन जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 के टीके को स्वास्थ्य कर्मियों की सूची मांगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों से महामारी के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की सूची मांगी है। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर कोविड-19 का टीका दिया जाना है। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सभी चिकित्सा महाविद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, निजी स्वास्थ्य इकाइयों और पॉलीक्लीनिकों सहित सभी चिकित्सा संस्थानों से कर्मचारियों की सूची भेजने को कहा गया है। उन्होंने कहा, आशा कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नर्स और सुपरवाइजर, ब्लॉक प्रशिक्षक, चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथी डॉक्टर), शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मी, प्रशासनिक पदों पर कार्यरत डॉक्टर, आयुष डॉक्टर, दंतचिकित्सक, सभी तरह के पैरामेडिकल कर्मी को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारी ने कहा, हमने राज्य के सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों को कोविड-19 टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का डाटाबेस (आंकड़ा संग्रह) बनाने के लिए दिशानिर्देश और एक्सेल शीट भेजी है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि सरकार की योजना अगले साल जुलाई तक करीब 25 करोड़ लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण करने की है।

### शौचालय की दीवार को सपा के झंडे जैसे रंग में रंगा, आक्रोश

**गोरखपुर।** गोरखपुर के एक रेलवे अस्पताल के शौचालय की दीवारों को कथित तौर पर समाजवादी पार्टी के झंडे जैसे रंग से रंगे जाने को ले कर पार्टी ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक और गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम नगीना साहनी ने बृहस्पतिवार को कहा, हम अपने झंडे का इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसे बदलने के लिए रेलवे प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है, जिन्होंने यह कृत्य किया है। उन्होंने कहा , कार्रवाई नहीं हुई तो हम सड़कों पर उतरेंगे। शौचालय का निर्माण तीन-चार महीने पहले किया गया था लेकिन यह बुधवार को हमारे ध्यान में आया।

### भोजपुरी गायक को गोली मारने पर भाजपा नेता गिरफ्तार

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में पिछले दिनों जन्मदिन के उत्सव में हर्ष फायरिंग के दौरान भोजपुरी गायक और अभिनेता गोलू राजा को गोली लगने के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता भानु दुबे को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अनिल तिवारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि भाजपा नेता भानु दुबे को बुधवार को उसके गांव के समीप एक तिराहे से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गड़वार थाना क्षेत्र के महाकरपुर गांव में 26 अक्टूबर की रात भाजपा नेता भानु दुबे के बेटे की जन्मदिन पार्टी में पड़ोसी राज्य बिहार के मशहूर लोकगीत गायक व अभिनेता गोलू राजा और गायिका निशा उपाध्याय गीत प्रस्तुत कर रहे थे, तभी वहां हर्ष फायरिंग शुरू हो गई। इस दौरान एक गोली गायक की बांह को चीरते हुए सीने में लग गई। गोलू को उपचार के लिए वाराणसी में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में उप निरीक्षक लाल साहब गौतम की शिकायत पर हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में भानु दुबे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जन्मदिन की पार्टी में गोली चलाने वाले की तलाश कर रही है।

### पंजाब में रेल सेवाएं बहाल नहीं हुई हैं : रेलवे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसानों के प्रदर्शन के कारण पंजाब में ट्रेनों का परिचालन नहीं हो रहा है। किसान नए कृषि कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तरी रेलवे के एक प्रवक्ता ने राज्य में ट्रेन सेवाओं के बहाल होने की अटकलों के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रेन सेवाएं बहाल नहीं की गई हैं। उत्तरी रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीपक कुमार ने कहा, कुछ समाचार पत्रों में पंजाब में रेल सेवाएं बहाल होने की खबरें छपी हैं। एक बार फिर यह स्पष्ट किया जाता है कि यह झूठी खबर है और अभी वहां ट्रेनें अभी नहीं चल रही हैं। कुमार ने कहा, ये समाचार पत्र 22 अक्टूबर को जारी की गई उत्तरी रेलवे की प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दे रहे हैं, जब एक दिन के लिए मालगाड़ी का परिचालन शुरू किया गया था लेकिन अनिश्चितताओं और ट्रेन संचालन कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे बंद कर दिया गया था। यह जानकारी सभी संबंधित लोगों के लिए है।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत, पुलिस का बीमारी से मौत का दावा

**बांदा।** बांदा जिले के बदौसा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व कथित तौर पर दुष्कर्म की शिकार हुई एक अधेड़ महिला की बुधवार को मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि महिला की मौत बीमारी से हुई है। बदौसा थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह गौर ने बृहस्पतिवार को बताया, थाना क्षेत्र के एक गांव में 21 सितंबर को दुष्कर्म की शिकार हुई 55 साल की महिला की बुधवार को उसके घर में मौत हो गई। महिला यकृत की बीमारी से पीड़ित थी। उन्होंने बताया कि, महिला शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी, वापस लौटते समय उसके रिश्ते के भतीजे प्रमोद यादव (35) ने बहाने से उसे अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने बताया, इस सिलसिले में प्रमोद के खिलाफ दो अक्टूबर को धारा 376(बलात्कार) के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा जा चुका है। सिंह ने बताया कि महिला पहले से ही यकृत की बीमारी से पीड़ति थी और चित्रकूट जिले के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि महिला के बेटे ने दुष्कर्म के बाद तबियत खराब होने और बाद में मौत होने की शिकायत की है, जिसकी जांच की जा रही है।

### तमिलनाडु शैक्षणिक समूह : 150 करोड़ की कर चोरी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थान चलाने वाले तमिलनाडु स्थित एक समूह के परिसरों पर छापा मार कर लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये की कर चोरी को उजागर किया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीबीडीटी ने बताया कि बुधवार को कोयंबटूर, इरोड, चेन्नई और नमक्कल में समूह और उससे जुड़े लोगों के 22 परिसरों की तलाशी ली गई। बोर्ड की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया, तलाशी में लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये के निवेश की पहचान की गई। जिसका कोई लेखा जोखा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पांच करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए।

# बुनकरों को एक समान दर पर बिजली दे यूपी: प्रियंका

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश के बुनकरों की समस्याओं को लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। आग्रह किया कि बुनकरों को एक समान दर पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना को फिर से लागू किया जाए।

उन्होंने पत्र में कहा, मेरी जानकारी में आया है कि पिछले कुछ समय से वाराणसी के बुनकर बहुत ही परेशान और हताश हैं। पूरी दुनिया में मशहूर बनारसी साड़ियों के बुनकरों के परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी के मुताबिक, कोरोना महामारी और सरकारी नीतियों के चलते उनका पूरा कारोबार चौपट हो गया है जबकि उनकी हस्तकला द्वारा सदियों से उत्तर प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार को इस कठिन दौर में उनकी पूरी सहायता करनी चाहिए। प्रियंका ने मुख्यमंत्री से कहा, संप्रग सरकार ने 2006 में बुनकरों के लिए फ्लैट रेट पर बिजली देने की योजना लागू की थी। मगर आपकी सरकार यह योजना खत्म करके बुनकरों के साथ बहुत नाइंसाफी कर रही है।

## बिहार चुनाव में हार तय देखकर भाजपा को याद आया पाकिस्तान: कांग्रेस


**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक पाकिस्तानी सांसद के बयान को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा राहुल गांधी पर निशाना साधे जाने के बाद बृहस्पतिवार को उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार तय देखकर भाजपा को फिर से पाकिस्तान की याद आने लगी है।पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि नड्डा को पाकिस्तान के बजाय भारत के टेलीविजन चैनल देखने चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, क्या भारतीय चैनल इतने खराब है कि भाजपा अध्यक्ष को पाकिस्तानी चैनल देखने पड़ते हैं। उन्हें भारत के चैनल देखने चाहिए। मैं उन्हें बार बार सलाह देना चाहता हूं कि वह पाकिस्तान की संसद के बजाय भारत की संसद पर ध्यान केंद्रित करें।



एक तरफ दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले दूसरी और दिल्ली के सदर बाजार में उमड़ी भीड़ का नजारा।

# 'कश्मीर से आतंक के खात्मे के बाद अब देश से नक्सलवाद उखाड़ने की तैयारी'

एजेंसी। दरौंदा (सिवान)



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजद-कांग्रेस-भाकपा माले महागठबंधन पर बिहार में दोबारा जंगलराज लाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के बाद देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने की तैयारी चल रही है।

योगी आदित्यनाथ ने सिवान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खास तौर पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण, एक बार में तीन बार तलाक के खिलाफ कानून बनाने एवं जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुन: सरकार बनाए जाने पर बल दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, याद कीजिए, कुछ वर्षों पहले बिहार के सामने पहचान का संकट था। जंगलराज की स्थिति किन लोगों ने पैदा की थी? आज वे फिर से ताक में हैं। इन जातिवादी और वंशवादी ताकतों को परास्त करना है। विपक्ष, खास तौर पर राजद पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि चुनाव में मतदान के जरिए जातिवादी एवं वंशवादी ताकतों को परास्त करना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, जातिवाद के नाम पर परिवारवाद को बढ़ावा देकर और परिवारवाद के जरिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर इन्होंने बिहार को बर्बाद कर दिया।

## आबादी के हिसाब से मिले लोगों को आरक्षण : नीतीश

**बाल्मिकीनगर (बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों को आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले, इसमें कोई दो राय नहीं है। नीतीश कुमार ने पश्चिमी चंपारण के बाल्मीकिनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हम तो चाहेंगे कि जितनी आबादी है, उसके हिसाब से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इसमें हम लोगों की कहीं से कोई दो राय नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक संख्या का सवाल है, जनगणना होगी तब उसके बारे में निर्णय होगा। यह निर्णय हमारे हाथ में नहीं है। साथ ही उन्होंने ने कहा, मुझे वोट की चिंता नहीं रहती है।

# लक्ष्मीबाई की वेशभूषा वाली लड़कियों पर सिंधिया की अनर्गल टिप्पणियां, केस दर्ज

**इंदौर।** विधानसभा उपचुनावों की बेला में सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कांग्रेस के एक पूर्व नेता पर प्राथमिकी दर्ज की है। इस वीडियो में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली पांच नाबालिग लड़कियां भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवार के खिलाफ कथित तौर पर अनर्गल टिप्पणियां करती सुनाई पड़ रही हैं।

चंद्रावतीगंज पुलिस थाने के प्रभारी मोहन जाट ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के एक निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट पर प्रकाश महावर और दो-तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़ा विवादास्पद घटनाक्रम तब सामने आया, जब सिंधिया इंदौर शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर चंद्रावतीगंज कस्बे में मंगलवार को भाजपा की एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे।

# ईडी ने शिव शंकर के खिलाफ कई आरोप लगाए

एजेंसी। कोच्चि

**सोने** की तस्करी मामले में पैसों के लेन-देन की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर के खिलाफ कई आरोप लगाए हैं। शिवशंकर को इस बहुचर्चित मामले में बुधवार की रात गिरफ्तार किया गया था। केंद्रीय एजेंसियां-एनआईए, सीमा शुल्क विभाग और ईडी, पांच जुलाई को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक राजनयिक सामान से करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की जब्ती की अलग-अलग जांच कर रही हैं।

ईडी ने आरोप लगाया है कि शिवशंकर ने हवाई अड्डे पर सोने वाले राजनयिक सामान को सीमा शुल्क विभाग की जांच के बिना मंजूरी के लिए हस्तक्षेप किया था। शिवशंकर को यहां की एक अदालत ने सात दिनों के लिए एजेंसी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने गिरफ्तारी आदेश में दावा किया है कि 15 अक्टूबर को दिए गए अपने बयान में शिवशंकर ने स्वीकार किया कि उन्होंने सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश की इच्छानुसार एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी से बातचीत और अनुरोध किया था। ईडी ने आदेश में कहा, यह स्वप्ना सुरेश द्वारा किए गए अपराधों में आपकी सीधी संलिप्तता को स्पष्ट करता है। जांच एजेंसी ने कहा कि शिवशंकर और स्वप्ना के बीच व्हाट्सएप चैट से पता चलता है कि स्वप्ना ने कुछ काम के लिए शिवशंकर से हवाई अड्डा के टर्मिनल मैनेजर व अन्य अधिकारियों के साथ हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।

# केशुभाई पटेल ने गुजरात में भाजपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाया

एजेंसी। अहमदाबाद



**वरिष्ठ** नेता केशुभाई भाजपा के ऐसे कद्दावर नेता थे जिन्होंने गुजरात में संगठन को बनाने और इसके विस्तार में बृहद योगदान दिया और 1995 में राज्य में पार्टी की पहली सरकार का नेतृत्व किया। गुजरात में भाजपा के वयोवृद्ध नेता के तौर पर प्रख्यात केशुभाई ने नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं की एक पीढ़ी को दिशा दिखाई। मोदी उनके बाद राज्य के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री बने। किसान परिवार से आने वाले पटेल अपने राजनीति के शीर्ष स्तर पर 1995 में तब पहुंचे जब वह मुख्यमंत्री बने, लेकिन पार्टी में विद्रोह के चलते उनका कार्यकाल छोटा रहा। वह दोबारा 1998 से 2001 तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन दूसरी बार भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए।

पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, पटेल का निधन लंबी बीमारी के बाद बृहस्पतिवार को 92 वर्ष की उम्र में अहमदाबाद में हो गया। हाल में वह कोरोना वायरस के संक्रमण से उबरे थे और स्वास्थ्य बिगड़ने पर आज सुबह उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह छह बार गुजरात विधानसभा के सदस्य रहे और एक बार सांसद रहे। वह गुजरात में 1995 में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री थे और दोबारा 1998 से 2001 तक इस पद पर रहे। उनका जन्म जूनागढ़ जिले के विसवदर शहर में एक किसान परिवार में 1928 में हुआ था। पटेल ने राजकोट के मोहनदास गांधी स्कूल से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। वह काफी कम उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक बन गए थे।

जनसंघ के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपना राजनीतिक कॅरियर शुरू किया और आपातकाल के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थापना करने वाले नेताओं में शामिल थे। उन्होंने नई पार्टी की विचारधारा के प्रसार और युवकों को पार्टी कार्यकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित करने की खातिर अनथक काम किया और पूरे राज्य का दौरा किया। उन्होंने आपातकाल का विरोध किया और कुछ समय के लिए जेल में भी रहे। वह 1977 में राजकोट से सांसद बने। हालांकि बाद में सांसद पद से इस्तीफा देकर गुजरात के तत्कालीन गठबंधन सरकार में मंत्री के रूप में शामिल हुए।

भाजपा को पहली बार गुजरात में 1995 में बहुमत मिला और पटेल राज्य के मुख्यमंत्री बने। लेकिन उनका कार्यकाल कुछ महीने तक ही रहा क्योंकि पार्टी के एक अन्य नेता शंकर सिंह वाघेला ने विद्रोह कर दिया और मुख्यमंत्री बन गए। पटेल के नेतृत्व में भाजपा 1998 में फिर जीती और वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के तौर पर उनके दूसरे कार्यकाल में गुजरात में जून 1998 में विनाशकारी चक्रवात आया जिसमें हजारों लोगों की मौत हो गई और 1999 तथा 2000 में वर्षा की कमी से राज्य को जल संकट का सामना करना पड़ा था।

### केशुभाई पितातुल्य थे, उनका जाना ऐसी क्षति जो कभी पूरी नहीं हो पाएगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल को पितातुल्य बताया और उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पटेल का जाना उनके लिए ऐसी क्षति है, जो कभी पूरी नहीं हो पाएगी। मोदी ने पहले ट्वीट कर और फिर एक वीडियो के जरिए केशुभाई के निधन पर शोक संदेश जारी किया तथा कहा कि उनका जीवन राज्य के विकास और हर गुजराती के सशक्तीकरण के लिए समर्पित रहा। गुजरात में भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केशुभाई का बृहस्पतिवार को अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। हाल ही में वह कोविड-19 से उबरे थे। बृहस्पतिवार की सुबह स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के चलते उन्हें अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्रियंका चोपड़ा जोनास को मिली हॉलीवुड की फिल्म में भूमिका

प्रियंका चोपड़ा जोनास ग्रैमी विजेता अभिनेत्री सेलिन डियोन तथा अभिनेता सैम ह्यूगन के साथ उनकी रोमांटिक फिल्म 'टेक्स्ट फॉर यू' में भूमिका निभाएंगी।



प्रियंका ने उत्साहित होकर इस आशय की घोषणा का स्क्रीन शॉट संलग्न करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, 'मैं जिम स्ट्राउज़, सैम ह्यूगन, सेलिन डियोन जैसे दिग्गजों के साथ फिल्म में काम करने को लेकर बहुत अधीर हूं।'

इसका निर्देशन और लेखन जिम स्ट्राउज़ ने किया है। ये जर्मन भाषा की फिल्म एसएमएस फर डिक, का ही अंग्रेजी रूपांतरण है जो सोफी क्रेमर के उपन्यास पर आधारित है। इसमें प्रियंका एक ऐसी महिला का चरित्र निभा रही हैं जिसका मंगेतर मर जाता है। अपने मृत मंगेतर के पुराने नंबर पर एसएमएस करते करते वो एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आ जाती है जो उसके जैसी परिस्थिति में होता है। सेलिन डियोन का संगीत उन दोनों के मिलने और एक नई आस लेकर आता है।

ह्यूगन को उनकी सीरीज़ आउटलैंडर, में अभिनेता और निर्माता के रूप में उनके कार्य के लिए जाना जाता है। उन्हें हाल ही में विन डीज़ल अभिनीत ब्लडशॉट, में देखा गया था। इसके अलावा कॉमेडी द स्पाई हू डंप्ड मी, में भी वो थे जिसमें उनके साथ मिला क्यूनिस, केट मैकिनन, जस्टिन थेरॉक्स तथा जिलियन एंडरसन भी थे। 'ऐसी टीम के साथ काम करने के लिए अधीर हूं', ह्यूगन ने इंस्टाग्राम पर लिखा।

प्रियंका को इसके बाद द व्हाइट टाइगर, में देखा जा सकेगा जो एक रूपांतरण फिल्म है। इसे उन्होंने ही निर्मित किया है। इसका निर्देशन रॉबर्ट रोड्रिग्स कर रहे हैं। इसके अलावा वो मिंडी केलिंग तथा डैन गूर के साथ मिलकर एक कॉमेडी विकसित कर रही हैं। वो रूसो ब्रदर्स की फिल्म सिटाडेल, तथा द मैट्रिक्स-4 में भी काम कर रही हैं।

## लेखक ने मिर्जापुर 2 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** हिंदी अपराध उपन्यास लेखक सुरेंद्र मोहन पाठक ने अमेजन प्राइम वीडियो श्रृंखला मिर्जापुर दो के निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने अपने उपन्यास धब्बा को बिल्कुल अश्लील तरीके से दिखाने के लिए यह चेतावनी दी है। लेखक ने 27 अक्टूबर को जारी पत्र में आरोप लगाया कि सीजन टू के तीसरे एपिसोड में अभिनेता कुलभूषण खरबंदा (श्रृंखला में सत्यानंद त्रिपाठी की भूमिका करने वाले) पाठक का उपन्यास धब्बा पढ़ रहे हैं, लेकिन वॉयस ओवर का उपन्यास में लिखी बातों से कोई लेना -देना नहीं है। पाठक (81) ने ट्विटर पर साझा किए गए पत्र में दावा किया, श्रृंखला में चरित्र को धब्बा पढ़ते हुए जो दिखाया गया उसका मूल टेक्सट से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने लिखा, इसके विपरीत जो पढ़ा जा रहा है वह काफी अश्लील है, जबकि लेखक ऐसा लिखने के बारे में सोच भी नहीं सकता। लेकिन इस प्रक्रिया में दिखाया गया है कि इसे मेरे उपन्यास धब्बा से पढ़ा जा रहा है जो गलत चित्रण है। पाठक ने आरोप लगाए कि ऐसा गलत चित्रण मेरे पांच दशक से अधिक की छवि को खराब करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि लेखकों ने उन्हें फोन कर वादा किया है कि शो से वॉयस ओवर को हटा दिया जाएगा। इस बारे में टिप्पणी के लिए एक्सेल इंटरटेनमेंट के निर्माताओं से संपर्क नहीं हो सका।



# 'एक फिल्म का हिट होना काम मिलने की गारंटी नहीं होता'

**अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने पायनियर संवाददाता आयुषी शर्मा के साथ एक रोचक बातचीत में बताया कि वो वर्चुअल डेटिंग और आधुनिक संबंधों की अवधारणा से सहमत नहीं हैं। उनका विश्वास व्यक्तिगत रूप से मिलने और एक दूसरे को समझने की पारंपरिक सोच में अधिक है और उनकी आने वाली फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' में भी यही दिखाया गया है। उनसे बातचीत के अंश-**



दंगल फिल्म में गीता फोगट का चरित्र तो सभी को स्मरण होगा। ये चरित्र फातिमा सना शेख ने ही पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से निभाया था और इसे सभी ने सराहा भी था। लेकिन परिस्थितियों को कुछ और ही स्वीकार था। उनके अभिनय की दर्शकों तथा कई अभिनेता और अभिनेत्रियों की सराहना पाने के पश्चात भी उन्हें अधिक भूमिकाएं नहीं मिलीं। फातिमा को भी समझ में आ गया कि किसी एक बड़े बैनर की फिल्म में काम करने मात्र से ही बॉलिवुड में आपका कॅरियर नहीं बन जाता। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानीं। रोल मिलने में समय लगा लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने केवल उन्हीं भूमिकाओं को लिया जो उनके अनुसार बड़े परदे पर के लिए उचित थे। ऐसा ही एक रोल है फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' में टीना का जो फातिमा ने ही निभाया है। इसमें उनके साथ मनोज बाजपेई और दिलजीत दोसांझ ने भी भूमिकाएं निभाई हैं। इसका निर्देशन किया है अभिषेक शर्मा ने। ये एक युवा सूरज (दिलजीत दोसांझ) की कहानी है जो अपने लिए जीवन साथी की तलाश में है। लेकिन भाग्य को कुछ और स्वीकार्य था क्योंकि उसकी योजनाओं में विघ्न डालने के लिए मंगल (मनोज बाजपेई)उपस्थित था। इस प्रकार दोनों एक रेस में पड़ जाते हैं। प्रस्तुत हैं उनके साथ बातचीत के अंश-

> भले ही दिलजीत (दोसांझ) लड़कियों के आसपास आरक्षित हैं, लेकिन आपको सहज महसूस कराने के लिए उनके पास यह विशेष गुण है। और मुझे लगता है कि ये आप सभी की जरूरत है...उनके इस गुण ने वास्तव में हम दोनों को उस रसायन विज्ञान को बनाने में मदद की



**p इस फिल्म में आपका चरित्र आपकी अभिनय संबंधी अनुभवों को किस प्रकार से समृद्ध करता है?**

मैं इसमें महाराष्ट्र की एक मध्यवर्गीय लड़की का चरित्र कर रही हूं। वो एक घरेलू लड़की जैसी सीधी-सादी है। उसके जीवन में एक लड़के का प्रवेश होता है और वो अपने परिवार से इस बात को छिपाती है। उसका भाई एक वैवाहिक जासूस है और भावी वर की पृष्ठभूमि का पता लगाना ही उसका व्यवसाय है। लेकिन वो बहुत ही जटिल टाइप का व्यक्ति है। फिल्म की कहानी इन तीन पात्रों और उनके बीच के संबंधों के आसपास ही घूमती है। मेरे विचार से जब भी कोई ऐसा चरित्र होता है जिसके बारे में आपको तैयारी करनी होती है तो आपको उसके बारे में गहन जानकारी प्राप्त करनी ही पड़ती है। ये आदत आपको भविष्य में बहुत काम आती है। तो यहां मुझे महाराष्ट्र की लड़की का चरित्र निभाना था तो मुझे वहां की संस्कृति, उनकी बोली और उनकी जीवनशैली के बारे में सीखना था। हमारे पास एक सिखाने वाले थे जो हमें महाराष्ट्र की बोली और उनके शब्दों आदि के बारे में सिखाते थे।

**p ये फिल्म 1990 की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म के बारे में आपको कैसे ये विश्वास है कि दर्शक इसे आज 2020 में भी पसंद करेंगे?**

मेरा मानना है कि 90 का दशक उतनी पुरानी बात नहीं है। लोग आज भी उस समय से जुड़ाव रखते हैं। ये वो कालखंड है जो हमें बस कल जैसा लगता है लेकिन साथ ही ये प्राचीन इतिहास भी लगता है। सामान्यत: ऐसा होता है कि हम या तो आज के कोविड काल के बारे में बात करते हैं या फिर हम बहुत पुराने समय की बात करते हैं। लेकिन ये इस कालखंड के बीच की बात है। मेरा मानना है कि फिल्म बहुत ही दोनों ही युगों की मधुर याद लिए हुए है। इसमें 90 से पहले और बाद के जीवन को ही प्रस्तुत किया गया है। वैसे ये स्वच्छ पारिवारिक कॉमेडी कही जा सकती है।

**p ये फिल्म उस समय की बात करती है जब माता-पिता द्वारा तय किये जाने वाले विवाह की बात करती है आपके लिए इस परिदृश्य को सही ढंग से समझना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

फिल्म केवल उस समय की बात ही नहीं करती। बल्कि इसमें संबंध और चरित्रों के बारे में भी बहुत कुछ है। ये बहुत सामयिक है। अत: मेरे लिए इसे समझना उतना भी कठिन नहीं था क्योंकि मैं ऐसे कई विवाहों का हिस्सा रह चुकी हूं। हर कोई अपने जीवन में ऐसे विवाह समारोहों में जाता रहता है। मैं वैसे विवाह संस्थान में विश्वास नहीं करती लेकिन शेष लोगों के लिए तो ये एक सत्य है ही। मेरे विचार से ये अवधारणा आज भी बहुत प्रासंगिक है और भविष्य में भी रहने वाली है।

**p आप आज के समय की हैं। आपके अनुसार आज आपको कितना परिवर्तन समझ में आता है?**

विश्व तेजगति से बदल रहा है और आगे भी बढ़ रहा है। इसमें आश्चर्य जैसी कोई बात नहीं है। वैसे भी बदलाव एक मिलेनियम का है। एक समय था जब इंटरनेट, मोबाइल फ्रेन, और सोशल मीडिया नहीं हुआ करता था। लोगों को सबकुछ भौतिक रूप से ही करना होता था। फिल्म में भी यही दिखाने का प्रयास किया गया है। आज हमें कितना कुछ पता है। अब तो ऑनलाइन डेटिंग तक होने लगी है। इससे जोड़ों को मिलने में बहुत सुविधा हो गई है। मैंने वर्चुअल डेटिंग नहीं की है तो मुझे इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है। मेरे लिए तो शारीरिक उपस्थिति आवश्यक है। मैं व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करती हूं। वर्चुअल मीटिंग की अवधारणा के कारण अब वास्तविक, ठोस और स्वस्थ संबंधों को विकसित करने जैसा कुछ भी दिखाई नहीं देता। मैं वर्चुअल स्तर पर लोगों से जुड़ाव अनुभव ही नहीं कर पाती। मेरे लिए ये बहुत कठिन है। मैंने डेटिंग ऐप्स में प्रयास किया है लेकिन मुझे ये समझ में नहीं आते। मुझे पुराना ढंग ही अच्छा लगता है।

**p दिलजीत दोसांझ परदे के चरित्र से विपरीत बहुत अलग है। वो लड़कियों के सामने लजीला, कम बोलने वाला व्यक्ति है। परदे पर आप उससे प्यार करती हैं तो आपके लिए उसके साथ केमिस्ट्री विकसित करना कितना कठिन था?**

उनके साथ काम करना और उन्हें जानना अच्छा अनुभव था। मेरे लिए ये थोड़ा भी कठिन नहीं था। यदि वो लड़कियों के सामने लजीला है तो ये आपको केवल सहज करने के लिए करता होगा। और ये आवश्यक भी है। उसके इसी गुण के कारण हमारे बीच सहजता आना संभव हुआ। उनके साथ अच्छा समय बीता। मैं जब भी किसी बात को लेकर उससे मिली तो वो सदैव उपलब्ध होता था। वो अच्छा व्यक्ति है।

**p मनोज बाजपेई के साथ काम करना कैसा अनुभव था?**

मैं मनोज बाजपेई के काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनके साथ भी सबकुछ अच्छा रहा। उनके द्वारा फिल्मों में अब तक निभाए गए चरित्र स्मरणीय रहे हैं। मैं जब भी सेट पर जाती थी तो उनके विभिन्न चरित्रों के बारे में ढेर सारे प्रश्न पूछा करती थी। आप कई सकते हैं कि मैंने उन्हें परेशान करके रख दिया। जब मुझे इन अभिनेताओं के फिल्म में होने का पता चला तो मैं तो बस फिल्म में आना ही चाहती थी।

**p क्या आपको लगता है कि दंगल आपके लिए एक बड़ा ब्रेक था या फिर आपको इससे भी बड़ी फिल्म में भूमिका मिल सकती थी?**

मेरे साथ ऐसा भी हुआ है कि मुझे कई फिल्मो से बाहर कर दिया गया लेकिन ये सब चलता है। ये मुझे समझ आता है। लेकिन अब मेरे पास लूडो, सूरज पे मंगल भारी और एक लघु फिल्म भी हैं। ऐसे अनुभव भी हैं जो अच्छे नहीं कहे जा सकते। लेकिन ये तो हर काम में होता ही है। यदि आज आपकी फिल्म हिट होती है तो आपको झट से दूसरा काम मिल जाएगा ऐसा निश्चित नहीं होता। हर बात की एक प्रक्रिया होती है और मैं इस नियम का सम्मान करती हूं। मैं आज भी काम कर रही हूं यदि मेरे पास कोई काम ही नहीं होता तो बात कुछ और हो सकती थी। देखते हैं कि जीवन ने आपके लिए क्या लिख रखा है।

**(उनकी ये फिल्म 13 नवंबर दीपावली पर रिलीज़ होगी)**

## भारतवंशी उद्यमी को कनाडा इंडिया बिजनेस काउंसिल करेगा सम्मानित

एजेंसी। वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** उद्यमी एवं परोपकार के कार्य से जुड़े एम आर रंगस्वामी को कनाडा-इंडिया बिजनेस काउंसिल सम्मानित करेगा। उन्हें इंडियास्पोरा की स्थापना करने और भारतीय प्रवासियों को वैश्विक तौर पर जोड़ने के लिए पहले ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि यह पुरस्कार डिजिटल माध्यम से बृहस्पतिवार को दिया जाएगा जो कनाडा-इंडिया बिजनेस काउंसिल के डिजिटल दिवाली पुरस्कार का हिस्सा है। ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड इस साल पहली बार शुरू किया गया है। यह उन व्यक्तियों दिया जाएगा है जो उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं और जिनका दूसरों की भलाई के लिए असाधारण सेवा का रिकॉर्ड होता है। बयान में कहा गया है कि ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड निस्वार्थता, समर्पण और कनाडा या भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है। इंडियास्पोरा के संस्थापक एवं उद्यमी तथा निवेशक रंगस्वामी ने कहा कि प्रतिष्ठित कनाडा-भारत बिजनेस काउंसिल से यह पुरस्कार स्वीकार करना एक सम्मान की बात है। यह पुरस्कार हमें भारतीय प्रवासी को विश्व स्तर पर जोड़ने की हमारी यात्रा में गति प्रदान करेगा। हम कनाडा और भारतीय-कनाडाइयों को इस मिशन का अभिन्न अंग मानते हैं। कनाडा के टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूत अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा कि 16 लाख की आबादी वाला भारतीय समुदाय समृद्ध है।

## ब्रह्मराक्षस 2 में तांत्रिक के रोल के लिए गंजे हो गए मनीष खन्ना



**मुंबई।** बीते 27 वर्षों से ज्यादा समय से ज़ी टीवी ने अनेक सफ्ल शोज़ प्रस्तुत किए हैं और अपने अलग और असाधारण कार्यक्रमों के साथ दर्शकों का दिल जी त लिया है। अब यह चैनल अपने बेहद सफ्ल और रोमांचक शो ब्रह्मराक्षस के दूसरे सीजन के साथ दर्शकों को फैन्टसी के सफ्र पर ले जाने को तैयार है। बालाजी टेलीफिल्म्स के निर्माण में बने इस शो में पॉपुलर एक्ट्रेस निक्की शर्मा और पर्ल वीण् पुरी लीड रोल निभा रहे हैं। उनके साथ पॉपुलर टेलीविजन एक्टर मनीष खन्ना भी होंगे, जो अपने नए रोल में अपने काम और परफॉर्मेंस से एक बार फिर दर्शकों को लुभाने की तैयारी कर रहे हैं।

तांत्रिक का रोल निभाने जा रहे मनीष टेलीविजन इंडस्ट्री में एक जाने.पहचाने नाम हैं और उन्होंने अपने अलग.अलग शोज़ में कई तरह के पॉजिटिव और नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इससे पहले वो कुमकुम भाग्य में दुष्यंत के नेगेटिव किरदार में नजर आ चुके हैं और अब एक बार फिर वो एक ग्रे किरदार निभाएंगे, जिसके लिए वो जोर.शोर से तैयारी कर रहे हैं। अपने किरदार की जरूरतों और मांग के हिसाब से मनीष ने अपने रोल में निखरने के लिए सपाट गंजा लुक अपनाया है। अपने रोल की तैयारियों के बारे में बताते हुए मनीष खन्ना ने कहा, मेरे किरदार का एक शैतानी रूप है और मुझे लगा कि यह मेरे हुलिये से झलकना चाहिए। दाढ़ी मूछों से लेकर अलग.अलग विग अपनाने तक हमने 15.20 तरह के लुक आजमाए। आखिर में हमने इस लुक को पूरी तरह गंजा रखने का फैसला किया और यह बहुत अच्छा बन पड़ा! असल में यह हुलिया हमारी सोच से ज्यादा भयानक था, जिससे यह किरदार बखूबी झलकता है।

मैं इस फैसले से पूरी तरह सहमत हूं क्योंकि मुझे लगता है कि लुक में कुछ भी नकली अपनाने से विश्वसनीयता नहीं आती। इसके अलावा मुझे लगता है कि इस तरह की नकली चीजें लगाने से मेरी परफॉर्मेंस में भी अड़चन आएगी और इस समय मैं इस लुक के साथ काफी आराम से शूटिंग कर रहा हूं।

## बिग बॉस में मराठी भाषा विरोधी टिप्पणी करने के लिए जान कुमार ने मांगी माफी

**मुंबई।** रिएलटी शो बिग बॉस में मराठी भाषा को लेकर की गई अपनी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए गायक जान कुमार सानू ने माफी मांग ली है।

गायक कुमार सानू के बेटे जान कुमार सानू ने हाल ही में शो के एक एपिसोड में साथी प्रतियोगी एवं अभिनेत्री निक्की तंबोली से कहा था कि वह मराठी में बात ना करें क्योंकि इससे उन्हें चिढ़ होती है। गायक ने यह भी कहा था कि तंबोली को उनसे हिंदी में बात करनी चाहिए। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक धड़े ने जान कुमार सानू की टिप्पणियों को अपमानजनक और मराठी विरोधी बताया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद बुधवार को गायक ने अपने बयान के लिए शो में माफी मांगी। जान कुमार सानू ने कहा, कुछ दिन पहले, मैंने अनजाने में मराठी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। मैं इसके लिए दिल से माफी मांगता हूं। मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। उन्होंने कहा, मैं बिग बॉस से भी माफी मांगता हूं,अगर मैंने आपको शर्मिंदा किया। मैं यह गलती दोबारा कभी नहीं दोहराऊंगा। टीवी चैनल कलर्स ने भी बुधवार को ट्विटर पर एक संक्षिप्त बयान में गायक की टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी।



# पंजाब का सामना करो या मरो के मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से

एजेंसी। अबुधाबी



**आत्मविश्वास** से ओतप्रोत किंग्स इलेवन पंजाब आईपीएल के मैच में शुक्रवार को जीत के इस अभियान को कायम रखते हुए प्लेआफ की ओर अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स के लिए यह अस्तित्व बनाए रखने का मुकाबला होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार हार का सामना कर रही केएल राहुल की टीम के प्रदर्शन में चमत्कारिक बदलाव आया है। उसने लगातार पांच जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह बना ली है। फिलहाल वह 12 मैचों में 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है, जबकि रॉयल्स 12 मैचों में दस अंक लेकर सातवें स्थान पर है।

प्लेआफ की दौड़ अभी अगर मगर के फेर में है। मुंबई इंडियन्स को छोड़कर बाकी छह टीमों के लिए मैदान खुला है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स दौड़ से बाहर हो चुकी है। रॉयल्स अगर शुक्रवार को हारते हैं, तो वह भी दौड़ से बाहर हो जाएंगे जबकि हारने पर पंजाब की राह भी मुश्किल हो जाएगी। पंजाब को टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक रन बना चुके राहुल से उसी प्रदर्शन की उम्मीद होगी। क्रिस गेल के आने से टीम का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ा है। घुटने की चोट के कारण दो मैचों से बाहर रहे मयंक अग्रवाल टीम में लौटते हैं या नहीं, यह देखना होगा। मनदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पारी की शुरुआत करके नाबाद 66 रन बनाए थे, जिससे टीम को एक अतिरिक्त विकल्प मिल गया है। पिछले कुछ मैचों में मोहम्मद शमी की अगुवाई में पंजाब की गेंदबाजी शानदार रही है।

**शुरुआत में लगातार हार का सामना कर रही पंजाब के प्रदर्शन में आया है चमत्कारिक बदलाव**

दूसरी ओर शीर्ष पर काबिज मुंबई को हराने के बाद रॉयल्स के हौसले भी बुलंद है। बेन स्टोक्स फार्म में लौट आए हैं, जिन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 107 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने भी खोई लय हासिल कर ली है, हालांकि कप्तान स्टीव स्मिथ का खराब फार्म रॉयल्स को अखर रहा होगा। जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में राजस्थान की गेंदबाजी औसत रही है। आर्चर ने 12 मैचों में 6.71 की इकानामी रेट से 17 विकेट लिए, लेकिन उन्हें बाकी गेंदबाजों से सहयोग नहीं मिला है।

### टीमें

**किंग्स इलेवन पंजाब:** केएल राहुल (कप्तान), हरप्रीत बराड़, इशान पोरेल, मनदीप सिंह, जेम्स नीशाम, तजिंदर सिंह, क्रिस जॉर्डन, करुण नायर, दीपक हुड्डा, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मुजीब उर रहमान, सरफराज खान, शेल्डन कॉटरेल, मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी, दर्शन नालकंडे, निकोलस पूरण, क्रिस गेल, मुरुगन अश्विन, जगदीश सुचित, कृष्णप्पा गौथम, हार्डस विलजेन, सिमरन सिंह।

**राजस्थान रॉयल्स:** जोस बटलर, बेन स्टोक्स, संजू सैमसन, एंड्रयू टाई, कार्तिक त्यागी, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), अंकित राजपूत, श्रेयस गोपाल, राहुल तेवतिया, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय, महिपाल लोमरोर, ओशेन थॉमस, रियान पराग, यशस्वी जायसवाल, अनुज रावत, आकाश सिंह, डेविड मिलर, मनन वोहरा, शशांक सिंह, वरुण आरोन, टॉम कुरेन, रॉबिन उथप्पा, अनिरुद्ध जोशी और जोफ्रा आर्चर।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।

# राणा का अर्धशतक, केकेआर के पांच विकेट पर 172 रन



एजेंसी। दुबई

**सलामी** बल्लेबाज नितीश राणा के अर्धशतक की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 172 रन बनाए। राणा ने 61 गेंद की अपनी पारी में 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (26) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 21) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नाइट राइडर्स ने टीम ने अंतिम छह ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 75 रन जोड़े।

सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद शुभमन गिल (26) और राणा की जोड़ी ने टीम को उम्दा शुरुआत दिलाई। गिल ने दीपक चाहर की मैच की पहली दो गेंदों पर चौके के साथ शुरुआत की, जबकि राणा ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। गिल ने सैम कुरेन पर भी चौका जड़ा। राणा ने धीमी शुरुआत के बाद लुंगी एनगिडी का स्वागत चौके के साथ किया और फिर मिशेल सेंटनर की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। टीम ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 48 रन बनाए। गिल और राणा ने नाइट राइडर्स के लिए मौजूद सत्र की पहले विकेट की पहली अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की।

धोनी ने इसके बाद गेंद कर्ण शर्मा को थमाई और इस लेग स्पिनर ने अपनी दूसरी ही गेंद पर गिल को बोल्ड कर दिया। गिल ने 17 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। सुनील नारायण (07) ने कर्ण पर छक्के से खाता खोला लेकिन सेंटनर ने अगले ओवर में इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में बाउंड्री पर रविंद्र जडेजा को कैच दे बैठे।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी चेयरमैन पद ग्रेग का समर्थन कर सकता है भारत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन चुनाव में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सिंगापुर के इमरान ख्वाजा के बजाय न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले का समर्थन कर सकता है। भारत के शशांक मनोहर के इस साल जुलाई में दो कार्यकाल पूरे करने के बाद से ही यह पद खाली पड़ा है। बारक्ले और ख्वाजा चेयरमैन पद की दौड़ में शामिल केवल दो उम्मीद्वार है तथा 16 सदस्यीय आईसीसी बोर्ड को दिसंबर के पहले सप्ताह में इसके लिए मतदान करना है। निदेशक बोर्ड के बीच एकता प्रदर्शित करने के लिए अभी सर्वसम्मति से किसी उम्मीद्वार का चयन करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो इसकी पूरी संभावना है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ख्वाजा का समर्थन नहीं करेगा। आईसीसी बोर्ड में नए घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बीसीसीआई न्यूजीलैंड क्रिकेट के अधिक करीब और जो लोग भारतीय क्रिकेट बोर्ड में मायने रखते हैं वे इस पद के लिए बारक्ले को अधिक सुयोग्य मानते हैं। इसके अलावा ख्वाजा की नीतियां भी भारतीय क्रिकेट के अनुकूल नहीं हैं।

### बोस्टन मैराथन 2021 स्थगित

**बोस्टन।** अगले साल होने वाली बोस्टन मैराथन कोरोना वायरस महामारी के कारण स्थगित कर दी गई है। आयोजकों ने कहा कि अगले साल कम से कम दूसरे हाफ तक के लिए मैराथन स्थगित कर दी गई है। यह अप्रैल में होने वाली थी। आयोजकों ने कहा कि वे स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों से मिलकर अगली तारीखों पर विचार कर रहे हैं।

### काउटिन्हो-फेबिन्हो विश्वकप क्वालीफाइंग टीम से बाहर

**साओ पाउलो।** बार्सीलोना के मिडफील्डर फिलीपे काउटिन्हो और लीवरपूल के मिडफील्डर फेबिन्हो को चोट के कारण नवंबर में होने वाले विश्वकप क्वालीफाइंग मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने बुधवार को कहा कि काउटिन्हो की जगह लियोन के फारवर्ड लुकास पाकेटा को और फेबिन्हो की जगह एवर्टन के एलान को उतारा जाएगा। ब्राजील को 13 नवंबर को वेनेजुएला से और चार दिन बाद उरूग्वे से खेलना है। नेमार का भी इन दोनों मैचों में खेलना संदिग्ध है, जो ग्रोइन की चोट के कारण पेरिस सेंट जर्मेन के लिए चैंपियन्स लीग के मुकाबले नहीं खेल सके।

### मौरिस, पंड्या को मैच में तीखी बहस के लिए फटकार

**अबुधाबी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हरफनमौला क्रिस मौरिस और मुंबई इंडियन्स के हार्दिक पंड्या को आईपीएल मैच के दौरान तीखी बहस के लिए फटकार लगाई गई है। यह घटना मुंबई की पारी के 19वें ओवर की है जब पंड्या ने मौरिस की गेंद पर छक्का लगाकर उनकी ओर इशारा किया। मौरिस ने पांचवीं गेंद पर उन्हें आउट करके इशारा किया। मुंबई ने वह मैच पांच विकेट से जीता। आईपीएल की विज्ञप्ति के अनुसार दोनों ने आचार संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार की। विज्ञप्ति में कहा गया, आचार संहिता के उल्लंघन के लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य है।

### चैंपियन्स लीगः बार्सीलोना ने युवेंटस को हराया



**तूरिन ( इटली )।** लियोनेल मेस्सी की बार्सीलोना ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल के मुकाबले में युवेंटस को 2.0 से हरा दिया, लेकिन न तो इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में दर्शक थे और न ही युवेंटस टीम के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो खेले। रोनाल्डो कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस मैच से बाहर रहे। इससे मेस्सी और उनके बीच ग्रुच चरण का मुकाबला नहीं हो सका। बार्सीलोना के लिए उस्मान डेम्बेले और मेस्सी ने गोल दागे। वहीं मैनचेस्टर युनाइटेड ने लेइपजिग को 5.0 से हराया जिसमें मार्कस रैशफोर्ड ने हैट्रिक लगाई। चेलसी ने क्रास्नोडार को रूस में खेले गए मैच में 4.0 से मात दी। पेरिस सेंट जर्मेन, बोरूसिया डॉर्टमंड और सेविला ने भी अपने अपने मुकाबले जीते। पेरिस सेंट जर्मेन ने इस्तांबुल बासाकसेहिर को 2.0 से हराया। बोरूसिया ने रूस की चैंपियन जेनिट सेंट पीट्सबर्ग को 2.0 से मात दी।

# जयराम, शुभंकर सारलोरलक्स ओपन से बाहर, पृथकवास में

एजेंसी। सारब्रकेन (जर्मनी)

**भारत** के अजय जयराम और शुभंकर डे कोरोना पॉजिटिव पाए गए गत चैंपियन लक्ष्य सेन के पिता और कोच के संपर्क में आने के कारण सारलोरलक्स ओपन बैडमिंटन से बाहर होकर पृथकवास में है। 19 वर्ष के लक्ष्य पहले ही नाम वापस ले चुके हैं, जिनके पिता डी के सेन पॉजिटिव पाए गए। उनमें फिलहाल कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं।

विश्व बैडमिंटन महासंघ ने एक बयान में कहा, बीडब्ल्यूएफ इसकी पुष्टि करता है कि सरलोरलक्स ओपन 2020 से तीन खिलाड़ियों ने एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया है चूंकि वे कोरोना पॉजिटिव पाए गए उनकी टीम के एक सदस्य के संपर्क में थे। इसमें कहा गया, ये तीन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, अजय जयराम और शुभंकर डे टूर्नामेंट में आगे भाग नहीं लेंगे। तीनों खिलाड़ियों और टीम को पृथकवास में रखा गया है। टूर्नामेंट से पहले लक्ष्य, जयराम और डे नेगेटिव पाए गए थे। लक्ष्य और डे को पहले दौर में बाय मिला था जबकि जयराम ने पहले दौर का मुकाबला जीता था। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल बैडमिंटन कैलेंडर बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस महीने डेनमार्क ओपन के जरिए खेल की बहाली हुई है।

## पीसीबी ने कप्तानी मसले पर मुझसे चर्चा नहीं की : अजहर

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान अजहर अली ने गुरुवार को उन रिपोर्टों को महज अफवाह करार दिया, जिनमें कहा गया था कि वह अपना पद गंवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मसले पर अभी तक उनसे बात नहीं की।

पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने कहा था कि वह इसकी पुष्टि नहीं कर सकते हैं कि न्यूजीलैंड दौरे के लिए अजहर कप्तान बने रहेंगे या नहीं। इसके बाद ही कयास लगाए जा रहे थे कि अजहर की जगह बाबर आजम को टेस्ट टीम की भी कप्तानी सौंपी जा सकती है। अजहर ने कहा, पीसीबी ने अभी तक मुझसे इस बारे में चर्चा नहीं की और मुझे भी इस अफवाह के बारे में मीडिया से ही पता चला।

# धोनी 2021 में भी सीएसके के कप्तान रहते हैं तो कोई हैरानी नहीं होगी: गंभीर

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स और महेंद्र सिंह धोनी के बीच आपसी विश्वास का इतना अच्छा रिश्ता है कि वह इस साल खराब प्रदर्शन के बावजूद 2021 में टीम के कप्तान बने रह सकते हैं। तीन बार की चैम्पियन चेन्नई टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने में नाकाम रही और 12 में से आठ मैच हारकर आखिरी स्थान पर है।

गंभीर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि सीएसके को बनाने में मालिकों और कप्तान के बीच संबंधों का बड़ा हाथ है। उन्होंने एमएस धोनी को पूरी आजादी दी और उसे मालिकों से पूरा सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि यदि वे उसे बरकरार रखते हैं, तो मुझे हैरानी नहीं होगी। वह तब तक खेल सकता है, जब तक वह चाहे। हो सकता है कि अगले साल बदली हुई चेन्नई टीम के साथ वह कप्तान के रूप में नजर आए। गंभीर ने कहा कि मालिकों से इस तरह के सम्मान के वह हकदार हैं। उन्होंने कहा कि उसने जो टीम के लिए किया और टीम मालिकों ने उसे जो सम्मान दिया, वह शानदार रिश्ता है। हर टीम को अपने कप्तान के साथ ऐसे ही पेश आना चाहिए। उन्होंने कहा कि धोनी ने उन्हें तीन आईपीएल खिताब, दो चैंपियन्स लीग खिताब दिए और मुंबई इंडियन्स के बाद सबसे कामयाब टीम बनाया। सीएसके अगर धोनी को ही कप्तान रखती है तो यह उनका रिश्ता और आपसी विश्वास है। यही वजह है कि धोनी टीम के प्रति वफादार रहा। उसने अपना सब कुछ दिल, दिमाग, पसीना, रातों की नींद टीम को दी।

# आखिरी पांच ओवरों में मुंबई इंडियन्स ने की शानदार गेंदबाजी : विराट कोहली

एजेंसी। अबुधाबी



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने डैथ ओवरों में मुंबई इंडियन्स की गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी टीम मुकाबले में 20 रन पीछे रह गई। आरसीबी को बुधवार को छह विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद मुंबई ने पांच गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। आरसीबी के बल्लेबाज आखिरी पांच ओवर में 35 रन ही बना सके।

कोहली ने कहा कि आखिरी पांच ओवरों में अजीब सी बल्लेबाजी रही। हमारे शॉट सीधे उनके फील्डर के पास जा रहे थे। मैदान पर ऐसा होता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और आखिरी पांच ओवर में हम 20 रन पीछे रह गए। कोहली ने कहा कि आखिरी दो मैच जीतकर उनकी टीम शीर्ष दो में जगह बना सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जल्दी करती हैं तो कुछ गलत समय पर खराब खेल जाती है। अंकतालिका को देखें तो निचले हाफ की टीमें काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। हमें दो मैच और खेलने हैं और दोनों जीतकर हम शीर्ष दो में रह सकते हैं। मुंबई के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने नाबाद 79 रन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा, हालात जो भी हो, उसने बार-बार अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम में नहीं चुने जाने से वह काफी दुखी होगा लेकिन मुझे लगता है कि वह चयन के काफी करीब है। उन्होंने कहा कि मैं चीजों को बाहर से ही देख रहा हूं। उसने हमारी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और वह लगातार अपने बल्ले से ही जवाब दे सकता है। उम्मीद है कि वह हमारी खिताबी जीत का सूत्रधार बनेगा।

# युवाओं पर अनुभव को तरजीह देने से सीएसके का प्रदर्शन हुआ खराब : लारा

एजेंसी। नई दिल्ली

**वेस्टइंडीज** के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवाओं पर अनुभव को तरजीह देने से इस आईपीएल सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन खराब हुआ और अब उसे बाकी मैचों में युवा क्रिकेटरों को मौके देने चाहिए।

टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीमों में से एक चेन्नई अंकतालिका में सबसे नीचे है। दूसरी टीमें जहां युवाओं को मौके दे रही हैं, वहीं चेन्नई ने कोर टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए जिसकी वजह से अक्सर इसे बूढों की फौज भी कहा जाता रहा है। लारा ने कहा, चेन्नई टीम में काफी उम्रदराज खिलाड़ी हैं। युवा खिलाड़ी दिखते ही नहीं। विदेशी खिलाड़ी भी लंबे समय से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, इस टीम ने अनुभव को युवाओं पर तरजीह दी, लेकिन वह खराब प्रदर्शन का कारण रहा। लारा ने कहा, यह सत्र उनके लिए बहुत खराब रहा। हर बार टीम मैदान पर उतरती तो हम दुआ करते थे कि इस मैच से पासा पलट जाएगा। मैच दर मैच हम उम्मीद लगाए रहे कि धोनी अब टीम को जीत तक ले जाएंगे, लेकिन बस उम्मीदें ही रह गई।

# भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए युवा हरफनमौला ग्रीन आस्ट्रेलिया टीम में


एजेंसी। मेलबर्न



**भारत** के खिलाफ श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया ने युवा हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अपनी टी-20 और एक दिवसीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है जबकि बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन के चलते मोइजेस हेनरिक्स ने तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की। भारतीय टीम टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया में तीन वनडे (27 नवंबर, 29 नवंबर , दो दिसंबर) और तीन टी-20 (4, 6 , 8 दिसंबर) खेलेगी।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा, कैमरन का घरेलू फार्म शानदार रहा है। भविष्य के खिलाड़ी के रूप में उसके लिए यह श्रृंखला सीखने का मौका होगी। आस्ट्रेलिया ने सीमित ओवरों की टीम में बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को तरजीह दी है। ग्रीन का चयन तय ही माना जा रहा था। हाल ही में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने कहा था कि उन्होंने रिकी पोंटिंग के बाद पहली बार इतना प्रतिभाशाली क्रिकेटर देखा है। वहीं हेनरिक्स की कप्तानी में सिडनी सिक्सर्स ने बिग बैश लीग खिताब जीता। उनका स्ट्राइक रेट 150 के करीब था। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल हुए मिशेल मार्श के नाम पर विचार नहीं किया गया लेकिन वह टेस्ट श्रृंखला से पहले ये टीम में लौट सकते हैं।

**आस्ट्रेलिया वनडे और टी-20 टीमः** आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबोट, एश्टोन एगर, एलेक्स कारे, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, मोइजेस हेनरिक्स, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, डेनियल सैम्स, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ , मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।



# भारतीय टीम में चयन को बेताब हैं सूर्यकुमार: पोलार्ड

एजेंसी। अबुधाबी



**मुंबई** इंडियन्स के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच में शानदार पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उसके भीतर भारत के लिए खेलने की जबर्दस्त इच्छा है। सूर्यकुमार का आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन नहीं हुआ। इसे भुलाकर उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर मुंबई को पांच विकेट से जीत दिलाई।

पोलार्ड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यादव की पारी काफी उपयोगी थी। हम हमेशा शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों में से एक की बात करते हैं जो हमारे लिए पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाता है। सूर्यकुमार ने यह कई बार किया है। उन्होंने कहा, वह हमेशा अच्छा खेलना चाहता है और एक बार फिर उसने अपनी क्लास दिखाई है। वह भारत के लिए खेलने को बेताब है और लगातार अच्छा खेल रहा है। वह इतना ही कर सकता है। पोलार्ड ने अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि एक समय तो लगा था कि वे 190.200 रन बना लेंगे लेकिन हमने बेहतरीन वापसी की। आरसीबी को 164 रन पर रोकना सराहनीय रहा। बुमराह, बोल्ट, कृणाल सभी ने अच्छी गेंदबाजी की। यह जीत टीम प्रयासों का नतीजा रही।

## सूर्यकुमार ने हमसे मैच छीन लिया: कोच कैटिच


**अबुधाबी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मुख्य कोच साइमन कैटिच ने मुंबई के हाथों पांच विकेट से मिली हार के बाद कहा कि सूर्यकुमार यादव की पारी ने उनसे मैच छीन लिया। आरसीबी को छह विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियन्स ने सूर्यकुमार की 43 गेंद में 79 रन की नाबाद पारी के दम पर जीत दर्ज की। कैटिच ने मैच के बाद कहा कि सूर्य अच्छा खिलाड़ी है और टूर्नामेंट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। उसने इस मैच में तेजी से रन बनाए और युजवेंद्र चहल पर दबाव बना दिया। उन्होंने कहा कि एक समय उनका स्कोर 70 रन पर तीन विकेट था, लेकिन सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर दबाव हटाया और हमारे लिए मैच में वापसी मुश्किल कर दी। कैटिच ने कहा कि अच्छी शुरुआत के बाद वे 180 के आसपास का स्कोर सोच रहे थे लेकिन 13 गेंद में चार विकेट खोने से पारी का नक्शा बदल गया। उन्होंने कहा कि मुंबई ने हमें उन्नीस साबित कर दिया। लेकिन इस मैच का सकारात्मक पहलू देवदत्त पडीक्कल और जोश फिलीपे का प्रदर्शन रहा। हमारी शुरुआत शानदार थी, लेकिन बीच में जल्दी विकेट गंवाने से हम बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

# आस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनदेखी के बाद शास्त्री ने सूर्यकुमार से कहा, मजबूत रहो और धीरज रखो

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में जगह नहीं मिलने के बावजूद आईपीएल में 43 गेंद में 79 रन की नाबाद पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव से राष्ट्रीय कोच रवि शास्त्री ने मजबूत बने रहने और धीरज रखने का आग्रह किया है। घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद यादव को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की सीमित ओवरों की टीम में नहीं चुना गया।

30 वर्ष के यादव की 10 चौकों और तीन छक्कों की पारी के दम पर मुंबई ने आरसीबी को पांच विकेट से हराया। दुबई में मौजूद शास्त्री ने मैच के बाद ट्वीट किया, सूर्य नमस्कार। मजबूत रहो और धीरज बनाए रखो। जीत के बाद सूर्यकुमार ने अपना हेलमेट उतारकर ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया मानो कह रहे हों, मुझ पर भरोसा रखो, मैं जीत तक ले जाऊंगा। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ट्वीट किया, बंदे में है दम। इसमें कोई शक नहीं कि जल्दी नंबर आएगा। लगातार तीन शानदार सत्र। सूर्यकुमार यादव की लाजवाब पारी। चयन समिति के पूर्व प्रमुख क्रिस श्रीकांत ने ट्वीट किया, क्या पारी थी। पता नहीं भारतीय टीम में चुने जाने के लिए उसे और क्या करना है। उम्मीद है कि जल्दी ही भारतीय जर्सी में उसे देखेंगे। सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया, मुंबई के लिए अहम जीत। सूर्यकुमार की शानदार पारी। हमेशा की तरह धीर गंभीर। अभी बहुत कुछ हासिल करना है।

# घर पर बने ये उबटन देंगे दुल्हन के चहरे को प्राकृतिक निखार



चेहरे का प्राकृतिक निखार आपकी सुंदरता को बढ़ाने का काम करता हैं। हर दुल्हन चाहती हैं कि वह अपनी शादी में कम मेकअप करें और सिर्फ अपने चहरे के निखार से ही उनका आकर्षण बना रहें। आने वाले दिनों में शादियों का सीजन आने वाला हैं और दुल्हनों को अपने निखार की चिंता सताने लगी हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए घर के बने कुछ बेहतरीन उबटन लेकर आए हैं जो बिना किसी साइड इफेक्ट के आपको भी सुंदर, मुलायम और बेदाग त्वचा दिलाने में मदद करेंगे। इन्हें आजमाते ही आपको फर्क महसूस होने लगेगा और त्वचा को नई रंगत मिलेगी।

## हल्दी व नींबू

एक कटोरी में 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, जरूरतानुसार नींबू का रस मिलाएं। तैयार मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। 25 मिनट तक इसे लगा रहने दें।बाद में इसे ताजे पानी से धोएं। इससे चेहरे पर जमा धूल-मिट्टी देर हो पिंपल्स, दाग-धब्बे व झुर्रियां दूर होती है। साथ ही त्वचा पर जमा एक्सट्रा ऑयल रिमूव होगा।

## शहद, बेसन व ऑलिव ऑयल

एक कटोरी में 1 चम्मच शहद, 1 चम्मच बेसन, 2 चुटकी हल्दी और ऑलिव ऑयल की 5-6 बूंदें डालकर मिलाएं। तैयार उबटन को चेहरे व गर्दन पर 20 मिनट तक लगाएं। बाद में ताजे पानी से चेहरा धो लें। यह उबटन स्किन को गहराई से साफ कर ब्लीच का काम करेगा।

## खीरा व नींबू

एक कटोरी में खीरे और नींबू का रस बराबर मात्रा में लें। अब इसमें चुटकीभर हल्दी पाउडर डालकर मिलाएं। तैयार मिश्रण को सोने से पहले चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट के बाद इसे साफ कर लें। यह उबटन टोनर की तरह काम कर स्किन पोर्स को गहराई से साफ टेनिंग की समस्या भी दूर करेगा।

**हर दुल्हन चाहती है कि वह अपनी शादी में कम मेकअप करे और सिर्फ अपने चहरे के निखार से ही उनका आकर्षण बना रहे।**

## आंवला व चंदन

साफ और मुलायम त्वचा के लिए एक कटोरी में 1-1 चम्मच चंदन, आंवला पाउडर और चुटकीभर हल्दी मिलाएं। तैयार उबटन को चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। 15 मिनट या सूखने के बाद इसे गुनगुने पानी से धोएं। स्किन पर रूखापन महसूस होने पर जैतून तेल से मसाज करें।

## बेसन, दही और हल्दी

एक कटोरी में 1 चम्मच बेसन, 1 चम्मच दही और चुटकीभर हल्दी मिलाएं। तैयार उबटन को चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं। फिर इसे ताजे पानी से धोएं। इससे त्वचा नमी मिलने के साथ चेहरा सुंदर, मुलायम और ग्लोइंग नजर आता है।

## चंदन व दूध

झाइयों की समस्या दूर करने के लिए दूध और चंदन का उबटन लगाकर फायदेमंद रहेगा। इसके लिए एक कटोरी में 1 चम्मच चंदन पाउडर, चुटकीभर हल्दी और 1 चम्मच दूध डालकर मिलाएं। तैयार मिश्रण हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। फिर इसे ताजे पानी से साफ कर लें। इस उबटन से चेहरे पर पड़ी झाइयां व कालापन दूर हो चेहरा बेदाग नजर आता है।

## शहद व दूध

साफ, निखरी और ग्लोइंग स्किन के लिए दूध से तैयार उबटन लगा सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में 1-1 चम्मच दूध और शहद डालें। अब इसमें चुटकीभर हल्दी मिलाकर चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं। तय समय के बाद इसे गुनगुने पानी से साफ करें।

## बेसन व संतरा पाउडर

ग्लोइंग स्किन के लिए संतरे का उबटन फायदेमंद रहेगा। इसके लिए एक कटोरी में 1-1 चम्मच बेसन, संतरे के छिलकों का पाउडर, चुटकीभर हल्दी, 1 चम्मच दूध और 1 छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। तैयार मिश्रण को चेहरे पर मसाज करते हुए लगाएं। 15- 20 मिनट के बाद इसे ताजे पानी से धोएं।

## बादाम, पपीता व हल्दी

एक कटोरी में चुटकीभर हल्दी, 1-1 छोटा चम्मच बादाम व पपीता का पेस्ट मिलाएं। तैयार उबटन को चेहरे पर स्क्रब करते हुए लगाएं। 15-20 मिनट के बाद इसे ताजे पानी से साफ कर लें। इससे त्वचा की मृत कोशिकाएं साफ हो चेहरा बेदाग और खिला-खिला नजर आएगा।

# बेदाग व जवां त्वचा के लिए आजमाएं ये फेसपैक

**त्वचा** की खूबसूरती सभी को पसंद होती हैं जिसे पाने के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं। चेहरे की रंगत को निखारने के लिए बाजार में कई तरह के उत्पाद उपलब्ध हैं, लेकिन इनके साइड इफेक्ट भी कई हो सकते हैं। ऐसे में आप त्वचा के अनुसार घर के नुस्खों को आजमाए तो बेहतरीन रहता हैं।

**ग्लोइंग स्किन फेसपैक:** अनार के छिलकों से तैयार फेसपैक लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे, झाइयां, झुर्रियां व डार्क सर्कल दूर होते हैं। त्वचा गहराई से पोषित हो डेड स्किन साफ होने के साथ नई त्वचा आने में मदद मिलती है। साथ ही स्किन का पीएच लेवल बैलेंस हो गुलाबी निखार आने में मदद मिलती है। इसका फेसपैक बनाने के लिए एक कटोरी में 1 चम्मच अनार के छिलकों का पाउडर और 2 चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इसे 15 मिनट चेहरे पर लगाकर ताजे पानी से धोएं।

**ड्राई स्किन फेसपैक:** इसका फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले संतरे के छिलकों को धूप में सुखाएं। फिर उन छिलकों को मिक्सी में पीस कर पाउडर बना लें। अब एक कटोरी में 1 चम्मच संतरे के छिलकों का पाउडर, 1 चम्मच बेसन, 2 चम्मच दही मिलाएं। तैयार पेस्ट को स्क्रब की तरह लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ताजे पानी से चेहरा धोएं। यह त्वचा पर क्लींजिग की तरह काम करता है। ऐसे में दाग-धब्बे, झुर्रियां दूर होने के साथ स्किन इंफेक्शन से बचाव रहेगा। साथ ही ड्राई स्किन की परेशानी दूर हो चेहरा नेचुरली ग्लोइंग करेगा।

**एंटी-एजिंग फेसपैक:** सेब खाने में बेस्ट होने के साथ उसके छिलके भी बेहद



फायदेमंद होते हैं। एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर सेब के छिलके स्किन को गहराई से साफ कर सुंदर, ग्लोइंग और बेदाग निखार जगाने में मदद करते हैं। इसका फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले सेब के छिलकों को धूप में सुखाकर पाउडर तैयार करें। फिर 1 चम्मच सेब के छिलकों का पाउडर, 1 चम्मच ओट्स पाउडर और जरूरतानुसार दही मिक्स करें। तैयार फेसपैक को हल्के हाथों से मसाज करते हुए चेहरे व गर्दन पर 15- 20 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे ताजे पानी से धोएं। इससे स्किन गहराई से पोषित हो ग्लोइंग, मुलायम व बेदाग नजर आएगी।

**सनटैन रिमूवर फेसपैक :** टैनिंग को दूर करने के लिए पपीते के छिलकों से तैयार फेसपैक लगाना फायदेमंद होगा। यह त्वचा को गहराई से साफ कर स्किन रिपेयर करने का काम करता है। ऐसे में सनटैन की समस्या दूर हो चेहरा की रंगत निखरती है। इसका फेसपैक बनाने के लिए एक कटोरी में 1 चम्मच पपीते के छिलकों का पाउडर, आवश्यकतानुसार नींबू का रस मिलाएं। तैयार मिश्रण को टैनिंग वाली जगह पर 15 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे ताजे पानी से साफ कर लें।

# इस तरह करें ऑयली स्किन की देखभाल

**ऑयली टी-जोन की समस्या से छुटकारा पाने के लिए डबल क्लींजिंग एक बेहतर विकल्प है। इसमें दो अलग-अलग तरह के फेशियल क्लींजर को शामिल किया जाता है, जो आपके चेहरे की अच्छी तरह सफाई करने में मदद करता है।**

**देखा** जाता हैं कि कई महिलाओं को ऑयली स्किन के चलते परेशानी उठानी पड़ती और उनको टी-जोन अर्थात माथे, ठुड्डी और नाक के बीच अधिक मात्रा में ऑइल निकलता हैं। इस एरिया में रोम छिद्र बड़े होते हैं जिसके चलते यहां अधिक ऑयल उत्पन्न होता है। ऑयली होने के चलते मुंहासे और ब्लैकहेड्स बहुत तेजी से निकलते हैं। इसलिए आज हम आपके लिए कुछ ऐसे उपाय लेकर आए है जिनकी मदद से टी-जोन समस्या से छुटकारा पाया जा सकता हैं।

## डबल क्लींजिंग

ऑयली टी-जोन की समस्या से छुटकारा पाने के लिए डबल क्लींजिंग एक बेहतर विकल्प है। इसमें दो अलग-अलग तरह के फेशियल क्लींजर को शामिल किया जाता है, जो आपके चेहरे की अच्छी तरह सफाई करने में मदद करता है। सबसे पहले ऑयल-बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। यह मेकअप के साथ ही स्किन की गंदगी को हटाता है। इसके बाद वाटर-बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे आपका टी-जोन ऑयल फ्री हो जाएगा।

## प्राइमर का इस्तेमाल करें

मेकअप के दौरान फाउंडेशन से पहले चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल करना चाहिए। यह रोमछिद्रों को भर देता है और स्किन को स्मूद बनाता है। इसके अलावा यह ऑयली टी-जोन को भी सुरक्षित रखता है और रोमछिद्रों को बंद होने से बचाता है।

## सावधानी से चुनें अपना मेकअप प्रोडक्ट

अधिकांश मेकअप उत्पादों में कॉमेडोजेनिक तत्व होते हैं। ये वे तत्व हैं जो त्वचा के छिद्रों को अवरुद्ध करते हैं और बिना किसी कारणवश आपके ऑयली टी-जोन को और बदतर बना देते हैं। इसलिए, अपनी त्वचा को ड्राय बनाए रखने के लिए नॉन-कॉमेडोजेनिक इंग्रीडियंट वाले उत्पादों का ही चुनाव करें।

## ऑयल-फ्री मॉश्चराइजर यूज करें

स्किन को हेल्दी रखने के लिए चेहरे को मॉश्चराइज करना बहुत जरूरी है। त्वचा को मॉश्चराइज करने से सिबेसियस ग्लैंड एक्टिव रहता है और त्वचा में ऑयल संतुलित मात्रा में बनता है। इसलिए हमेशा ऑयल-फ्री या वाटर-बेस्ड मॉश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## टोनर का इस्तेमाल करें

स्किन के लिए टोनर काफी अच्छा माना जाता है। अधिकांश लोग टोनर का इस्तेमाल करना भूल जाते हैं। दरअसल, टोनर स्किन पर जमा गंदगी को गहराई से बाहर निकालता है। इससे आपकी स्किन ऑयली नहीं रहती है और चेहरे पर मुंहासे भी नहीं आते हैं।

## एक्सफोलिएट करें

अगर आपका टी-जोन ऑयली है, तो आपको ब्लैकहेड्स, व्हाइटहेड्स और ब्लेमिश की समस्या हो सकती है। इसके लिए एक्सफोलिएशन सबसे अच्छा माना जाता है। हफ्ते में एक दिन त्वचा को एक्सफोलिएट करें। इससे रोमछिद्रों के अंदर जमा ऑयल और गंदगी बाहर निकल आती है।

## साथ रखें ब्लॉटिंग पेपर

ऑयली स्किन वालों के लिए ब्लॉटिंग पेपर साथ में रखना बेहद जरूरी होती है। जब भी आपको लगे कि आपकी स्किन काफी ज्यादा ऑयली और चमकीली हो रही है, तो बैग से ब्लॉटिंग पेपर निकालें और उसे टी-जोन पर प्रेस कर लें।



# त्योहारी सीजन ब्राइट लिपस्टिक और स्मोकी आइज से खुद को बनाएं खास

**त्योहार** शुरू होने में अब बस कुछ समय बाकी है। ऐसे में हर कोई अलग और खास दिखना चाहती है। अधित बिजी रहने के कारण समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि इस सीजन में मेकअप का कौन सा ट्रेंड चल रहा है। रिश्तेदारों का आना जाना लगा ही रहता है ऐसे में बिना मेकअप रहना सही नहीं है। आज हम आपको बताएंगे कि आप किस तरह के टिप्स को अपनाकर अपने त्योहारों को सुंदर और खूबसूरत बना सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आपकी सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे।

## त्योहार में दिखें आपकी आंखें स्मोकी

त्योहार के सीजन में आप डार्क आई मेकअप के जरिए आंखों को और ज्यादा खूबसूरत औकर बोर्ड दिखा सकती हैं। इस सीजन मेकअप आर्टिस्ट भी आंखों को अलग लुक देने के लिए आई मेकअप के स्मोकी स्टाइल को अपना रहे हैं। सबसे पहले अपनी आंखों को क्लीन करें। उसके बाद आईशैडो के लाइट कलर के शेड को लें और उसका अच्छी तरह से इस्तेमाल करें। ध्यान रखें अगर यह शेड पीले रंग का होगा तो आपकी आंखें ज्यादा चमकदार नजर आएंगी। अब आप आईशैडो के गोल्डन शेड लें और अपनी आंखों की आधी आईडी पर ब्लशर की मदद से धीरे धीरे लगाएं। अब एकदम गहरा आईशैडो लें और उसे पूरी पलकों पर लगा दें। अंत में अक्का ग्रीन या स्काई ब्लू आईशैडो लेकर पलकों के आधे हिस्से को हाइलाइट करें और आइब्रो पेंसिल लगाना न भूलें। ध्यान रहे अगर आंखें बड़ी हो तो आर्टिफिशियल आईलैशेस का न लगाएं। अकसर लोगों से ऐसी भूल हो जाती है। क्योंकि इसका इस्तेमाल करने से आंखें ज्यादा उभर जाती हैं। अगर आप ड्रेस से मैच करता हुआ मस्कारा लगाएंगी तो आप ज्यादा अच्छी नजर आएंगी। आंखों का मेकअप अगर फैल गया हो तो घबराए नहीं इयर बड की मदद से साफ कर सकती हैं। और फिर से ट्राई कर सकती हैं।



## ब्राइट लिपस्टिक का करें चयन

ब्राइट लिपस्टिक के कलर की बात करें तो आप ऑरेंज, रेड, ब्राउन आदि का चयन कर सकती हैं। आजकल ज्यादातर ब्यूटी एक्सपर्ट लिपस्टिक में इन्ह कलर्स का इस्तेमाल करते हैं। लिपस्टिक लगाने से पहले लिप पेंसिल से आउटलाइन करना न भूलें। फिर उसके बाद आप टोन लाइट कलर की लिपस्टिक को चुनें।अब आप लिप ग्लॉस से टच भी दें। इससे आप आकर्षक नजर आएंगे। अगर लिपस्टिक गलती से फैल जाए तो उसे कॉटन से साफ करें।

## चीक्स पर निखार लाना है जरूरी

आप सबसे पहले अपने चेहरे पर क्लींजिंग, टोनिंग और मॉयस्चराइजर करें। अब इसे बाद लिक्विड फाउंडेशन या बीवी प्लस क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। अब आप चेहरे पर लगी क्रीम को स्पंज की मदद से अच्छी तरह फैलाएं। अब चीक्स पर पिंक शेड या लाइट शेड लगाएं। ब्राउन शेड अब चीकबोन पर फैलाएं। ध्यान रखें कि चेहरे के सभी हिस्सों पर फाउंडेशन या बीबी क्रीम को अच्छी तरह लगाना जरूरी होता है।

## हेयर स्टाइल का परफेक्ट होना जरूरी

हेयर स्टाइल हमेशा पार्टी के माहौल और ड्रेस के अनुसार बनाना जरूरी होता है। त्योहारों में ज्यादातक लोगों को हेयर स्टाइल में खुले बाल छोड़ने सही लगते हैं।

**कुछ महिलाएं वैक्सिंग से पहले बर्फ का इस्तेमाल करती हैं। उन्हें लगता है कि इससे स्किन सुन्न हो जाएगी और वैक्सिंग का दर्द काफी कम होगा, लेकिन त्वचा पर कुछ भी लगाने खासतौर से बर्फ का इस्तेमाल करने से पोर्स टाइट हो जाते हैं। जिससे वैक्सिंग के दौरान दर्द अपेक्षाकृत काफी अधिक होता है।**



# वैक्सिंग करते हुए नहीं होगा दर्द, अगर अपनाएंगी ये टिप्स

**अपनी** स्किन का ख्याल रखने के लिए हम सभी वैक्सिंग करवाती हैं। यूं तो बॉडी हेयर को रिमूव करने के लिए कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन फिर भी महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं, क्योंकि इसके जरिए आप इनग्रोथ हेयर को भी आसानी से रिमूव कर पाती हैं और आपकी स्किन अधिक स्मूद लगती है। वैक्सिंग करते हुए कुछ महिलाओं को बेहद दर्द होता है। हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही होता हो।

**चुनें सही प्रोफेशनल:** यह एक छोटी सी टिप है, लेकिन इससे आप होने वाले दर्द को काफी हद तक कम कर सकती हैं। आप यूं ही किसी भी सैलून या पार्लर में वैक्सिंग करवाने से बचें। बेहतर होगा कि आप पहले थोड़ा रिसर्च कर लें और एक सही प्रोफेशनल को चुनें। अगर आप ऐसा करने में सक्षम हो जाती है तो प्रोफेशनल सही तकनीक का इस्तेमाल करेगा और आपको बेहद कम दर्द होगा।

**बॉडी स्क्रब का करें इस्तेमाल :** स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि वैक्सिंग से पहले स्किन को स्क्रब करना एक अच्छा आइडिया है। दरअसल, जब आप ऐसा करते हैं तो इससे डेड स्किन सेल्स निकल जाते हैं और जब बालों के रोम के आसपास की डेड स्किन बाहर निकल जाती हैं तो इससे हेर्यस को निकालना काफी आसान हो जाता है।

**टोनर का न करें यूज :** स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि टोनर या एस्टिजेंट पोर्स को टाइटन करता है और बालों के रोम पर पकड़ को मजबूत बनाते हैं। ऐसे में टोनर के इस्तेमाल के बाद वैक्सिंग करवाना बेहद दर्दनाक हो जाएगा।

**बर्फ का न करें इस्तेमाल :** स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, कुछ महिलाएं वैक्सिंग से पहले बर्फ का इस्तेमाल करती हैं। उन्हें लगता है कि इससे स्किन सुन्न हो जाएगी और वैक्सिंग का दर्द काफी कम होगा। लेकिन त्वचा पर कुछ भी लगाने खासतौर से बर्फ का इस्तेमाल करने से पोर्स टाइट हो जाते हैं। जिससे वैक्सिंग के दौरान दर्द अपेक्षाकृत काफी अधिक होता है।

**कैफीन से रहें दूर :** स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप वैक्सिंग की अपॉइटमेंट हैं तो आप बहुत अधिक कैफीन का सेवन ना करें। इससे आपकी स्किन वैक्सिंग के लिए अधिक सेंसेटिव हो जाती है। इसके बजाय, अपने शरीर और त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए ढेर सारा पानी पिएं।

**यहां न करें वैक्सिंग :** जब आप वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि आप कहां वैक्सिंग करवा रही हैं। मसलन, सनबर्न स्किन, मोल्स, कट्स या पिंपल्स पर वैक्सिंग की कोशिश न करें। इन जगहों पर वैक्सिंग करवाना न केवल खतरनाक है, बल्कि इससे आपको बहुत तेज दर्द होगा।